आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 342, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 18
स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 17

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली




नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।

विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 12 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया।वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।






### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कर्ट्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### उड़ान संचालन के लिए उठाए जा रहे हैं कदम : नायडू

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।

## एक नजर

### ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ प्राथमिकी

नई दिल्ली : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है।

### हरिद्वार में भी पहचान करनी होगी उजागर

**हरिद्वार।** उप्र की तर्ज पर कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में भी ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को अपनी पहचान उजागर करनी होगी। कांवड़ मेले में कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे या रेहड़ी, ठेली का संचालन नहीं कर सकेगा। ऐसे व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान पर प्रोपराइटर का नाम, क्यूआर कोड व मोबाइल नंबर अंकित करना होगा। मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ मार्ग व कांवड़ पटरी पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रहेगी।

### वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

लखनऊ। वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। बताया कि वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

## अत्याधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है कैंसर ट्रेन : योगी



प्राकृतिक खेती पर आधारित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को राम मंदिर का प्रतीक चिह्न देते प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, साथ मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले, हरित क्रांति से कृषि उत्पादन बढ़ना आधा सच
- फर्टिलाइजर का जहर घुस रहा हमारी धमनियों में

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र यह हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर यह अधूरा सच है।

आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है। यह दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एक होटल में आयोजित प्राकृतिक खेती पर आधारित भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। हमें 17वीं व 18वीं सदी के देश के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाली उत्पादन दर को भी देखना होगा, जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गोवंश अचानक मर गए, जब वहां विशेषज्ञ भेजे गए तो पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला हुआ था, इस कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गोवंश अत्याधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

### प्राकृतिक खेती करने वालों को देंगे सब्सिडी : शिवराज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है।

## असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी



- मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है।

2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी जो कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का लगभग 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है... यह हिमंत विश्व शर्मा का डेटा नहीं है, बल्कि भारतीय जनगणना का डेटा है। ये सभी प्रकाशित डेटा हैं। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।

## गोंडा-गोरखपुर के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू

**लखनऊ :** बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर गोंडा स्टेशन से लगभग 19 किमी. दूर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया था। अप लाइन पर पहली मालगाड़ी झिलाही से शाम 5 बजकर 9 मिनट पर चलाई गई। बाद में काशन लगाकर गोरखधाम एक्सप्रेस को लखनऊ रवाना किया गया। शाम छह बजे के बाद की गोरखपुर से लखनऊ की ओर आने वाली ट्रेनों का डायवर्जन को निरस्त कर दिया। शुक्रवार रात करीब 10 बजे तक गोंडा-गोरखपुर सेक्शन की डाउन लाइन को भी ठीक कर लिया गया व संचालन भी शुरू कर दिया गया है।

## एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ और आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एससीआर में लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल, शासन ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर प्रदेश में लखनऊ व आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) घोषित कर दिए गए। इसमें छह जिलों को शामिल किया गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को शासनादेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव आवास डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से जारी आदेश के अनुसार, लखनऊ व आस-पास का क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र होगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र कहा जाएगा। इसमें लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल किए गए हैं। इस क्षेत्र के संबंध में एक प्राधिकरण का गठन किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण कहा जाएगा। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे, जबकि मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। अपर मुख्य सचिव आवास, वित्त, नियोजन, विधि, राजस्व, नगर विकास, पंचायती राज, कृषि, पर्यटन, वन, ग्रामीण विकास, सिंचाई परिवहन आदि विभागों के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसके सदस्य होंगे।

### एससीआर का दायरा 27,826 वर्ग किमी होगा

राज्य राजधानी क्षेत्र का दायरा 27,826 वर्ग किलोमीटर होगा। इसमें लखनऊ 2528 वर्ग किलोमीटर, हरदोई 5986 किलोमीटर, सीतापुर 5743 किलोमीटर, उन्नाव 4558 किलोमीटर, रायबरेली 4609 किलोमीटर व बाराबंकी 4402 किलोमीटर होगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र घोषित होने के बाद इस क्षेत्र का व्यापक स्तर पर विकास किया जाएगा।

## स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार, 27 अगस्त तक हों पेश

लखनऊ, विधि संवाददाता



- संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर लिया। हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

## चुनावी रंजिश में युवक की ली जान

**परसपुर(गोंडा)।** नगर निकाय के चुनाव की रंजिश में शुक्रवार को परसपुर कस्बे में दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर एक ही युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में घायल युवक की मौत हो गई।

परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह ने नगर निकाय के चुनाव में सभासदी का चुनाव लड़ा था। हालांकि इस चुनाव में वह अपने प्रतिद्वंदी उदयभान सिंह उर्फ लल्लन से चुनाव हार गए थे। इसी चुनावी रंजिश को लेकर शुक्रवार की दोपहर उज्जैन उदयभान ने अपने कई सहयोगियों के साथ ओमप्रकाश के घर पर धावा बोल दिया था।

## कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर लिखना होगा संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार ने लिया फैसला, अफसरों को लागू करने के निर्देश

**अमृत विचार :** पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसे सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये गये हैं। इस बीच, राजनीतिक दलों ने इसका सख्त विरोध किया है।

शासन के सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कावड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि बैठक के बाद शासन के अधिकारियों की ओर से कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया गया। हालांकि, शासन की ओर से इस सिलसिले में कोई औपचारिक आदेश-निर्देश जारी नहीं किया गया है। निर्देश के तहत यात्रा मार्ग पर हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। उधर, बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि सरकारी निर्देश धर्म विशेष के लोगों का बायकाट करने का निदंनीय प्रयास है।

## राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

### पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश



- राज्यपाल पर छेड़छाड़ करने तथा अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।

### राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। महिला याचिकाकर्ता ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को तय करना है कि क्या पीड़िता के पास राहत पाने का कोई उपाय नहीं है, जबकि एकमात्र विकल्प आरोपी के पद छोड़ने तक इंतजार करना है। सुनवाई के दौरान यह देरी अतार्किक होगी और पूरी प्रक्रिया दिखावा बनकर रह जाएगी। इससे पीड़िता को कोई न्याय नहीं मिलेगा।

## एक नजर

### भारत पेट्रोलियम के मैनेजमेंट में चयनित होकर बनघुसरा की बेटी ने किया नाम रोशन

तारुन अयोध्या। विकास खंड तारुन के गांव बनघुसरा के स्वर्गीय चौधरी राम अचल यादव की पोती शिवानी यादव का चयन भारत पेट्रोलियम में मैनेजमेंट ट्रेनी सीएसआर ग्रुप ए1 के पद पर हुआ है। शिवानी यादव अब तक इतने बड़े पद पर पहुंचने वाली ग्राम सभा बेलगरा की पहली बेटी बन गयी हैं। बड़े पिताजी स्वर्गीय बाबूराम यादव, चाचा घिर्राऊ यादव और पिता हरीराम यादव सभी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2022 में इनका चयन टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई के लिए हो गया। मास्टर आफ सोशल वर्क (कम्युनिटी आर्गनाइजेशन एंड डेवलपमेंट प्रेक्टिसेज) की पढ़ाई पूरी करने के पश्चात इनका चयन भारत पेट्रोलियम में मैनेजमेंट ट्रेनी सीएसआर) ग्रुप ए1 के पद पर हो गया। शिवानी खालसा ओमेन कालेज, लुधियाना में गर्ल्स बटालियन एनसीसी की अंडर अफसर भी रह चुकी हैं। इन्होंने एनसीसी और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई में रहते हुए कई मेडल और पुरस्कार भी जीते हैं।

# जीवन सुरक्षा के लिए करें श्रीअन्न का प्रयोग

## कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य संसद का उद्घाटन, स्वस्थ भारत स्मारिका का हुआ विमोचन

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्वस्थ भारत के नौवें स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय स्वास्थ्य संसद का शुभारंभ हुआ। अमृतकाल में भारत का स्वास्थ्य एवं आहार परंपरा विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री डॉ. खादर वली मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया, सभापति स्वास्थ्य संसद, कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद डा. आरके सिन्हा, अयोध्या मेयर महंत गिरिशपति त्रिपाठी और आयुर्वेदाचार्य डॉ. हितेश चंद्र ने जल भरो कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया।


कृषि विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य संसद का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. खादर वली ने कहा कि हमारे शरीर में बीमारियों का मूल कारण आहार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारे शरीर में एक साथ कई बीमारियां हैं। आज के समय में मनुष्य स्वास्थ्य के लिए नहीं बल्कि अस्पताल के लिए कार्य कर रहा है। डॉ. वली ने कहा कि अगर मनुष्य स्वस्थ रहेगा तो उसे अस्पताल में जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को सही रखना है तो चावल और गेहूं छोड़ना होगा और श्रीअन्न को अपनाना होगा। स्वास्थ्य संसद के सभापति कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि मिलेट्स का महत्व सिर्फ स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का भी हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कृषि विवि द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर बड़े पैमाने पर मोटे अनाज की खेती हो रही है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इम्युनिटी सिस्टम और संतुलन को सही रखना होगा।

**आयोजन**

**▸▸ शाम के समय भोजन नहीं करें पौष्टिक आहार का करें प्रयोग**

मेयर महंत गिरिशपति त्रिपाठी ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शाम के समय भोजन नहीं करें और पौष्टिक आहार का प्रयोग करें। आयुर्वेदाचार्य डॉ. हितेश चंद्र ने कहा अन्न को ही ब्रह्म मानकर प्रकृति के अनुसार ग्रहण करें। इससे पहले विश्वविद्यालय की छात्राओं ने कुलगीत की प्रस्तुति दी और डॉ. मीनाक्षी पांडेय ने मंगला चरण गाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। मनीषा के मिलेट सांग "रहना है अगर निरोग तो खाओ श्रीधान्यम" ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर स्वस्थ भारत स्मारिका का विमोचन किया गया। कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह का अहम योगदान रहा। सभी अतिथियों का स्वागत संबोधन स्वस्थ संसद के चेयरमैन आशुतोष कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अल्का सिंह ने किया। संचालन वरिष्ठ कवि एवं गीतकार मनोज सिंह 'भावुक' ने किया।

# निर्वाचन व सहायक निर्वाचन अधिकारियों की हुई तैनाती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव को लेकर ब्लॉक वार निर्वाचन और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती कर दी गई। इसके साथ ही ब्लॉक मुख्यालयों से नामांकन फार्मों की बिक्री शुरू कर दी गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने निर्वाचन और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती की है। मसौधा का निर्वाचन अधिकारी खंड विकास अधिकारी बीकापुर हरिश्चंद्र सिंह और एआरओ बाल विकास परियोजना अधिकारी दिनेश कुमार, मयाबाजार के बीडीओ अनुराग सिंह को सोहावल का आरओ, जेई लघु सिंचाई नरेंद्र कुमार मौर्य को एआरओ, बीकापुर ब्लाक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय नाथ गुप्ता को आरओ, जेई सिंचाई खंड श्री पाल को एआरओ, तारुन ब्लाक के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी को आरओ, जेई सिंचाई खंड अंकित पांडेय, हैरिंग्टनगंज ब्लाक के लिए बीडीओ हैरिंग्टनगंज अखिलेश मिश्र को आरओ, एडीओ बीकापुर बद्रीनाथ पांडेय को एआरओ, बीडीओ रुदौली अखिलेश कुमार गुप्ता को अमानीगंज का आरओ, एसडीओ नलकूप खंड नेबू लाल को रुदौली का आरओ, मवई के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र को आरओ, मिल्कीपुर ब्लाक के लिए जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि पाल सिंह को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती के साथ ही ब्लॉक मुख्यालयों से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू कर दी गई है।

**उपचुनाव**

**▸▸ ब्लॉक मुख्यालय पर शुरू हो गई नामांकन पत्रों की बिक्री**

# अधर में फंसी किसान समृद्धि कार्ड योजना

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी किसान समृद्धि कार्ड योजना का श्री गणेश इस सप्ताह भी विकास खंड में नहीं हो पाया। गांव में किसान कैंप लगने की प्रतीक्षा करते रहे तो कैंप के आयोजन कर्ताओं को शासन से मिलने वाली आईडी और पासवर्ड का इंतजार रहा जो पूरा नहीं हो सका। अब इसके 27 जुलाई तक मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

क्षेत्र का दुर्भाग्य कहें या प्रशासनिक मशीनरी की उपेक्षा कोई भी सरकारी योजना विकास खंड स्तर पर समय से शुरू नहीं हो पाती। तहसील के ही विकास खंड मसौधा को योजना शुरू करने हेतु आईडी पासवर्ड मिले पखवारा भर होने को है। यहां के किसान अपनी खतौनी और आधार को लिंक कराते हुए रजिस्ट्री कराने में लगे हैं इनका कार्ड पंजीकरण पूरा हो रहा है। इसी तहसील के दूसरे विकासखंड सोहावल को अभी आईडी और पासवर्ड का इंतजार है। कैंप के आयोजन में जाने वाले कृषि अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, राजस्व से जुड़ा क्षेत्र लेखपाल तीनों इस योजना से दूर है। कहते हैं योजना की जानकारी है लेकिन अभी किसी गांव के कैंप की रूपरेखा नहीं मिली है। अगले सप्ताह तक गांव गांव कैंप शुरू होने की उम्मीद है। इस रजिस्ट्री और पंजीकरण के बाद ही किसान सम्मान निधि की अगली किस्त किसानों को हासिल होने की बात कही जा रही है।

**▸▸ सोहावल को अब तक नहीं मिला आईडी पासवर्ड, इस सप्ताह भी नहीं हो सकी शुरूआत**

> सोहावल ब्लाक का अभी आईडी पासवर्ड नहीं मिली है। इसलिए कैंप नहीं शुरू हो पाए हैं। 27 जुलाई तक मिलने की उम्मीद है। कुछ ब्लाक की आईडी पासवर्ड जारी हो गई है। वहां किसान पंजीकरण चल रहा है। **-अरविंद सिंह, तकनीकी प्रबंधक**

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन लिये जायेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत खेलकूद, बहादुरी, सोशल साइंस, विज्ञान व तकनीकी पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को दिया जायेगा। डीआईओएस डॉ राजेश कुमार आर्य ने बताया कि जिनकी उम्र 31 जुलाई को 18 वर्ष पूरी हो, उनको वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले स्तर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की गाइड लाइन की अधिक से अधिक बच्चों एवं उनके अभिभावकों तक जानकारी देने, पात्र बच्चों को नामांकन के लिए प्रोत्साहित करने, आवेदन में आने वाली समस्या का निस्तारण करने आदि के लिए राजकीय बालिका इंटर की प्रधानाचार्या कंचनलता मिश्रा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# भरत कुंड : सरकारी भूमि पर कब्जे की जांच शुरू

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार :** भरत जी तपोभूमि नंदीग्राम भरत कुंड पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर बनाए गए मकानों व दुकानों की जांच सोहावल तहसील प्रशासन ने शुरू कर दिया है। भरत जी के आराध्य व अयोध्या राज घराने की कुलदेवी कालिका देवी मंदिर मार्ग संकरा होने पर भी मंथन किया गया। नंदीग्राम क्षेत्र की समस्त सरकारी जमीनों व पर्यटन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे की जांच के लिए भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर के दक्षिण मुखी भरत गुफा मंदिर परिसर में संतों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता भी हुई।

शुक्रवार सायंकाल करीब 5 बजे सोहावल तहसील के राजस्व कर्मियों के साथ उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी भरतकुंड पहुंचे। जहां ऐतिहासिक पौराणिक कैकई सरोवर सहित अन्य धार्मिक स्थलों को देखा और मौके की स्थिति का जायजा लिया। भरतकुंड पर अवैध कब्जा सहित सरोवर में गंदगी की शिकायत करने वाले श्री भरत हनुमान मिलन मंदिर व दक्षिण मुखी भरत गुफा के महंत परमात्मा दास के साथ बैठक कर वार्ता किया। उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यहां अतिक्रमण प्रतीत होता है। शिकायत कर्ता सहित अन्य से पूछताछ में पर्यटन की भूमि सहित सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर मकान दुकान बनाए जाने की जानकारी मिली। इसके लिए टीम गठित की जाएगी और अवैध कब्जे हटवा कर सरकारी जमीन खाली कराई जाएगी। एसडीएम ने यह भी बताया कि अयोध्या राजघराने की कुलदेवी कालिका मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण होगा। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर बनाए गए दुकान मकान हटवाए जायेंगे।


भरतकुंड में जांच करते सोहावल एसडीएम अशोक कुमार सैनी। अमृत विचार

**▸▸ कब्जा कर मकान या दुकान बनाने वालों के विरुद्ध दर्ज होगा मुकदमा : एसडीएम**

## केयरटेकर से पूछा, कहां गायब हो गए 43 गोवंश

मसौधा, अयोध्या। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा क्षेत्र के राजपुर माफी गांव में स्थित गौशाला की शुक्रवार देर शाम करीब 7 बजे एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी द्वारा की गई जांच के दौरान 43 गोवंश का पता नहीं चल सका। ना ही गौशाला पर केयरटेकर के रूप में लगाया गया कर्मचारी कुछ बता पाया। एसडीएम सोहावल ने कहा कि यदि तीन दिन के अंदर गायब हुए 43 गोवंश के बारे में पता नहीं लगा तो जिम्मेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होगी। अशोक कुमार सैनी ने गौशाला में गोवंश की उपस्थिति संख्या के लिए केयरटेकर रामचंद्र यादव से रजिस्टर मांगा और डिटेल ब्यौरा की जानकारी चाही। जांच में पता चला कि गौशाला में 147 जानवर गोवंश हैं। तत्पश्चात एसडीएम ने गिनती कराई जिस पर 104 गोवंश ही पाए गए। 43 गोवंश के बारे में केयरटेकर से जब पूछताछ की गई तो वह हक्का-बक्का रहा और सिर्फ इतना ही बताया कि साहब हमें पता नहीं है। खाद्यान्न मानक के अनुरूप नहीं दिया जा रहा है इसके लिए जांच कमेटी गठित की जाएगी।

# राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज में रोजगार मेला आज



**अयोध्या। अमृत विचार:** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर आदि के संयुक्त तत्वावधान में 20 जुलाई को 10 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित तकनीकी/गैर तकनीकी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक और आईटीआई है, वह प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। रोजगार मेला आईडी-10423 पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं। यह जानकारी निदेशक सेवायोजन अयोध्या मण्डल कार्यालय ने दी ।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का आधार बनाने को मिलीं 50 में से 32 मशीनें खराब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आधार बनाने के लिए शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा परिषद ने जिले के सभी ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) पर दो-दो मशीनें उपलब्ध कराई थीं। इसमें दो लैपटॉप, प्रिंटर और थंब और आई स्कैनर किट शामिल है। इस योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी। इनके संचालन के लिए विभागीय कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। चालू शैक्षिक सत्र में 14751 विद्यार्थियों का आधार कार्ड अभी तक नहीं बन सका है। आधार कार्ड बनाने के लिए 50 मशीनों में से 32 मशीनें खराब पड़ी हुई हैं।

बताया जा रहा है तकनीकी खामियों के आने से अभी तक 14751 बच्चों का आधार लंबित है। इन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पाया है। बीआरसी पर बच्चों का आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, विभाग के पास 8473 अभिभावकों के आधार कार्ड उपलब्ध नहीं पाए हैं। इससे डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम के तहत यूनिफार्म और जूता मोजा का पैसा भेजने में समस्या आ रही है। बता दे कि जिले में कुल 1792 परिषदीय विद्यालयों में करीब ढाई लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत है इनमें अभी तक केवल 79 हजार बच्चों के अभिभावकों के खाते में जूता मोजा और ड्रेस की धनराशि भेजी गई है। इधर बीस दिनों से आनलाइन हाजिरी के विरोध को लेकर और भी संकट छाया हुआ है। बताया जाता है कि अभिभावक बीआरसी के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन वहां कोई मिलता ही नहीं। मशीनों की खराबी की जानकारी विभाग को भी है लेकिन आन्दोलन के कारण कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शिक्षक भी बहिष्कार पर अड़े हुए हैं इसलिए विभागीय कार्यों से कन्नी काट ली है केवल शिक्षण की औपचारिकता निभाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि अधिकतर बीआरसी पर रख रखाव के अभाव में इन मशीनों की यह गति हुई है। 16417 बच्चों का डाटा रुका हुआ है। 2 लाख 75 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें 2 लाख 31 हजार का डाटा सत्यापित किया जा चुका है जबकि 16427 लंबित हैं।



> खराब मशीनों को जिला मुख्यालय मंगा लिया गया है। शीघ ही इन्हें ठीक करा बीआरसी भिजवा दिया जायेगा। सभी बच्चों का आधार कार्ड बनाया जायेगा डीबीटी योजना से कोई वंचित नहीं होगा। **-संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

## नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**गोसाईगंज अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र बंधनपुर गांव स्थित नहर में शुक्रवार को संदिग्ध हालात में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की पहचान का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार दोपहर कुछ लोग नहर की तरफ गए तो वहां का दृश्य देखकर सन्न रह गए। एक युवक वहां पड़ा हुआ था। इसी बीच आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर गोसाईगंज पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। वहां पर स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकालवाया। पुलिस ने शव की पहचान का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। गोसाईगंज थाना कोतवाल परशुराम ओझा ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कस्तूरबा विद्यालयों में बनेगा छात्रावास और शैक्षणिक भवन

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में संचालित पांच कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में छात्रावास और शैक्षणिक भवन के निर्माण की के लिए शासन ने कुल 17.55 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। योजना को धरातल पर उतारने के लिए कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी विद्यालयों में निर्माण कार्य पूरा कर लेने के लिए एक वर्ष की मियाद तय की गई है।

जिले में आवासीय सुविधा युक्त कुल 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कक्षाओं के सुचारु संचालन व इन कक्षाओं में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छात्रावास और शैक्षणिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। योजना के तहत बीकापुर विधानसभा क्षेत्र स्थित बीकापुर, मया बाजार व तारुन, रुदौली विधानसभा के मवई व मिल्कीपुर विधानसभा के हैरिंगटनगंज के कस्तूरबा विद्यालयों में छात्रावास और शैक्षणिक भवन निर्माण के लिए प्रत्येक को 3 करोड़ 51 लाख का बजट दिया गया है। रुदौली, अमानीगंज, सोहावल व मिल्कीपुर क्षेत्र के चार विद्यालयों में पहले ही काम पूरा हो चुका है।

> जिले में संचालित 10 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में से पांच में उच्चीकरण के तहत छात्रावास और शैक्षणिक भवन निर्माण के लिए योजना पर कार्य शुरू कराया गया है। इससे बालिकाओं को सुविधा हासिल होगी। **- संतोष कुमार राय, बीएसए**

> पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में छात्रावास और शैक्षणिक भवन निर्माण का जिम्मा मिला है। प्रत्येक विद्यालय में निर्माण पर 3.51-3.51 करोड़ रूपये खर्च होंगे। जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। **- फुरकान अली, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।**

## सार-संक्षेप


महंत संजय दास के नेतृत्व में हनुमानगढ़ी के संतों ने नव नियुक्त निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्री महंत और महासचिव का किया स्वागत।

### निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्री महंत और महासचिव का स्वागत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्री महंत हरिद्वार पट्टी के महत्व मुरली दास के नियुक्त किए जाने को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया है प्रयागराज में कुंभ मेले की व्यवस्था को लेकर आवश्यक बैठक के दौरान पूर्व महंत धर्मदास ने कार्यकाल पूरा होने पर महंत मुरली दास को श्री महंत के पद पर नियुक्ति होने की बधाई दी। वहीं इस बैठक में अनी अखाड़ा के महासचिव के रूप में सत्यदेव दास और नंदराम दास नवनियुक्त हुए। शुक्रवार को यहां पहुंचे श्री महंत और महासचिव का हनुमानगढ़ी पर संतों ने स्वागत किया गया। निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरलीदास ने कुंभ मेला की बैठक में शामिल होने के बाद अयोध्या लौटने पर हनुमानगढ़ी स्थित महंत ज्ञानदास के आश्रम में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रयागराज कुंभ मेला 2025 में छह करोड़ भक्त स्नान करने की संभावना है। अभी तक शाही स्नान की तिथियां तय नहीं हुई हैं। बताया कि प्रयागराज के घाटों तक सड़कों का सुदृढ़ीकरण कराने, प्रकाश व सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई गई है। कहा कि प्रयागराज स्थित निर्वाणी अखाड़ा का गंगा भवन जल्द ही यह 100 कमरों का होगा। इसी तरह नासिक, हरिद्वार और उज्जैन कुंभ मेला क्षेत्र में भी निर्वाणी अखाड़ा के भव्य भवन बनाए जाएंगे। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि निर्वाणी, निर्मोही और दिगंबर अखाड़ा के कुल 1100 खालसे हैं।

### अमर शहीद चौक पर किया गया माल्यार्पण


अमर शहीद चौक पर माल्यार्पण करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शहीद स्मारक सेवा समिति द्वारा अमर जवान मंगल पांडे चौक स्थित शहीद स्मारक पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व पुलिस उपाधीक्षक के निर्देशन में 1857 क्रांति के प्रथम नायक मंगल पांडेय की जयंती पर संरक्षक प्रीतम सिंह पूर्व पुलिस अधीक्षक ने माल्यार्पण। इस मौके पर विनोद कुमार शर्मा, कवींद्र साहनी सचिन सरीन, अभय कुमार सिंह एडवोकेट, प्रतिमा शुक्ला, रूही खान, कुसुम मेहरोत्रा, अनिता द्विवेदी, राजीव शुक्ला, दिनेश जायसवाल, मयंक साहनी, रजनीश शुक्ला, रमेश चौरसिया व ओमप्रकाश सिंह नाहर ने भी पुष्प अर्पित किया।

### अमर शहीद मंगल पांडे की स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** देश में आज़ादी की लडाई का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद मंगल पाण्डेय की जयंती उनके पैतृक गाँव दुगवा रहीमपुर में मनाई गई। अमर शहीद मंगल पाण्डेय स्मारक समिति दुगवा रहीमपुर के आयोजन मे गांव स्थित श्री बलवंत आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में सर्वप्रथम शहीद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रोच्चार व उपस्थित जनों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि लेखक सुनील अमर ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अमर शहीद मंगल पांडे ने स्वतंत्रता आंदोलन का बिगुल बजाते हुए स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी। समिति के अध्यक्ष अरुण पाण्डेय, तेजबहादुर सिंह, रविंद्र पांडेय, अखिलेश पांडेय, अतुल पांडेय आदि मौजूद थे।

# अब तो अपने ही उठा रहे सरकार पर सवाल : अजय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विपक्ष के साथ अब अपने ही सरकार पर सवाल उठाने लगे हैं। यह अयोध्या में हारे और बद्रीनाथ में भी हार मिली। विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन को सभी सीटों पर विजय हासिल होगी।


जिला कारागार में जिलाध्यक्ष से मुलाकात कर वापस लौटते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

ये बातें शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहीं। वो वह जिला कारागार में बंद पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या ही नहीं काशी को भी विकास के नाम पर छला गया। यहां की जनता को कुछ भी नहीं मिला। जनहित में संघर्ष करने वाले पार्टी कार्यकर्ता पर सरकार के इशारे पर उत्पीड़न करने के लिए फर्जी मामला दर्ज किया गया और जेल भेज दिया। मैंने मुलाकात कर जिलाध्यक्ष का मनोबल बढ़ाया है, जिससे वह जनता के लिए संघर्ष करते रहें। इसके बाद उन्होंने पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री के आवास पहुँच उनसे मुलाकात की। वहां से लखनऊ रवाना हो गए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह, उग्रसेन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**▸▸ बोले- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, कारागार में जिलाध्यक्ष और पूर्व सांसद से आवास पर मिले**

**बिजली का संकट** — पॉवर कॉर्पोरेशन को लगा झटका, उपभोक्ताओं ने भी झेला संकट

# ट्रिपिंग व फाल्ट से 25 मेगावाट बिजली का नुकसान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की चपेट में आकर मई-जून के साथ 14 जुलाई तक करीब 75 दिनों तक हुई ट्रिपिंग और फाल्ट से 25 मेगावाट बिजली लोगों को नहीं मिली। इससे जहां पॉवर कॉर्पोरेशन को नुकसान उठाना पड़ा, वहीं उपभोक्ताओं को भी संकट झेलना पड़ा।

इस बार मार्च के अंत से ही गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया था। अप्रैल शुरू होते ही ऐसी गर्मी पड़ने लगी कि वक्त से पहले ही लोगों ने कूलर और एयर कंडीशन चलाना शुरू कर दिया। अब आपूर्ति और मांग के आंकड़े सामने आए तो मई - जून और 14 जुलाई तक चौंकानेवाला तथ्य सामने आया है। अप्रैल में जहां बिजली का उपभोग जिले में 14 से 18 मेगावाट था वहीं एक से 31 मई तक 25 मेगावाट से ऊपर पहुंच गया था। करीब 10 साल में पहली बार मई में बिजली की इतनी आपूर्ति हुई है जो सामान्य आपूर्ति से 30 फीसदी से अधिक रही।



**▸▸ शहर के आठ तो ग्रामीण क्षेत्रों के 16 उपकेन्द्र हुए प्रभावित, मई जून और 14 जुलाई तक कटौती बरकरार**

पॉवर कॉर्पोरेशन के पारेषण की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बिजली की इतनी मांग कभी नहीं रही। इसी तरह जून माह में भी आपूर्ति 30 मेगावाट से कम नहीं रही। वहीं अभी 14 जुलाई तक मांग 30 मेगावाट से ज्यादा चल रही है। इसी के साथ जब ट्रिपिंग और फाल्ट ने कहर ढाना शुरू किया तो लोगों में त्राहि-त्राहि मच गई। मई-जून और 14 जुलाई तक करीब 75 दिनों में ट्रिपिंग और फाल्ट के कारण करीब 25 मेगावाट आपूर्ति जो लोगों को मिलती वह नहीं मिल सकी। साफ जाहिर है कि अनुरक्षण के अभाव में उपकेंद्रों द्वारा होने वाली कटौती की चपेट में आकर लोगों को आबाध आपूर्ति का सुख नहीं मिला। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का मानना है कि इससे विभाग को लाइन लॉस व नुकसान भी बहुत झेलना पड़ा। नगर के 34 में से आठ उप केन्द्रों द्वारा आबाध आपूर्ति नहीं की गई। इसमें चौक, लालबाग, नियावां, अमानीगंज आदि उपकेंद्र शामिल हैं। इन 75 दिनों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के 16 उप केन्द्र भी आपूर्ति के मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं। जिसमें सर्वाधिक मिल्कीपुर, सोहावल और रुदौली के सब स्टेशन शामिल हैं। दो माह 14 दिन बिजली आपूर्ति की यह स्थिति रही कि रोजाना औसतन चार से छह घंटे की कटौती हुई। जिसे उपभोक्ताओं को झेलना पड़ा। उपभोक्ता अशोक कुमार, महेश चंद्र, मनोज सोनकर आदि का कहना है कि न ऐसी कभी गर्मी पड़ी और न ही कटौती हुई। मई और जून में बेतहाशा बिजली कटौती के कारण बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा।

> ट्रिपिंग और फाल्ट से काफी लाइन लॉस हुआ है। जो बिजली लोगों को मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाई है। अब काफी सुधार हो रहा है। करीब 25 मेगावाट बिजली का उपभोग नहीं हुआ। **- प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम।**




## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहेंगे, 22, 23 व 24 को वर्षा की संभावना है।

35.9⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### 30 अगस्त तक बनेगा नए किसानों का गन्ना सट्टा

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** गन्ना किसानों के सहकारी गन्ना समिति गनौली ने सट्टा का प्रदर्शन के साथ 30 अगस्त तक नए गन्ना किसानों का सट्टा तक बनाया जायेगा। यह जानकारी सहकारी गन्ना समिति रौजागाँव के सचिव अनिल कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि गन्ना किसान 63 कॉलम पर ग्रामवार, तिथिवार सर्वे सट्टा का प्रदर्शन समिति कार्यालय पर 20 जुलाई से 30 अगस्त तक किया गया है। किसान तिथिवार, ग्रामवार, ब्लॉकवार समस्त आंकड़ों पौधा, पेड़ी का क्षेत्रफल, गन्ना प्रजाति के 63 कालम का अवलोकन कर ले। उन्होंने बताया ऑनलाइन घोषणा-पत्र प्राप्त नहीं करायेगें, तो विभागीय नियमों के तहत आगामी पेराई सत्र 2024-25 में उनका सट्टा संचालित नहीं किया जायेगा।



यात्रीगढ़ कृपया ध्यान दें, बस संख्या फला स्थगित कर दी गई, असुविधा के लिए खेद है

# रोज निरस्त होतीं 15 बसें, लाखों का हो रहा नुकसान, यात्री परेशान

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** सुबह के लगभग सात बजे हैं। बड़ी संख्या में यात्री प्रयाग सहित अन्य स्थानों को जाने के अयोध्या बस स्टेशन पर एकत्र हैं। बस का इंतजार कर रहे हैं। अचानक माइक से आवाज आती है। बस नंबर फला स्थगित कर दी गई है। यात्रियों की असुविधा के लिए खेद है। ये सुनकर यात्रियों में अफरा-तफरी मची। कोई इधर भागता है तो कोई उधर। कुछ लोग पूछताछ की ओर जाते हैं, लेकिन तत्काल कोई बस नहीं मिलती। ये हालात सिर्फ शुक्रवार के नहीं, प्रतिदिन के हैं। अयोध्या बस स्टेशन पर रोज करीब 15 बसें निरस्त होती हैं। इससे न सिर्फ हजारों यात्री परेशान होते हैं बल्कि रोडवेज को भी लाखों रूपये का नुकसान उठाना पड़ता है।

यह तो एक उदाहरण भर है। एक डिपो का। अयोध्या परिक्षेत्र में कई डिपो है। लगभग सभी का हाल एक जैसा ही है। रोडवेज बसों का संचालन जैसे पटरी से उतर गया है। प्रबंधन तय समय पर बसें चलाने, यात्रियों को बेहतर सुविधा दिए जाने, मृदु व्यवहार करने जैसे निर्देश देता है लेकिन यहां पूरी क्षमता के साथ तय समय पर बसों का संचालन ही नहीं हो पा रहा है। प्रतिदिन एक डिपो में करीब 15 बसें निरस्त की जा रही हैं । इसके पीछे कारण कई हैं। चालक-परिचालकों की कमी। उनकी ड्यूटी के प्रति लापरवाही, व्यवस्थागत ढांचा आदि। इसे दुरुस्त करने में रोडवेज के अफसरों के हाथ-पांव फूल रहे हैं, लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हो पा रही है। इससे जहाँ हजारों यात्रियों को प्रतिदिन मुसीबत झेलनी पड़ रही है। वहीं रोडवेज की साख भी गिर रही है।

### लोगों के लिए मुसीबत बन गया रोडवेज बसों का स्थगन



बस स्टेशन पर रोडवेज बस में चढ़ रही महिला यात्री। अमृत विचार

### बोले यात्री- घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिलती बस

- सहारनपुर के लिए निकले राम किशोर बोले कि काफी देर से बस नहीं मिली। एक बस बताई गई लेकिन वह स्थगित हो गई।
- प्रयाग जाने के लिए परिवार के साथ आए राजेश कुमार दूबे ने कहा कि दो घंटे से इंतजार कर रहे हैं लेकिन इस रूट पर बस नहीं मिली। रोडवेज के साथ यही दिक्कत समय पर बस नहीं मिलती।

### 131 बसों के बेड़े में खड़ी रहती हैं कई

रोडवेज बस स्टेशन पर 131 बसों का बेड़ा है। इनमें कई बसें रोज खड़ी रहती है। कुछ तो तकनीकि खराबी से तो कुछ को स्टाफ की कमी से निरस्त करना पड़ता है।

### नहीं आए चालक-परिचालक निरस्त की गई बस

विभाग के लोग बताते हैं कि ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन बिना बताए चालक-परिचालक समय पर नहीं आते। इससे बस निरस्त करनी पड़ती है।

### चालक व परिचालकों की कमी

बसों के निरस्त होने के पीछे चालक-परिचालकों की कमी भी है। अयोध्या डिपो में 48 चालक और 64 परिचलाकों की कमी है।

### हर रूट पर तय हैं बसें

लखनऊ के लिए 30, इलाहाबाद-गोंडा-बहराइच मार्ग पर 40, अंबेडकरनगर मार्ग पर 12 बसों के अलावा लखनऊ-अयोध्या-बस्ती-गोरखपुर के साथ कई अन्य जिलों के लिए बसों का संचालन तय है लेकिन पूरी क्षमता से उनका संचालन नहीं हो पा रहा है।

### दो हजार यात्रियों की परेशानी, दो लाख रूपये का रोज नुकसान

विभाग के लोगों का ही कहना है कि बसों के स्थगन से औसतन दो से ढाई हजार यात्रियों का आवागमन बाधित होता है। इससे प्रतिदिन औसतन दो लाख रूपये का नुकसान हो रहा है। डिपो के साथ क्षेत्र की बात करें तो प्रतिमाह नुकसान का आंकड़ा करोड़ों रुपये में जा सकता है।

### कई के खिलाफ जारी की गई रिकवरी

बसों के स्थगित होने के कारण कई चालक-परिचालकों के खिलाफ रिकवरी जारी की गई। नियम के मुताबिक जिस चालक-परिचालक के कारण बस स्थगित करनी पड़ती है। उसके वेतन से निर्धारित राशि की रिकवरी की जाती है। ऐसे कई लोग बताए गए हैं। इनमें संविदा चालक और परिचालकों की संख्या ज्यादा है।

> चालक-परिचालकों के कारण प्रतिदिन करीब 12 से 15 बसों का संचालन स्थगित करना पड़ता है। लापरवाह कर्मियों को चेतावनी जारी की जाती है। रिकवरी भी की जाती है। बसों से स्थगन से लाखों रूपये का नुकसान जरूर हो रहा है। इसमें सुधार का प्रयास किया जा रहा है।
> -आदित्य प्रकाश, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अयोध्या

## करंट लगने से युवक की मौत

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पटरंगा के ग्राम रजानगर में इनवर्टर के तार के विद्युत करंट युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार ग्राम रजा नगर के रेहान अहमद के घर विद्युत सप्लाई नही आ रही थी। दोपहर रेहान का इन्वर्टर को सही कर रहा था। इस दौरान बिजली आ जाने से विद्युत करंट की चपेट में आ गया। परिजन ने मवई चौराहा के निजी हास्पिटल पहुंचे। अस्पताल के चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की हुई मौत, पुत्री घायल

मवई, अयोध्या



**अमृत विचार :** पटरंगा रेलवे स्टेशन पर रेलवे लाइन पार कर रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई जबकि उसकी 16 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

गुरुवार की देर शाम को पटरंगा थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी रेहाना बानों अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ बाराबंकी से फैजाबाद जा रही मेमो ट्रेन से पटरंगा आ रही थी। ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रेक पार करने लगी तभी दूसरे ट्रैक पर तेज गति से जा रही ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे रेहना बानो पत्नी हामिद अली (35) मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मे 16 वर्षीय पुत्री निदा बानों गम्भीर रुप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पुत्री को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में पटरंगा थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि जीआरपी बाराबंकी द्वारा पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए बाराबंकी भेजा गया है।

# 8 माह में बनेगा उत्तर भारत का पहला आयताकार परकोटा वाला राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय


**अमृत विचार :** राम मंदिर की सुरक्षा में बन रहे आयातकार परकोटे का निर्माण कार्य लगभग 40 प्रतिशत अब तक पूरा हो गया है। यह कार्य अगले 8 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए 2000 से अधिक मजदूर लगाए गए है जो तीन अलग अलग शिफ्ट में कार्य कर रहे है।

**▸▸ अब तक 40 प्रतिशत निर्माण हुआ पूरा**

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। आगामी दिसंबर तक मंदिर के शिखर तक का कार्य पूरा हो जायेगा। वहीं मंदिर की सुरक्षा के साथ उसकी भव्यता को बढ़ा रही 800 मीटर लम्बे परकोटे का निर्माण भी मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ मदिर परिसर में बन रहे अन्य मदिरों का निर्माण शुरू हो गया है। उन्हें भी पत्थरों से ही तैयार किया जा रहा है।

### भूतल पर है रामलला का सिंहासन : चंपत राय

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामलला का सिंहसान मंदिर के भूतल पर है। उसके प्रथम तल पर भगवान राम, माता जानकी अपने तीनों भाइयों और हनुमान जी के साथ विराजित होंगे। मंदिर के चारों ओर परकोटा बनेगा। उसके चार कोने होंगे जो कि आयतकार है। जिसके चारों अलग अलग कोने पर सूर्य, गणपति, भगवती और शंकर के पंचायतान मंदिर बनेंगे। आयताकार में दो तरफ की भुजायें लम्बी होती है। इन भुजाओं में हनुमान जी और दूसरी भुजा में माता अन्नपूर्णना देवी का मंदिर होगा। इसके अलावा राम मंदिर के निकट शेषवतार के रूप में लक्ष्मण का मंदिर बन रहा है। महर्षि बाल्मीकि, विश्वामित्र, गुरु वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य इसके अलावा निषाद, शबरी, अहिल्या और रामायण को समाज के बीच पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास का भी मंदिर बनेगा।



गर्भगृह में विराजमान रामलला

# सऊदी कमाने गए युवक की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रौजागाँव, अयोध्या

**▸▸ पिता ने अधिकारियों से की शव मंगाने और कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार :** रोजी रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए पटरंगा थाना क्षेत्र के गाँव रानीमऊ भट्ठी निवासी एक युवक की संदिग्ध हाल में वहीं मौत हो गई। युवक के पिता ने वारदात की आशंका जताई है और बेटे के शव को वापस गांव मंगाने और प्रकरण में क़ानूनी कार्रवाई के लिए सीएम, सांसद, विधायक के साथ डीएम-एसएसपी से फरियाद की है।

पटरंगा थाना क्षेत्र के रानीमऊ भट्ठी निवासी पप्पू पुत्र इद्रीश का कहना है कि उनके बेटे रोजी-रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में हैं। बड़ा बेटा मो. शरीफ लगभग ढाई साल से वहां काम कर रहा है और उसने तीन माह पूर्व छोटे बेटे मो. जफर को भी बुला लिया था। ईद का त्यौहार मनाने के बाद मो. जफर सऊदी अरब गया था। 16 जुलाई की सुबह मो. जफर ने अपनी मां से वीडियो कॉलिंग की थी। उसी दिन रात में मो. जफर के मालिक तालिब बिन मसफर बिन हजली हल हम दी अलसबी सऊदी अरब ने उसके बड़े भाई मो. शरीफ को फोनकर बताया कि तुम्हारे भाई मो. जफर ने फांसी लगी ली है। मामले की जानकारी पर लगभग 400 किमी दूर रहकर काम करने वाला मो. शरीफ सऊदी अरब के अलहसा, अल हूकूब सलमानिया पहुंचा और अस्पताल में छोटे भाई के शव को देखा। मो. शरीफ का कहना है कि उसके शरीर से खून बह रहा था, मो. जफर ने फांसी नहीं लगाई है बल्कि उसकी हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि बेटे के शव को देश वापस लाने और उसकी हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए फरियाद मुख्यमंत्री, सांसद, रुदौली विधायक के साथ जिलाधिकारी, एसएसपी, एसडीएम रुदौली और सीओ को दी है।

# हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में बंद कराईं दुकानें

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में डेरा डाले एनएसजी ने आपात स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार रात पूर्वभ्यास किया। इससे पहले पुलिस ने सात बजे हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में प्रसाद समेत अन्य दुकानों को बंद कर दिया। थाना प्रभारी राम जन्मभूमि देवेंद्र पांडे दुकानों को बंद करने व जगह खाली करने का अनाउंस करते रहे और आधे घंटे में ही दुकानों के शटर गिर गये। लोग कौतूहल वश एक दूसरे से माजरा जानने और समझने की कोशिश में जुटे रहे। पुलिस ने हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं को सुबह आकर दर्शन करने की हिदायत देकर हटाया, शुक्रवार देर रात खबर लिखे जाने तक पूर्वाभ्यास जारी था।



राम जन्मभूमि परिसर के निकट दशरथ महल के पास आतंकी हमले से बचाव का पूर्वाभ्यास करते एनएसजी के कमांडो।

### रात तीन घंटे राम मंदिर के आसपास चला था पूर्वाभ्यास

गुरुवार देर शाम बक्सर बंद वाहनों व वाहनों के काफिले के साथ पुलिस लाइन से शक्ति प्रदर्शन करते हुए राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे एनएसजी के कमांडो ने एटीएस व पुलिस के साथ राम जन्मभूमि परिषद में तीन घंटे तक पूर्वाभ्यास किया था। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों की निगरानी में हुए इस पूर्वाभ्यास में संयुक्त रूप से कमांडो दस्ते ने आपात स्थिति में हालात से निपटने का रिहर्सल किया था। रिहर्सल के बाद विभिन्न प्वाइंटों पर लगाए गए कमांडो की हरकतों और गतिविधियों की समीक्षा कराई गई।



### पौधे बिना सूना वर्टिकल गार्डन

यह तस्वीरें नगर निगम कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर बने वर्टिकल गार्डन की है। इसे पौधों को लगाए जाने के लिए इस तर्ज पर बनाया गया है। कई महीनों पहले बने इस वर्टिकल गार्डन में एक भी पौधा नहीं लगा है। जबकि शनिवार को वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया है। नतीजा अब तक नगर निगम का बना यह गार्डन फिलहाल पौधों से सूना है। शनिवार को यहां कुछ हरिय आती है या नहीं यह देखने वाली बात होगी। ● अमृत विचार

# सीएम डैश बोर्ड में लुढ़का जिला, कार्रवाई शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सीएम डैश बोर्ड में जिला पिछले महीने के सापेक्ष नीचे लुढ़क गया। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही कार्रवाई का निर्देश दिया है। 110 ग्राम पंचायतों के लगभग ग्राम सचिवों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। सुधार न होने पर बड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने समीक्षा की। सबसे खराब प्रगति जिले के मया बाजार ब्लाक की मिली। फटकार लगाई। माह के अंत तक शत-प्रतिशत प्रगति करने का निर्देश दिया। व्यक्तिगत शौचालयों के जिओ ट्रैकिंग की प्रगति में वित्तीय वर्ष 2023-24 के ही 2356 शौचालय का निर्माण कार्य पूरा न होना मिला। सख्त हिदायत दी कि महीने के अंत तक इसे पूरा कराकर पोर्टल पर ऑनलाइन करें। विकास भवन के सभागार में सालिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट (एसएलडब्ल्यूएम) में बेहतरी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में जिला समन्वयक दीपक सेन, राकेश, अविरल, जिला परियोजना प्रबंधक उपेंद्र तिवारी, अंकुर, योजना सहायक शैलेंद्र शाह ब्लाकों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और खंड प्रेरक मौजूद रहे।



विकास भवन के सभागार में समीक्षा बैठक लेते सीडीओ ऋषिराज। अमृत विचार

### बी से डी व ई पर पहुंची प्रगति

पिछले महीने सीएम डैश बोर्ड पर जिले की प्रगति बी श्रेणी की थी लेकिन इस महीने किसी में डी तो किसी में ई तक पहुंच गई। यह स्थिति पंचम और 15 वें वित्त की समीक्षा में सामने आई। माह के अंत तक प्रगति को ए कैटेगरी में लाने का निर्देश दिया। वित्त आयोग के कार्यों में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली जिले की 110 ग्राम पंचायतों के सचिवों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। आवंटित धनराशि को भी कार्य के सापेक्ष अधिक से अधिक खर्च करने का निर्देश दिया। डीपीआरओ से कहा कि यदि ऐसा नहीं होता तो कार्रवाई प्रस्तावित करें।

व्यवस्था — ईटीओ कंपनी के सहयोग से डूडा उपलब्ध करवाएगा पिंक ई-रिक्शा

# रामनगरी में अब पिंक ई-रिक्शा चलाएंगी महिलाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में अब महिलाएं पिंक ई-रिक्शा चलाती नजर आएंगी। शहर में महिला और बालिकाओं के लिए अलग से ई-रिक्शा चलेंगे। इनमें ड्राइवर भी महिलाएं ही होगी। ये ई-रिक्शा पिंक कलर के होंगे। नगर निगम में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 'पिंक ई-रिक्शा प्रोजेक्ट' पर काम शुरू किया गया है।

परियोजना अधिकारी नगरीय विकास अभिकरण यामिनी रंजन ने शुक्रवार को बताया कि प्रोजेक्ट के तहत शहर की महिलाओं को पिंक ऑटो रिक्शा उपलब्ध करवाए जाएंगे। ईटीओ मो. प्रा. लि. के सहयोग से इन महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रतिदिन 400 या 500 रुपये के हिसाब से जमा करना होगा। बाकी शेष कमाई उनकी आमदनी होगी। साथ ही पिंक ई- रिक्शा की पार्किंग, चार्जिंग, रख रखाव सब कंपनी करेगी। बताया कि पिंक ई-रिक्शा से न सिर्फ इन महिलाओं को आजीविका मिलेगी, बल्कि स्कूल कॉलेज जाने वाली बच्चियों के अभिभावकों एवं महिलाओं की रोज शहर में यात्रा करते वक्त होने वाली असुरक्षा की भावना भी दूर होगी। पीओ ने बताया कि पिंक ई-रिक्शा प्रोजेक्ट के लिए स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से निशुल्क आवेदन लिए जा रहे हैं। जो महिलाएं समूह से नहीं जुड़ी हैं उन महिलाओं को डे एनयूएलएम योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा भी जाएगा।



प्रतीकात्मक फोटो

### निःशुल्क प्रशिक्षण, 50 महिलाओं का लक्ष्य

इन महिलाओं को ऑटो रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। जिले में अभी तक इस योजना का कुल लक्ष्य 50 महिलाओं का रखा गया है। जिसमें वर्तमान समय में नौ महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। लक्ष्य के अनुसार बाकी महिलाओं से आवेदन और चयन की प्रक्रिया चल रही है।

### मुख्य स्थानों पर बनाए जाएंगे स्टैंड

मुख्य स्थान जहां महिलाओं एवं बच्चियों का ज्यादा आना-जाना रहता है, मुख्य बाजार, बस स्टैंड के पास, कॉलेज के पास ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाएंगे, ताकि इन ई- रिक्शा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## एयरपोर्ट पर मैनुअल बना बोर्डिंग पास, बढ़ाई गईं कुर्सियां

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** सर्वर डाउन होने से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से विमानों का आवागमन प्रभावित हुआ है। कई विमानों के देर से पहुंचने की खबर है। एयरपोर्ट पर टिकटिंग और बोर्डिंग पास जैसे काम मैनुअल किए जा रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर डाउन हो गया। सर्वर डाउन होने से बड़े शहरों की तरह महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर विमान संचालन पर प्रभाव पड़ा है। विमानों के आवागमन में देरी हुई। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर दर्जन भर से ज्यादा विमानों की आवाजाही है लेकिन शाम लगभग चार बजे तक छह से सात विमान ही यहां उतरे और उड़ान भरी। अयोध्या से दिल्ली, अयोध्या से कोलकाता, अयोध्या से मुंबई की फ्लाइट में देरी हुई। एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था है लेकिन अभी शुरू नहीं की गई है। एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार गर्ग ने बताया कि सर्वर डाउन होने से बोर्डिंग पास और टिकटिंग जैसे काम मैनुअल किए जा रहे हैं। इंतजार करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। इसके चलते यहां कुर्सियों के साथ दूसरी अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई है। जिससे यात्रियों को कोई दिक्कत न हो।

## सार-संक्षेप

### निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अन्य पिछडा वर्ग के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए नि :शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए आवेदन पत्र मांगे गए हैं। इसके तहत ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है। आवेदन के लिए इसका पोर्टल खोल दिया गया है। आनलाइन आवेदन अन्य पिछडा वर्ग कल्याण विभाग से जारी वेबसाइट पर पांच अगस्त तक किया जा सकता है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय नाथ गुप्ता अयोध्या ने दी ।

### सहुलारा में विरासत और टीएलएम में आयुष वन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शनिवार को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। मिल्कीपुर के सहुलारा में विरासत वन और मसौधा के टीएलएम अस्पताल परिसर में आयुष वन की स्थापना होगी। शुक्रवार को पूरे दिन अधिकारी इसकी तैयारी में लगे रहे। वन विभाग के एसडीओ केएन सुधीर ने बताया कि टीएलएम अस्पताल है। यहां आयुष वन की स्थापना की जा रही है। इसमें 16 सौ औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। सहुलारा के विरासत वन में पीपल, बरगद, पाकड़ के साथ अन्य प्रजाति के चार हजार पौधे रोपे जाएंगे। शुक्रवार को सीडीओ, डीसी मनरेगा, डीडीओ सहित तमाम अफसर इसकी तैयारी में रहे। यहां कार्यक्रम में जिले के प्रभारी व सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आएंगे। बताया कि अभियान की तैयारी पूरी हो गई है।




सहुलारा गांव में पौधरोपण के लिए तैयार की गई जमीन।


### भूमि विवाद में भाइयों ने युवती को पीटा, घायल

**तारुन अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककोली मजरे विन्दा दुबे का पूरा में शुक्रवार जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों ने मिलकर युवती की लात घूसो, लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। युवक चहरदीवारी फांदकर घर में घुसे थे। मारपीट में चोटिल बहन ज्ञानमती को लेकर थाने पहुँच पीड़ित सुरेश कुमार यादव ने मामले की शिकायत थानाध्यक्ष से की। थानाध्यक्ष ने मारपीट करने के सगे आरोपी भाइयों को तत्काल तारुन बाजार कस्बे से पकड़वा लिया। बताया गया कि गांव में दयाराम, हरीराम, दूधनाथ, बद्री प्रसाद, काशीराम, मालती देवी के नाम गाटा संख्या 984 ग रकबा 90 एयर जमीन है। अब जमीन बटवारे में कुछ हिस्सेदार बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं। आरोप है कि जमीन पर दूधनाथ यादव ने स्वयं के हिस्से सहित अन्य के हिस्से की जमीन पर जोर जबर्दस्ती कब्जा कर लिया है जिससे आये दिन जमीन के हिस्सेदारों में वाद विवाद हुआ करता है। थानाध्यक्ष सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मारपीट के आरोपियों को शांति भंग की कार्यवाही में एसडीएम न्यायालय भेजा जा रहा है।

### बाइक चोरी के मामले में नहीं दर्ज हुई प्राथमिकी

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के अलीपुर खजुरी गांव के खजुल्ला ताल पर मेला आए युवक की दिन दहाड़े बाइक चोरी होने के मामले में तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस ने चोरी की प्राथमिकी नहीं दर्ज किया है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के अलीपुर खजुरी के खजुल्ला ताल पर मोहर्रम को लेकर राजेश कुमार निवासी पलिया जगमोहन सिंह बाइक से मेला देखने आए थे। वह बाइक खड़ी करके सामान की खरीददारी करने लगे। जब सामान की खरीददारी करके वापस बाइक के पास आया तो देखा कि बाइक वहां नहीं है। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि बाइक चोरी का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। न ही किसी के द्वारा कोई तहरीर ही दिया गया है।

### आवासीय शिक्षक संघ ने कुलपति को सौंपा 18 सूत्रीय मांग-पत्र



अवध विश्वविद्यालय में कुलपति से मुलाकात करते संघ के पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में शुक्रवार को आवासीय परिसर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल को 18 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो शैलेन्द्र कुमार वर्मा व महामंत्री डॉ राना रोहित सिंह ने कुलपति व कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र की मौजूदगी में परिसर के शिक्षकों की मांगो से अवगत कराया। शिक्षक संघ द्वारा स्ववित्तपोषित विभागों के शिक्षकों को न्यूनतम वेतनमान, सीपीएफ कटौती, शिक्षकों के प्रमोशन, अतिथि प्रवक्ताओं के सेवा विस्तरण, स्ववित्तपोषित विभागों के वरिष्ठ शिक्षकों को विभाग का समन्वयक, डॉ वंदना रंजन के सीसीएल व डॉ शिवी श्रीवास्तव की वेतन विसंगति मामले सहित कई सूत्रीय मांगो को पटल पर रखा गया। कुलपति ने शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से मांग-पत्र पर चर्चा करने के उपरांत शीघ्र उस पर कार्य करने के लिए कुलसचिव को निर्देशित किया। डॉ संग्राम सिंह, डॉ मणिकांत त्रिपाठी, डॉ अमित सिंह यादव, डॉ वन्दिता पाण्डेय, डॉ डीएन वर्मा, डॉ0 अभिषेक सिंह मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राहगीरों के लिए सड़क किनारे उगी झाड़ियां बनीं मुसीबत



तारुन में चनहा मार्ग पर सड़क किनारे उगी झाड़ियां।

तारून अयोध्या। अमृत विचार : जलालपुर से चनहा मार्ग पर सड़क किनारे उगी झाड़ियां राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। बरसात हो जाने से सड़क की दोनों पटरियों पर सफेद पट्टी तक घास फूस व कटीले झाल झंखाड़ उग आए हैं। विशेषकर नेतवारी चतुरपुर, पारा गरीबशाह, बेलगरा, हुसैनपुर के पास ज्यादा समस्या है। बड़ी गाड़ियों के आने-जाने पर साइकिल व मोटरसाइकिल सवारों, छात्र छात्राओं को आने-जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग भी देखकर मौन है। कई बार घटना दुर्घटना हो चुकी है, लेकिन प्रशासन मौन है। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी रामनरेश निषाद ने बताया कि जल्द ही कर्मचारियों को लगाकर झाड़ियों की कटाई छटाई की जाएगी।

### करहा के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत

**निंदूरा, बाराबंकी : अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिलेहटी हैदराबाद में खेत जोतते समय करहा के नीचे दब जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पिलेहटी हैदराबाद निवासी भगवानदीन शुक्रवार की सुबह धान लगाने के लिए खेत तैयार कर रहे थे। तभी लक्ष्मण हाइड्रोलिक यानी करहा का टापलिंग कस रहे थे। इतने में ट्रैक्टर चालक में हाइड्रोलिक उठा दिया। जिससे युवक की नीचे दब कर दर्दनाक मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक धनंजय घटना के तुरन्त बाद ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। लोगों ने बताया कि मृतक मजदूरी करता था। ज्यादातर भगवान दीन के यहां ही खेती करते देखा जाता था। मौत की सूचना मिलने पर क्षेत्र में कोहराम मच गया।

# दो करोड़ के 47 प्रस्तावों पर नगर पंचायत ने लगाई मुहर

सोहावल, अयोध्या

**खिरौनी सुचित्तागंज नगर पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर हुआ मंथन**



नगर पंचायत खिरौनी बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरमैन और सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार :** खिरौनी सुचित्तागंज नगर पंचायत की बैठक में लगभग दो करोड़ रुपए के 47 प्रस्तावों वाली कार्य योजना पर मुहर लगाई गई। लगभग 3 घंटे तक चली बैठक में चेयरमैन रेशमा भारती के साथ मौजूद सभासदों ने पूर्व में हुए कार्य प्रस्ताव की समीक्षा के साथ रुके हुए विकास कार्यों पर मंथन किया। कई मुद्दों पर कुछ सभासदों ने नाराजगी दिखाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को घेरा और ठेकेदारों के भ्रष्टाचार पर उंगली उठाई।

लंबे समय बाद शुक्रवार को दोपहर नगर पंचायत के सभागार में हुई इस बैठक पर सभी की निगाह लगी थी। ईओ और चेयरमैन दोनों गुटों के बीच कुछ मतभेद के चलते पिछली बैठक में जमकर हुई झड़प और पुलिस कार्रवाई के बाद माना जा रहा था बैठक इस बार भी हंगामे दार होगी लेकिन सभासदों ने इस बार सूझ बूझ का परिचय दिया तो ईओ और चेयरमैन भी एक मंच पर सहमति देते दिखाई पड़े। सभासद फरीद अहमद ने करीब 4 दर्जन प्रस्ताव रखे जाने की बात कही तो आशीष श्रीवास्तव , अजय कुमार, अंकुर आदि ने पुरानी कार्य योजनाओं को लेकर सवाल खड़े किए। कुछ निर्माण में ठेकेदारों द्वारा घटिया काम किए जाने पर रोष व्यक्त किया। चेयरमैन ने इस बात पर बल दिया कि प्रस्तावित योजनाओं को समय से और मानकों पर खरा पूरा किया जाए। 15 वार्ड वाले नगर पंचायत की बैठक शांति और सद्भावना पूर्ण रही है। लगभग 47 प्रस्ताव आए इन्हें लेकर करीब दो करोड़ की विकास योजनाओं पर मुहर लगी है। माहौल अच्छा रहा सभी सभासदों के नए पुराने प्रस्ताव दोनों की समीक्षा की गई।

# कर्मियों से मांगा पुरानी पेंशन का विकल्प

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली की मांग और आन्दोलन के बीच कर्मियों से पुरानी पेंशन पर विकल्प मांगे जाने से हलचल मच गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों से इसका विकल्प भर कर देने के लिए कहा गया है। बताया जाता है कि यह विकल्प मांगे जाने के बाद पुरानी पेंशन को लेकर चल रहे आंदोलन की धार कुछ कुंद पड़ सकती है। कई शिक्षक संगठनों द्वारा जहां इस पर विचार किया जा रहा है तो वहीं कुछ शिक्षकों ने विकल्प प्रपत्र हासिल कर लिए हैं।

शासन के आदेश के क्रम में बीएसए संतोष कुमार राय ने 28 मार्च 2005 से पहले विज्ञापित पदों पर नियुक्त हुए कर्मियों से पुरानी पेंशन पर विकल्प मांगा है। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इस बाबत पत्र जारी करते हुए कहा है कि उपरोक्त कर्मी 'उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 के अधीन कवर किए जाने के लिए 31 अक्तूबर तक विकल्प पत्र प्रस्तुत करें। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया गया विकल्प अंतिम तथा अपरिवर्तनीय होगा।

> पुरानी पेंशन को लेकर शासन के आदेश पर विकल्प मांगा जा रहा है। विकल्प पत्र तैयार कर लिया गया है और खंड शिक्षा अधिकारियों को भेज दिया गया है। निर्धारित समय पर इसे भर कर विभाग में जमा करना होगा। खंड शिक्षा अधिकारी दायित्व निभायेंगे। **-संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अयोध्या**

उल्लेखनीय है कि ऐसे शिक्षक और कार्मिक हैं, जिनकी नियुक्ति एक अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई लेकिन उस नौकरी का विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पहले निकला था, को सरकार पुरानी पेंशन का लाभ देने जा रही है। जारी शासनादेश के मुताबिक यदि कर्मचारी 'उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनीफिट्स रूल्स 1961 के अधीन कवर किए जाने की शर्तों को पूरा करता है तो प्रशासकीय विभाग के अनुमोदन के बाद इस सम्बंध में एक आदेश नियुक्ति अधिकारी जारी करेंगे। जो कर्मचारी ओपीएस का विकल्प चुनेंगे, उनके राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे। 31 अक्तूबर तक विकल्प का प्रयोग न करने वाले कर्मचारी एनपीएस के दायरे में आ जाएंगे।

**लालजी सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोथरा कला - सुल्तानपुर**
(सम्बद्ध : - डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या उ. प्र.)

**आवश्यकता है**

**प्रवक्ता (परास्नातक) –** गृह विज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र – प्रत्येक विषय – दो पद
**प्रवक्ता (स्नातक) –**भूगोल ,राजनीतिशास्त्र प्रत्येक विषय – दो पद
विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर महाविद्यालय कार्यालय से सम्पर्क करें
**वेतन व योग्यता–** विश्वविद्यालय परिनियमावली व शासनादेश के अनुसार

**प्रबंधक**
**8299490003, 8299448592**

# जिला स्कूली ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में आदर्श व कनोसा ने जीता खिताब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जनपदीय विद्यालयीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता के बालक वर्ग में आदर्श इंटर कालेज ने तथा बालिका वर्ग में कनोसा गर्ल्स इंटर कालेज टीम ने खेताब पर कब्जा कर लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्य के निर्देशन में, जिला विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान की देखरेख में तथा एमपीएलए आदर्श इंटर कॉलेज के संयोजन में आदर्श इंटर कालेज के इंदौर हाल में शुक्रवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर जनपदीय विद्यालयीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता के बाउट का शुभारंभ कर किया।

प्रतियोगिता में सरस्वती सरस्वती इंटर, कॉलेज कनोसा कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, टीपी कॉन्वेंट व आदर्श इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग के अंडर-14 वर्ग में कनोसा की अर्चना ने 20 किलो भार वर्ग, नीतिका पटेल ने 32 किलो भार वर्ग, आशी यादव ने 35 किलो भार वर्ग, वसुधा यादव 38 प्लस किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालकों में आदर्श इंटर कॉलेज के जयवर्धन साहू ने 30 किलो भार वर्ग, वंश उपाध्याय ने 41 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर -17 बालिका वर्ग में कनोसा की शुभ वर्मा ने 38 किलो भार वर्ग, दिया मध्यान ने 42 किलो भार वर्ग, नंदिता तिवारी ने 44 किलो भार वर्ग, नैना सिंह ने 46 किलो भार वर्ग, अग्रिम सिंह ने 52 किलो भार वर्ग, जिज्ञासा मौर्य ने 59 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में आदर्श इंटर कॉलेज के प्रख्यात प्रजापति ने 45 किलो भार वर्ग व अभिजीत ने 40 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका अंडर-19 आयु वर्ग में कनोसा की अंशिका ने 44 किलो भार वर्ग में, वैष्णवी सैनी ने 49 किलो भार वर्ग में, हंसिका शर्मा ने 52 किलो भार वर्ग में, हल्बिया फिरोज ने 55 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में आदर्श इंटर कॉलेज के अनुराग कौशल ने 55 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, जयेंद्र पाठक, पूजा, प्रिया गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## अस्पताल में बवाल के मामले में एक पक्ष की दर्ज हुई रिपोर्ट

**अयोध्या, कार्यालय । अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के सहनवां स्थित मेडीसिटी सुपरस्पेशिलिटी हास्पिटल में गुरुवार की शाम नंबर को लेकर हुए विवाद और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने डाक्टर पक्ष की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर अभी रिपोर्ट नहीं दर्ज हो पाई है। पुलिस कई लोगों से पूछताछ में जुटी है। गौरतलब है कि गुरुवार की दूसरी पहर नंबर लगाकर दिखाने गए सहनवां गांव निवासी पूर्व फौजी अब्दुल सलीम और अस्पताल प्रबंधन के बीच विवाद और फिर तोड़फोड़ हुई थी। अयोध्या कोतवाली के साथ नगर कोतवाली पुलिस को भी बुलाना पड़ा था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत पुलिस को दी। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने अस्पताल के डाक्टर सर्वेश कुमार वर्मा पुत्र राजितराम निवासी नारायण दासनगर,वंजीरगंज जप्ती कोतवाली नगर की शिकायत पर दस को नामजद करते हुए 24-25 लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौच, धमकी, लूट, हत्या के प्रयास, तोड़फोड़ और आबरू पर हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है। पुलिस कई लोगों से पूछताछ में जुटी है। तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे** **अधिसूचना**

श्री प्रणजीव सक्सेना, रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल, लखनऊ, नागरिक एवं विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, दिनांक 21.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से मण्डल रेल प्रबंधक, कार्यालय (डी.आर.एम. मीटिंग हाल), अशोक मार्ग, लखनऊ में गाड़ी सं. 15904 डा0 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का मोतीगंज-झिलाही रेलवे खण्ड पर दिनांक 18.07.2024 को पटरी से उतर जाने के प्रकरण की जॉच करेंगें। यदि कोई नागरिक उपरोक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी या साक्ष्य देना चाहता है, तो वह उपरोक्त दिनांक को जाँच के समय उपस्थित होकर पूर्ण साक्ष्य दे सकता है अथवा रेल संरक्षा आयुक्त (उत्तर पूर्व सर्किल) लखनऊ को लिखित सूचना दे सकता है।

**मण्डल रेल प्रबंधक (संरक्षा), लखनऊ**
मुजाधि/संरक्षा-01

"मोबाईल पर बात करते हुए मानवरहित समपार पार न करें"

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56245639 | Main Compressor (Oil Lubricated) with onboard mounting accessories along with motor (wound with corona resistance wire) capacity 1745 LPM to Specification:- (1) RDSO/2018/EL/SPEC/0137 REV 0 (2) SPEC/E-10/3/09 (Motore) with Amendment Nos. 01,02,03,04, 05 & 06. | 06 Nos | 16.08.2024 |

**निविदा शर्तें** **1.** विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी। **निविदा नोटिस सं0 :** ईपीएस / 56 / 2024 **ईमेल पता : dycmmcb15@gmail.com** 2200/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरदिलपुर विकास खंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर**

पत्रांकः राज्य वित्त/15वित्त/मनरेगा/अल्पकालीन निविदा 2024–2025 दिनांक 20–07–2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0पं0–सरदिलपुर वि0खंड–जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर मे (1) राम मनोहर के घर से राम मिलन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी,एस0ओ0बी ईट,रबर मोल्ड ईट,ईट की गिट्टी,पत्थर गिट्टी,सीमेंट,मोरंग,बालू,सरिया व अन्य कार्य हेतु लोहे के उपकरण व अन्य निर्माण सामग्रियों के आपूर्ति धनराशि के सापेक्ष अल्पकालीन निविदा/टेंडर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28/07/2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 29/07/2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष प्रात:10 बजे खोली जाएगी। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
नोटः–प्रतिबन्ध, नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राम अनेश** ग्राम प्रधान — **कामिता यादव** ग्राम सचिव
**ग्राम पंचायत सरदिलपुर विकासखंड जलालपुर, जनपद अम्बेडकर नगर।**

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| **नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0** | Parking-LKO-LKO-MX-141-24-2 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.07.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0** | Parking-LKO-AYC-TW-6-22-1 (Parking Tow Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.07.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.07.2024 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0** | Parking-LKO-RDL-MX-90-24-5 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.07.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.07.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 2184/24

## विज्ञान और धर्म का रास्ता भले अलग है लेकिन मंजिल मानव कल्याण : प्रोफेसर मंजू शर्मा

**▸▸ राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कासु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा अयोध्या पर केन्द्रित विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से संपूर्ण राष्ट्रीय विकास ए हॉलिस्टिक अप्रोच टुवड्र्स नेशनल डेवलपमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंटरवेंशन फोकस आन विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (नासी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में का उद्घाटन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की पूर्व सचिव पद्मभूषण प्रो मंजू शर्मा ने कहा कि विज्ञान और धर्म का रास्ता भले अलग हैं लेकिन मंजिल एक है- जो मानव कल्याण की है। अयोध्या मोक्षदायिनी नगरी है यहां के वैज्ञानिक निकलेंगे तो वह अवश्य बहुत दूर तक जाएंगे। हमारे देश के प्रत्येक वैज्ञानिक का सपना है कि सतत विकास हो। प्रो अनुराग शर्मा आईआईटी दिल्ली ने कहा कि शिक्षक अपने योगदान से देश की उन्नति और सामाजिक विकास को आगे बढ़ा सकते हैं। प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीप कृष्ण वर्मा ने कहा कि आज रसायन विज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित दो दिवसीय वर्कशॉप महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। डॉ संतोष शर्मा नासि , प्रतिनिधि ने कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए विज्ञान और तकनीकी का समुचित सदुपयोग कर के ही हम आगे बढ़ सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ मुकुल दास निर्देशक श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च नई दिल्ली, प्रो. अरुण कुमार पांडे मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय भोपाल , डॉ देवाशीष मोहंती, निदेशक नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इम्यूनोलॉजी, नई दिल्ली, प्रो प्रतिभा जॉली पूर्व प्राचार्य मिरांडा हाउस ,नई दिल्ली, प्रो. अखिलेश त्यागी, दिल्ली विश्वविद्यालय डॉ. अलका शर्मा ,वरिष्ठ सलाहकार बायोटेक्नोलॉजी प्रो. नीलम पाठक, प्रो. अभिषेक सिंह यूपी कॉलेज वाराणसी मौजूद थे।

## मारपीट में दो लोग घायल

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के भिटौली कला गांव निवासी सत्तनलाल अपनी पुत्री पुष्पा की दवाई लेने जा रहे थे। रास्ते में किसी बात को लेकर मुमताज से विवाद हो गया। जिसमें लाठी डंडो से मुमताज, ललन फिजा आदि ने हमला कर दिया। हमले में पुष्पा घायल हो गई। उधर इसी घटना में दूसरे पक्ष की अफसाना का आरोप है कि पति मजदूरी करने के लिए चले गए थे और पड़ोसी सत्तनलाल, अनुज,अरुण आदि लोग आए और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। जिससे अफसाना गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया है।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा संख्या– 27–टेण्डर / उपमुइंजी / नि0 / वाराणसी दिनांकः 08.07.2024 के सम्बन्ध में प्रथम शुद्धिपत्र**

निविदा संख्या–27–टेंडर / उप मु इंजी / नि0. / वाराणसी दिनांक 08.07.2024 जोकि समाचार पत्र में दिनांक 10.07.2024 को छपी थी, उसे प्रशासनिक आधार पर निरस्त किया जाता है।

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 2190/24



**आवश्यकता है**
**अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को**
**● अकाउंटेंट की** (विज्ञापन विभाग में)
**अनुभवः– न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।**
**वेतन :- योग्यता अनुसार**
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली**

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **PnU-LKO-BSB-Toi-53-23-1 (Pay and Use Toilets)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.08.2024 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **PnU-LKO-BSB-Toi-12-24-1 (Pay and Use Toilets)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.08.2024 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **PnU-LKO-BSB-Toi-13-24-1 (Pay and Use Toilets)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.08.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 2185/24

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर**

पत्रांक : 1209/2ए0/ई–टेण्डर/2024–25 — दिनांक : 12.07.2024

**अल्प कालीन ई–निविदा**

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग/प्रहरी पोर्टल के माध्यम से जनपद बलरामपुर के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Balrampur | विकास खण्ड तुलसीपुर में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 2 | Balrampur | विकास खण्ड तुलसीपुर में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 3 | Balrampur | विकास खण्ड तुलसीपुर में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 4 | Balrampur | विकास खण्ड हरैया सतघरवा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 5 | Balrampur | विकास खण्ड हरैया सतघरवा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 6 | Balrampur | विकास खण्ड हरैया सतघरवा में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 7 | Balrampur | विकास खण्ड गैंसड़ी में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 8 | Balrampur | विकास खण्ड गैंसड़ी में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 9 | Balrampur | विकास खण्ड गैंसड़ी में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 10 | Balrampur | विकास खण्ड पचपेड़वा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 11 | Balrampur | विकास खण्ड पचपेड़वा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |
| 12 | Balrampur | विकास खण्ड पचपेड़वा में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 08 माह |

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 22–07–2024 से पूर्व।
**3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–**
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाईन दिनांक 22–07–2024 से 05–08–2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब–साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन–लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 05–08–2024 दोपहर 03.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 05–08–2024 अपराह्न 04.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176 (सा0)/06 दिनांक 25–08–2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।
(ड) पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 05.08.2024 के दोपहर 03.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

UP – 217447 दिनांक : 16/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**सहायक अभियन्ता**
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

**(इं0 भानु प्रताप यादव)**
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

कांवड़ मेला–2024 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए मेला विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने के संबंध में दिनांक 14.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है और निम्न उल्लेखित रेलगाड़ियां इनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों से संचालित की जायेंगी :–

**मेला विशेष रेलगाड़ियां**

**रेलगाड़ी संख्या 04324/04323 हरिद्वार–दिल्ली–हरिद्वार मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04324 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04323 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 15:45 | हरिद्वार | 04:25 | – |
| 20:50 | – | दिल्ली | – | 22:00 |

**चलने की तिथिः 04324 हरिद्वार** से और **04323 दिल्ली** से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहरावः** ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी और गाजियाबाद स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 04330/04329 योग नगर ऋषिकेश–दिल्ली–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | – |
| 04:15 | – | दिल्ली | – | 04:45 |

**चलने की तिथिः 04330 योग नगरी ऋषिकेश** से और **04329 दिल्ली** से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, शामली और दिल्ली शाहदरा स्टेशन।

* अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें — आज़ादी का अमृत महोत्सव — **उत्तर रेलवे** सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ANUJ KUMAR AGRAWAL S/O GOPI CHAND AGARWAL था। जो कि आज दिनांक 19–07–2024 से मैने अपना नाम बदलकर ANUJ AGARWAL S/O GOPI CHANDRA AGARWAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
**–अनुज अग्रवाल पुत्र गोपी चन्द्रा अग्रवाल, निवासी– मोहल्ला गुलाम अलीपुरा थाना– दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रामऔतार कश्यप पुत्र स्वर्गीय पतराखन, निवासी–12/648 कंचन नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव।** मैं अपने पुत्र सचिन कश्यप जो अपनी पत्नी प्रियंका के साथ परिवार से अलग रहते हैं। इनके अनैतिक कार्यो से मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। बेटे द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी उसकी स्वयं होगी। आज से मेरा बेटे से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2021 रोल नंबर 217186732 वास्तव में खो गया है। आशीष मिश्रा पुत्र देवी प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम नकपुरवा जनपद श्रावस्ती।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कही खो गया है।
**– रूचि शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी– ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर**

**सूचना**

मैं संदीप कुमार तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी निवासी ग्राम भगोहर थाना वजीरगंज जनपद गोंडा यूपी। मेरा बी.टी.सी. द्वितीय वर्ष का चतुर्थ सेमेस्टर अनुक्रमांक 49460007 का अंक पत्र कहीं खो गया है।

**आवश्यकता है**

**श्री नारायण सिंह महाविद्यालय**
**ककरघटा, शाहाबाद, जिला–हरदोई**
**(सम्बद्धता – लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)**
बी.बी.ए. / बी.सी.ए पाठ्यक्रम
सहा. आचार्य (बी.बी.ए.) 03 पद
सहा. आचार्य (बी.सी.ए.) 03 पद
**शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान– राज्य सरकार / यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित प्रतियो, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।**
**प्रबंधक –9415564041**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **शालिनी पुत्री लाखन राजपूत, निवासी– ग्राम श्यामपुर पंजा, थाना हरपालपुर जनपद हरदोई** उम्र लगभग 16 वर्ष दिनांक 13 अप्रैल 2024 की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं उक्त संबंध में थाना हरपालपुर जनपद हरदोई पर प्राथमिकी संख्या 151/2024 धारा 363 366 आईपीसी पंजीकृत है। जिस किसी को उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी हो तो **थाना प्रभारी हरपालपुर मोबाइल नंबर 9454403555 व विवेचना अधिकारी उ.नि. माबूद रजा के मोबाइल नम्बर** 7897363214 पर सूचित करने का कष्ट करें।

## एक नजर

### मछलीगांव में जुलूस-ए-अजा मंगलवार को

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मछलीगांव में अंजुमन असगरिया द्वारा जुलूस-ए-अजा का वार्षिक कार्यक्रम तालिब अब्बास और अब्बास मेंहदी के संचालन में आगामी 23 जुलाई मंगलवार को सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। अंजुमन असगरिया के सचिव शीबू रिजवी ने बताया कि उक्त अवसर पर नौहामातम के लिए विभिन्न मातमी दस्ते मौजूद रहेंगे। जिनमें प्रमुख रूप से अंजुमन जीनते अजा बाराबंकी, अंजुमन पंजतनी तुराबखानी सुल्तानपुर, अंजुमन जवानाने हुसैनी अमिलो आजमगढ़, अंजुमन जाफरिया जलालपुर, अंजुमन सफीरे नासिरुल अजा कटघरकमाल, अंजुमन मोईनुल अजा दाऊदपुर और अंजुमन असगरिया मछलीगांव हैं। जबकि मौलाना कासिम अली ईरान तथा मौलाना नूरुलहसन रिजवी मछलीगांव अजादारों को संबोधित करेंगे।

### अजादारों ने कर्बला के शहीदों को किया याद

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। नगर और क्षेत्र के शिया बहुल इलाकों में कर्बला के 72 शहीदों का सोएम फातेहा अकीदत व एहतेराम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद इमाम चौक, मस्जिदों व इमामबारगाहो में कुरान ख्वानी व मजलिसों का आयोजन किया गया। अजादारों ने अपने अपने घरों में शोहदा-ए-कर्बला के नाम की नजर दिलाई। जाफराबाद स्थित बड़े इमामबाड़ा व छोटे इमाम बाड़ा पर सामूहिक नजर नियाज का एहतमाम किया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में अजादारों ने शिरकत कर कर्बला के शहीदों को खिराज अकीदत पेश किया।

### अधेड़ का मिला शव

टाण्डा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम फतेपुर कंहोड़ा में 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा मिला। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने शव की शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष अलीगंज शशांक शुक्ला ने बताया कि ग्रामफतेपुर कंहोड़ा के ग्राम प्रधान आजाद कुमार पुत्र कन्हैया लाल ने सूचना दिया कि उनके गांव में बीते चार दिन से घूम रहे 50 वर्षीय विक्षिप्त जो कि अपना नाम पता नहीं बता पा रहा था का शव पड़ा मिला है। मृतक का रंग सांवला व चेहरा लंबा औसत कद एक हरा बदन लाल रंग का अंडर वियर व पीले रंग का चेकदार शर्ट पहने है। शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### ग्राम पंचायत सचिवों को क्लेस्टर वार मिली तैनाती

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पखवारा भर पूर्व से इंतजार कर रहे ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारियों को जिला पंचायत राज अधिकारी अवनीश श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अनुमोदन के बाद विकास खंड जलालपुर में स्थानान्तरण होकर आए क्लेस्टर वार क्षेत्र का वितरण कर दिया है। विकास खंड जलालपुर की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत, नगपुर, इस्माइलपुर में राहुल यादव की तैनाती की गयी है। लगभग बीस हजार आबादी वाली नगपुर ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ-सफाई अभियान को शौचालय राहुल यादव के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगी। जैनापुर, सुरहुरपुर क्लेस्टर चूड़ामणि, मालीपुर, खालिसपुर वविता वर्मा, सेठाकला, कन्नूपुर रीमा यादव, बड़ागांव, उसरहा, धीरेन्द्र पासवान, ताजपुर बड़ेपुर, मंशाराम चौरसिया, खजुरी करौंदी सैरपुर उमरन अनिल कुमार यादव और कालेपुर महुअल कजपुरा क्लेस्टर पर दिवाकर वर्मा की तैनाती की गई है।

# आईजीआरएस पर शिकायत का तत्काल हो निवारण

## डीएम ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को आख्या अपलोड करने से पहले स्वयं से देखने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में मौजूद।

अमृत विचार। डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान डीएम ने विभागवार ऑनलाइन, मुख्यमंत्री संदर्भ समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

आईजीआरएस का निस्तारण ससमय गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए और भविष्य में ध्यान रखा जाए कि डिफाल्टर संदर्भ न होने पाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिया कि आख्या अपलोड करने से पहले आप सभी स्वयं से देखें बिना देखें कोई आख्या अपलोड न करें। अन्यथा की स्थिति में कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संबंधित अधिकारी निस्तारण से पूर्व वार्ता करें।

बैठक के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आइजीआरएस को गंभीरता से लेते हुए साथ समय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। बैठक के दौरान डीएम द्वारा सी श्रेणी के संदर्भों की समीक्षा कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएफओ डॉ. उमेश तिवारी, सीएमओ डॉ. राज कुमार, एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता, एसडीएम तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ. उदय प्रताप सिंह

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


पौधों के साथ मौजूद छात्र व शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। अकबरपुर ब्लॉक क्षेत्र के सोंगाव में स्थित सीबी सिंह लॉ कालेज के प्रांगण में पौधारोपण और पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधि के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधों की उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। एक वृक्ष मां के नाम पर उपस्थित सभी विधि के छात्रों की उपस्थिति में डॉ. सुभाष चन्द्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण और जनजीवन संरक्षण पर प्रकाश डाला।

पोधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उदय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्रों को पौधे भी वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में डॉ. अमित तिवारी ने पर्यावरण और संवैधानिक उपबन्धों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक राजेन्द्र कुमार वर्मा ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए, पौधों का महत्व, हमारी भारतीय संस्कृति, वेदों और पुराणों में उपबंधित प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिना पौधारोपण के पर्यावरण संरक्षण असम्भव है। जिस तेजी के साथ ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। पौधारोपण एक मात्र तरीका है जिससे पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। डॉ. उदय प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. जेपी दूबे, मंयक देव सिंह, सीपी तिवारी, शरद सिंह, हरीहर, धीरज पाण्डेय और सूर्य शेखर त्रिपाठी, दीपमाला, संतोष कुमार, अशोक कुमार और सदानन्द शर्मा मौजूद रहे।

# पौधरोपण अभियान में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

## जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिम्मेदार अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


पौधरोपण अभियान को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पौधारोपण जन अभियान के तहत 20 जुलाई को होने वाले वृहद पौधारोपण के संबंध में विभागवार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। वृहद पौधारोपण 20 जुलाई को लगाए गए पौधों के जियो टैगिंग के बारे में भी अवगत कराते हुए जियो टैगिंग से संबंधित मैन्युअल उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त मेरी लाइफ पोर्टल और हरीतिमा अमृत वन ऐप 3.6 पर लगाए गए पौधों की फोटो अपलोड करने के लिए जानकारी दी गई।

डीएम ने कहा कि हरीतिमा एप्स 3.6 वर्जन सभी पौधरोपण समितियां और संबंधित अधिकारी इस एप्स को डाउनलोड कर लें जिससे अन्य विभागों का जिओ ट्रैकिंग किया जा सके। बैठक के दौरान डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थलों पर पौधरोपण कराएं। उन्होंने सभी से इस पौधरोपण जन अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और लगाए गए पौधों की सिंचाई व संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. उमेश तिवारी ने बताया कि 20 जुलाई को प्रतापपुर चमुर्खा ग्राम समाज में एक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 20 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद के प्रतिभाग करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनपद के पोधरोपण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सचिव प्रांजल यादव द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जनपद में लगभग 36 लाख 75 हजार 559 पौधे लगाने का लक्ष्य शासन द्वारा दिया गया है। जिसमें वन विभाग को 12 लाख 24 हजार 700 और अन्य विभागों को 23 लाख 50 हजार 859 पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया गया है।

**बैठक में यह भी रहे मौजूद :** बैठक के दौरान डीएफओ डॉ. उमेश तिवारी, सीएमओ डॉ. राजकुमार, एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता, एसडीएम, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### बैठक

- एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत डीएम ने की समीक्षा बैठक
- जिले में लगभग 36 लाख 75 हजार 559 पौधे लगाने का लक्ष्य

### पौधों की सुरक्षा के बारे में ली जानकारी

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिन विभागों को पौधारोपण के लिए लक्ष्य दिया गया है उन विभागों से विस्तार पूर्वक गड्ढे की खुदान, पौधों की सुरक्षा के बारे में जानकारी लिया गया। जिसमें से कुछ विभागों के पौधारोपण के लिए गड्ढे की खुदान अभी तक नहीं की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि शुक्रवार शाम तक पौधारोपण के लिए गड्ढो का खुदान करें। अन्यथा की दशा में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया कि पौधरोपण के उपरांत सभी पौधों को सुरक्षित रखने के लिए व्यवस्था करें। वृहद पौधरोपण के लिए वन विभाग में कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है जिसका नंबर 9670423055 है।

# रामकेश बने असिस्टेंट कमिश्नर, बधाई देने वालों का लगा तांता


रामकेश सिंह।

देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। विधानसभा क्षेत्र आलापुर अन्तर्गत ग्राम बनकटा बुजुर्ग निवासी रामकेश सिंह पुत्र रणविजय सिंह ने यूपीएससी परीक्षा 2023 उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर बन क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन किया है। बता दें कि रामकेश सिंह की प्रारंभिक शिक्षा गांव में सिरसिया विद्यालय से हुई थी। इसके बाद उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किया। रामकेश सिंह के असिस्टेंट कमिश्नर बनने पर बधाई देने वालों का तांता लगा है और परिवारीजन बधाई लेकर अपने को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। पिता रणविजय सिंह, कृष्णदत्त सिंह, दुर्गेश सिंह, सूर्यकेश सिंह भोला, बृजकेश सिंह, चंद्रकेश सिंह, रामदुलारे सिंह, महावीर सिंह, भारतेन्दु सिंह, दिनेश सिंह, बालकेश सिंह, बलवंत सिंह, अनुराग पाण्डे, जयप्रकाश पाण्डे सहित तमाम अन्य लोग ने खुशी व्यक्त करते हुए रामकेश सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है। घर परिवार में खुशी के माहौल में लोग एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांग युवक की नहर में डूबने से हुई मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। शौच करने गए दिव्यांग युवक की नहर में डूब कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कटका थाना क्षेत्र के फतेहपुर मानिकपुर निवासी दिव्यांग कैलाश पुत्र स्वर्गीय अछैलाल 38 वर्ष शुक्रवार की सुबह घर से गांव निकट स्थित नहर पर शौच करने के लिए गया था, जहां नहर में अचानक पैर फिसलने से गिर गया और मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव की पहचान हो गई है और शव को कब्जे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तीन नामजद समेत 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दिन दहाड़े मुनीम से मारपीट कर 80 हजार रुपये और माल सहित पिकअप को लेकर फरार होने के मामले में जैतपुर पुलिस ने तीन ज्ञात, नौ अज्ञात समेत कुल एक दर्जन लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी समेत अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला बीते गुरुवार की है। जैतपुर थाना क्षेत्र के नेवादा कलां निवासी पुष्पेंद्र ने पुलिस से शिकायत किया है कि वह धीरेंद्र अग्रहरि के यहां पिकअप चलाता है और मुनीम भी है। बीते 17 जुलाई को धीरेंद्र अपनी पिकअप गाड़ी को गोदाम के सामने खड़ी कर रहा था। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग फुलवरिया की तरफ से आकर पीछे से पिकअप में टक्कर मार दिए और दोनों वापस चले गए। इसी दौरान जब वह गोदाम बैठ कर खाना खा रहा था तभी 10-12 लोग अलग-अलग मोटरसाइकिल पर बैठ कर आए और गाली-गलौज देने लगे। और पिटाई दी। साथ ही जेब में रखा 80 हजार रुपया पिकअप की चाभी और मोबाइल निकाल लिया और पिकअप पर लदा माल पिकअप सहित लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना को अंजाम देने में वंदना यादव और हरिश्चंद्र यादव और एक व्यक्ति जो अचल नगर चौराहे पर फल बेचता है वह शामिल था। मामले में जैतपुर थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि आरोपी हरिश्चंद्र यादव, चंद्रभान यादव और एक फल बिक्रेता समेत नौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 12 वर्ष बाद विक्षिप्त युवक को मुंबई की संस्था ने परिजनों को सौंपा

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। 12 वर्ष पूर्व घर से गायब विक्षिप्त युवक को मुंबई की एक सामाजिक संस्था ने पुलिस के माध्यम से परिजनों को सौंप दिया। जिससे परिजनों में खुशी का माहौल पैदा हो गया। मामला कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के बहरामपुर नगपुर गांव से जुड़ा है। बहरामपुर नगपुर निवासी स्व. मुन्ना खां का पुत्र मो. मासूम की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जो 12 वर्ष पूर्व घर से लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन किया, मगर कहीं पता नहीं चला तो परिजन थक हार कर बैठ गए। इस दौरान विक्षिप्त युवक के माता-पिता का भी देहांत हो गया। बहनों ने भाई को 12 वर्ष बाद पाकर गले लिपट गई। विक्षिप्त युवक को परिजनों से मिलाने वाली संस्था के शकील अहमद ने बताया कि मो. मासूम उनकी संस्था को तीन माह पहले चेम्बूर इलाके से मिला था। जिसके बाल और नाखून काफी बढ़े थे। जिस को नहला धुला कर संस्था में लाया गया। जहां उसका मानसिक चिकित्से के माध्यम से इलाज कराया गया। जब उसकी हालत में सुधार हुआ तो नाम पता पूछकर उसे सुपुर्द किया गया। कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्य के लिए संस्था की खूब सराहना हो रही है।


विक्षिप्त युवक को पुलिस के सामने परिजनों को सौंपते मुंबई के शकील अहमद।

### 5वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी रामचंद्र

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दिवंगत समाजसेवी एवं व्यापारी नेता रामचंद्र जायसवाल की पांचवीं पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके शुकुल बाजार स्थित आवास पर श्रद्धापूर्वक मनायी गई। दिवंगत व्यापारी नेता के छोटे भाई जयप्रकाश जायसवाल एवं पुत्र अमित रंजन जायसवाल के नेतृत्व में मनाई गई पुण्यतिथि कार्यक्रम में अतरौलिया चेयरमैन सुभाष जायसवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बलिराम गौतम, पप्पू शुक्ला, प्रशांत सिंह, सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि जनार्दन यादव, रामप्रसाद उपाध्याय, बीके उपाध्याय आदि लोगों ने स्वर्गीय रामचंद्र जायसवाल को नम आंखों से याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं लखनऊ विधायक डॉ. नीरज बोरा, किछौछा चेयरमैन ओमकार गुप्ता, राहुल दत, वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नंदलाल जायसवाल, व्यापारी नेता शिवकुमार गुप्ता, अनिल अग्रहरि, नरेंद्र अग्रहरि, नवनीत मद्धेशिया, अजितेश जायसवाल, विमल पाण्डेय, अभिषेक गुप्ता, पवन अग्रहरि, भूपेश जायसवाल, आशिका जायसवाल आदि कई लोगों ने दिवंगत व्यापारी नेता रामचंद्र जायसवाल के पुत्र अमित रंजन जायसवाल को फोन कर और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापारी नेता को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### अगवा छात्रा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। बीते सप्ताह विद्यालय गई नाबालिक छात्रा को अपहृत करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बाल अपचारी केंद्र भेज दिया है। प्रकरण मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। बता दें कि थाना क्षेत्र के बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा सरदार पटेल स्मारक डिग्री कॉलेज लारपुर प्रतिदिन की भांति 10 जुलाई को घर से पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आई तो परिजन परेशान होकर काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पर पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि गांव का ही निगम उर्फ रवि कहीं लेकर उसे फरार हो गया है। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी को खजुरी बाजार से शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नाबालिक छात्रा का मेडिकल आदि कराते हुए परिजनों को सौंप दिया और आरोपी को विभिन्न धाराओं और पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी केन्द्र भेज दिया। गिरफ्तार कर्ता टीम में उप निरीक्षक संदीप कुमार विश्वकर्मा और कांस्टेबल लाल बहादुर यादव शामिल रहे। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर बाल अपचारी न्यायालय भेज दिया गया है।

### आईएएस बने सौरभ को क्षत्रिय समाज ने किया सम्मानित


प्रतिभा सम्मान समारोह में मौजूद हवलदार सिंह व साथ में मौजूद अन्य लोग।

अमृत विचार। क्षत्रिय समाज ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें संघ लोक सेवा आयोग आईएएस में चयनित हुए सौरभ सिंह को सम्मानित किया गया। सौरभ सिंह की प्रारंभिक शिक्षा विद्या मंदिर में हुई इनकी माता अध्यापिका और पिता बिजनेस मैन हैं। इनका पैत्रिक आवास गौरा ग्राम सभा अकबरपुर में है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हवलदार सिंह अध्यक्ष क्षत्रिय समाज द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम का संचालन सूर्यभान सिंह संयोजक क्षत्रिय समाज द्वारा किया गया।

# पति ने की थी पत्नी की हत्या पुलिस ने किया खुलासा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद में गड्ढे में दो दिन पहले बरामद महिला के शव के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति ने ही उसकी हत्या कर शव फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी पति को जेल भेज दिया है।

बसखारी थाना क्षेत्र के जलालपुर रोड पर घुरहूपुर में अर्द्धनिर्मित मकान के पास गड्ढे में 17 जुलाई को एक महिला का शव मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। महिला की पहचान बलिया के बैरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज निवासी शबनम के रूप में हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि महिला अपने पति जाकिर हुसैन का इलाज कराने अपने पिता मैनुद्दीन के साथ किछौछा शरीफ दरगाह आई थी। शबनम बीते 14 जुलाई को अपने पति के साथ अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद शबनम के पिता ने बसखारी थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि महिला का पति शौच कराने के बहाने उसे कुछ दूरी पर स्थित अर्ध निर्मित मकान में ले गया। वहां उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी और खुद वहां से भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# कटेहरी उप चुनाव जीतना जरूरी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी।

अमृत विचार। सहकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री जेपी एस राठौर के निर्देशन पर जनपद में चलाए जाने वाले सघन पोधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि कटेहरी विधानसभा उप चुनाव हमारे लिए संजीवनी का काम कर सकती है। राष्ट्र निर्माण और समाज हित में हम सभी को उप चुनाव जीतना जरूरी है। इस अवसर को हम किसी भी प्रकार से खोना नहीं चाहते हैं। कटेहरी उप चुनाव में हम चुनाव जीते ऐसी योजना रचना पर हमें अभी से लग जाना चाहिए। जनपद की सहकारिता विभाग को 10 हजार पेड़ लगाने का जो लक्ष्य प्रदेश नेतृत्व ने दिया है, उसे हम शत-प्रतिशत पूरा करें यह हम सभी की जिम्मेदारी है। जिसे हम आपसी सहयोग से पूरा कर सकते हैं। कार्यकर्ता का कार्य काम करना है। कार्य से ही हमारी और संगठन की पहचान है। बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण और श्रम विकास फेडरेशन डायरेक्टर चंद्रिका प्रसाद, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, जिला मंत्री संजय सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक उपाध्याय, राम बक्श सिंह, सभापति रमेश मिश्रा, संतोष तिवारी, संगम पाण्डेय, अरविंद दुबे, भीष्म द्विवेदी, अभिमन्यु, कुलदीप सिंह, सुभाष वर्मा, राजेश पाण्डेय, अनिल वर्मा, राजा राम, विजय, सुबेदार, रवींद्र, राघवेंद्र आदि मौजूद रहे।

वार्षिक बजट | बार अध्यक्ष ने की अगले वार्षिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा, सात अगस्त को होगा बार का चुनाव

# बार एसोसिएशन का बजट सर्वसम्मति से पास

विधि संवाददाता, अंबेडकरनगर।


बार एसोसिएशन की आम सभा को संबोधित करते वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित ताराकांत त्रिपाठी व सदन में मौजूद बार अध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी। अमृत विचार

अमृत विचार। बार एसोसिएशन के वार्षिक बजट के लिए शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक बार अध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता व सचिव हरिगोविन्द यादव के संचालन में हुई। बैठक में सचिव ने वार्षिक आय और व्यय का बजट पेश किया।

बार एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी ने वर्ष 2023-24 के लिए सम्पूर्ण आय 11 लाख 83 हजार 50 रुपए और 11 लाख 46 हजार 236 रुपए के व्यय का बजट पेश किया। जिसमें से कुल 4 लाख 95 हजार 500 रुपये का फिक्स डिपाजिट और 46 हजार 861 रुपए नगद का बजट पेश किया गया। आमसभा में चर्चा के उपरांत सभी सदस्यों ने वर्तमान कार्यकारिणी के अधिवक्ता हित में विकास कार्यों की सराहना करते हुए सर्वसम्मति से बजट को पास कर दिया। बजट के उपरांत अध्यक्ष ने अगले वार्षिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किया। कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई को सदस्य अधिवक्ताओं को फीस जमा करने की अंतिम तिथि होगी और 24 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। वहीं मतदाता सूची पर आपत्ति व आपत्ति पर निस्तारण 25 जुलाई व अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 26 जुलाई को होगा। 29 जुलाई को नामांकन व उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 30 जुलाई को उम्मीदवारों के नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। सात अगस्त 10 से 4 बजे तक मतदान होगा। 8 अगस्त को 10 बजे से मतगणना व उसी दिन परिणाम की घोषणा होगी।

**प्रत्याशियों को देना होगा शपथ पत्र :** चुनाव अधिकारी बार एसोसिएशन के सचिव हरिगोविंद यादव ने बताया कि इस बार चुनाव में मतदाताओं को बार काउंसिल द्वारा जारी परिचय पत्र के साथ सीओपी सर्टिफिकेट और बीसीआई पास आउट की कापी नामांकन पत्र के साथ लगाना आवश्यक है। सभी प्रत्याशियों को नामांकन पत्र के साथ आपराधिक प्रकरण में शपथ पत्र भी देना होगा। बैठक में मुख्य रूप से पंडित तारकांत त्रिपाठी, विनोद श्रीवास्तव, डीपी सिंह, त्रिभुवन नाथ पांडेय, महेंद्र सिंह, संगम लाल तिवारी, भरत राज यादव, सुनील श्रीवास्तव, विशाल सिंह, कोषाध्यक्ष चित्रांश अमित श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सह सचिव सत्यमानव दयाल, मनोज पांडेय, अरविंद सिंह, शिवाकांत पांडेय, राजेन्द्र पटेल, सुरेंद्र यादव, पवन यादव, महबूब आलम आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रिंस हेड बॉय और मरियम बनीं हेड गर्ल

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। नगर क्षेत्र स्थित डीएवी एकेडमी में उत्साह के साथ शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम सिंह मौजूद रहे। समारोह के दौरान छात्रों को हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्कूल प्रीफेक्ट्स और क्लास मॉनिटर्स के रूप में उनकी भूमिकाओं को दर्शाते हुए बैज और सैश से सजाया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधक आनंद कुमार आर्य, वरिष्ठ बोर्ड सदस्य भूपेंद्र मेहरोत्रा, प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल, शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

# लाल निशान छूने को बेताब घाघरा, बाढ़ का बढ़ा खतरा

## ऐली परसौली में नदी की कटान में समाया फूस का मकान, सब्जियों की खेती हुई चौपट, पशुओं के लिए चारे का संकट गहराया

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचार:** नदियों का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। घाघरा लाल निशान छूने को बेताब दिख रही है। जिससे तरबगंज तहसील में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

ऐली परसौली के राजाराम पुरवा में कटान भी शुरू हो गई है जिसमें तिलक राम का फूस का आशियाना नदी में कटान की भेंट चढ़ गया। बेलसर ब्लॉक के चार गांव में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे रिहायशी इलाकों की तरफ बढ़ने लगा है। ऐली परसोली के 30 मजरों नई बस्ती रामफेर पुरवा, बिहारी पुरवा तेलमहन पुरवा की करीब 6000 आबादी गढी के 10 मजरों की 1000 आबादी तथा जबरनगर व परास के 10 मजरों की लगभग 1000 आबादी एक बार फिर बाढ़ की आहट से भयभीत नजर आ रही है। गत सप्ताह आई बाढ़ से धान की नर्सरी व रोपी गई धान की फसलें भी पूरी तरह से नष्ट हो गई। पशुओं के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। अन्य सब्जियों की खेती चौपट हो गई। ऐसे में परिवार के भरण पोषण के लिए संकट के बादल गहराते जा रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने राहत कार्य तेज कर दिया है।

बाढ़ चौकी ऐली पर पूरी मुस्तैदी के साथ बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। लेखपाल अंकित कुमार ने बताया कि अब तक 800 परिवारों में रहता किट बांटी जा चुकी है। शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक अवधेश दुबे मनीराम यादव सुरजीत सिंह अमरेश यादव रामअवतार निषाद शेर बहादुर यादव आदि लोग बाढ़ चौकी पर पीड़ितों की सहायता में मुस्तैद रहे और बाढ़ पीड़ितों में राहत किट का वितरण किया गया इस बावत एसडीम तरबगंज विशाल कुमार ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं सभी को राहत पहुंचाई जा रही है।


गांव में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार


बाढ़ पीड़ितों को दी गई राहत सामग्री। अमृत विचार

## युवक ने फंदे पर लटककर दी जान

**परसपुर, विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम चरसड़ी में बुधवार की रात एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चरसड़ी निवासी जनक दुलारी पत्नी अयोध्या ने थाने पर सूचना दिया कि उनका नाती नितिन श्रीवास्तव उर्फ भोला पुत्र राजकुमार श्रीवास्तव बुधवार की रात अपने कमरे में सोया था। सुबह जब कमरे की तरफ गयी और आवाज दी तो कोई आवाज न आने पर खिड़की से अन्दर देखा तो वह फांसी पर झूल रहा था। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### एक नजर

**कुरसहा में समूह गठन के लिए भेजी गई टीम**

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुरसहा व जमुनही हरदोपट्टी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आगामी 20 जुलाई से महिला स्वयं सहायता समूह के गठन के लिए दो टीमें भेजी जाएंगी। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि इन दोनों टीमों को ग्राम पंचायतों में आगामी पांच अगस्त तक निवास कर दस दस महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन का लक्ष्य सौंपा जाएगा।

**रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज**

**इटियाथोक, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ओमप्रकाश वर्मा निवासी मदारनगर रमवापुर नायक ने आरोप लगाया है कि रास्ते के विवाद को लेकर रंजिशन अजीज अहमद, नवाब अली, सुलेमान निवासी गण मदार नगर व शाहबाज खान निवासी करमडीह कला ने लाठी डंडे से मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

**ग्राम प्रधान को सांसद और विधायक ने दी श्रद्धांजलि**

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लाक की ग्राम पंचायत कुरसहा की ग्राम प्रधान सीतापती की मृत्यु पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस सभा में केंद्रीय राज्य मंत्री/क्षेत्रीय सांसद कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया व क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया तथा इटियाथोक की ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने उनके चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कृपाराम तिवारी, राजेश सिंह, राजकुमार झोंगे महराज, पवन कुमार व शोभित तिवारी समेत आसपास के इलाकों के कई लोग मौजूद रहे।

## प्रसव के लिए आई गर्भवती की मौत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल में प्रसव कराने आई गर्भवती की मौत हो गई। शुक्रवार को सुबह इटियाथोक के रमवापुर निवासी एक गर्भवती को प्रसव कराने के लिए महिला अस्पताल लाया गया। जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव को लेकर चले गए। अस्पताल में किसी प्रकार की सूचना या शिकायत नहीं दर्ज कराई गई। सीएमएस डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि महिला को गंभीर हालत में लाया गया था। अस्पताल पहुंचते ही मौत की पुष्टि हुई। परिजन उसको लेकर घर चले गए थे। नाम आदि की जानकारी नहीं है।

## जिला गन्ना अधिकारी ने पशु आश्रय केंद्र का किया निरीक्षण

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** विकासखंड वजीरगंज क्षेत्र में जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने अनुभुला व मझारा पशु आश्रय केंद्र का जायजा लिया। मझारा पशु आश्रय केंद्र पर मौजूद 155 गोवंश मौजूद मिले।

उन्होंने केंद्र पर भूषा, हरा चारा व पानी की व्यवस्था को परखा। उन्होंने केंद्र पर पर्याप्त जगह होने पर नर व मादा गोवंशों को अलग अलग रखने तथा परिसर में ही हरी घास की बुआई करने का निर्देश प्रधान व सचिव को दिया। अनुभुला में 89 गोवंश मिले। गौशाला में जगह की कमी बतायी।

उन्होंने गौशाले में बंधे गोवंशों को चराने की सलाह दी। गो आश्रय केंद्र पर भूसा की उपलब्धता रही। उन्होंने पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाव के टीकाकरण के बारे में भी पूछताछ की तथा नियमित साफ सफाई करने का निर्देश दिया। प्रभारी पशुचिकित्साधिकारी डॉ विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि गौशाला के सभी पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। इस मौके पर डॉ पूजा आर्या व प्रधान प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह आदि मौके पर मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**खरगूपुर, अमृत विचार:** ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम फरेंदा कानूनगो के फरेंदी मजरे के निवासी 25 वर्षीय राजन तिवारी पुत्र राम निवास तिवारी शुक्रवार की दोपहर अपने खेतों की तरफ गया था। इसी बीच वह गोंडा से बलरामपुर की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना में युवक राजन तिवारी की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। युवक का शव भवानीपुर कलां स्टेशन के उत्तरी ओर 500 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। पुलिस चौकी भवानीपुर खुर्द की पुलिस ने घटना की जानकारी ली है।

## खबर छपने के बाद जागा मंडी प्रशासन किसान विश्रामगृह का खुला ताला

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** आखिरकार खबर छपने के बाद मंडी प्रशासन ने किसान विश्राम गृह का ताला खुलवाते हुए साफ सफाई शुरू कर दी है। किसानों को उम्मीद है कि उनको विश्रामगृह में सरकार की ओर से दी जा रही सारी सुख सुविधा मिलेगी। अमृत विचार समाचार पत्र ने गुरुवार के अंक में मंडी में किसानो के सुविधाओं का टोटा शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था, जिसको संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को गल्ला मंडी में बने किसान विश्रामगृह का ताला खुलवाते हुए साफ-सफाई शुरू कर दी है। कृषि उत्पादन मंडी समिति में जो किसान अपने उपज को बेचने के लिए लाते हैं उन किसानों को आराम करने के लिए सरकार की ओर से मंडी परिसर में विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है। लेकिन स्थानीय मंडी प्रशासन के लापरवाही से किसानों के सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। किसानों के लिए बने विश्रामगृह में ताला तो लगा हुआ था ही काफी दिनों से इसकी साफ सफाई भी नहीं कराई गई थी । इसमें कबाड़ रखा जाता था। बताया तो जाता है कि मंडी के जिम्मेदार अफसर ने इसको कुछ दिन पहले मंडी के व्यापारियों को निजी लाभ लेते हुए दे दिया था, जिसमें वह लोग खाद्यान्न रख रहे थे। लेकिन वर्तमान समय में उसमें कुछ पुराना सामान रखा हुआ था और दरवाजे पर ताला जड़ दिया गया था । जो किसान आते थे वह या तो व्यापारियों के यहां टीन सेट में बैठते थे या फिर बाहर कहीं समय काटते थे। लेकिन समाचार पत्र में खबर छपने के बाद मंडी प्रशासन की ओर से साफ सफाई करते हुए ताला खुलवाया गया है । सफाई कर रहे मजदूरों ने बताया कि वह लोग मंडी के सफाई ठेकेदार के आदमी हैं । सुबह से ही इस भवन की सफाई की जा रही है।

# जीएसटी हटाने के लिए सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बेलसर

**अमृत विचार:** एलआईसी प्रीमियम से जीएसटी हटाने के लिए बीमा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सांसद गोंडा एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्तवर्धन सिंह के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।

बीमा कर्मचारी संघ गोंडा के अध्यक्ष राम नरेश शुक्ल एवं मंत्री सुशील तिवारी की अध्यक्षता में संघ के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को सांसद गोंडा एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के आवास पर एलआईसी प्रीमियम से जीएसटी हटाने के लिए सांसद प्रतिनिधि रमा शंकर मिश्र को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष राम नरेश शुक्ल ने कहा कि एलआईसी प्रीमियम में अभी जीएसटी के कारण प्रीमियम महंगा हो जाता है जिसका भार उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता है। मंत्री सुशील तिवारी ने कहा कि जीएसटी हटाने के लिए कई बार सरकार से मांग की गई लेकिन इस तरफ सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है। संघ के सदस्यों ने सांसद से उनकी मांग को संसद में उठाने को कहा। दिलीप श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश तिवारी, नितिन गोयल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र को ज्ञापन देते बीमा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार


संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत करते शिक्षामित्र। अमृत विचार

## प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ वजीरगंज ब्लॉक इकाई का गठन

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र वजीरगंज में प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की बैठक शुक्रवार को डाकबंगले पर सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्र की उपस्थिति में ब्लॉक कमेटी का गठन किया गया। चुनाव प्रभारी अभिमन्यु मिश्र ने बताया कि ब्लॉक संरक्षक पद पर रामप्रकाश द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, महामंत्री शिवकुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश पांडेय, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, अरुण सिंह, सुनील सिंह, धर्मवती सिंह, मंत्री शिव वरदान सिंह, ऑडिटर अनिल सिंह, प्रचार मंत्री रामसुमिरन, मीडिया प्रभारी जितेंद्र आजाद, संयुक्त मंत्री दिलीप वर्मा व सरोज तिवारी तथा संगठन मंत्री कृष्ण कुमार व सुमन ओझा को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्र ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षामित्रों के अधिकारों के लिए सजग रह कर संघर्ष करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, अनिता सिंह, माधुरी सिंह, नीलम तिवारी, अमरजीत चौहान सहित तमाम शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### सार-संक्षेप

**मांगों को लेकर सीडीओ को सौंपा पत्र**

**करनैलगंज, अमृत विचार :** शुक्रवार को विकासखंड करनैलगंज के ग्राम पंचायत नरायनपुर मांझा में आयोजित ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मोली ने जन सुनवाई की। इस मौके पर जीवन ज्योति फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार दुबे ने जनहित से जुड़ी 10 मांगों को लेकर डीएम को सम्बोधित मांग पत्र सीडीओ को सौंपा। जिसमें मांग की कि ग्राम पंचायत नरायनपुर मांझा में पशु चिकित्सा केंद्र व गौशाला की स्थापना कराई जाए जिसके लिए जमीन पर्याप्त है। यहां सार्वजनिक शौचालय की स्थापना, बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना, ग्राम पंचायत के छूटे हुए पांच मजरों में विद्युतीकरण का कार्य, खेल मैदान की स्थापना, सार्वजनिक स्थल व अति पिछड़े गरीब व्यक्तियों को सोलर लाइट, ग्राम पंचायत के लगभग 50 गरीब लोगों को आवास, गांव छमाईहन पुरवा में सरयू नदी में पीपे का पक्का पुल बनवाया जाए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 300 बच्चों के सापेक्ष अध्यापक कम हैं। ऐसे में इनकी शीघ्र तैनाती की जाए।

**जिलाधिकारी ने गोष्ठी में दिया जल संरक्षण का संदेश**

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में भूजल सप्ताह के तहत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी और मुख्य विकास ने हरी झंडी दिखाकर भूजल प्रचार वाहन को रवाना किया। उन्होंने भूजल संरक्षण करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रणाली अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोग वर्षा जल का संचयन करें। डीएम ने कहा कि भूजल संरक्षण का संदेश आम जनता तक पहुंचे और वह इसके प्रति संवेदनशील बन सकें। भूगर्भ जल विभाग की सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट प्रिया चौबे द्वारा गोष्ठी का संचालन किया गया और उन्होंने प्रस्तुतीकरण के मध्यम जनपद गोंडा की भूगर्भ जल की स्थिति को समझाया। बताया कि गोण्डा भूजल स्तर की स्थिति के अनुसार अभी सुरक्षित श्रेणी में है। इस गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, प्रभारीय वनाधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, हाइड्रोलॉजिस्ट अजीत कुमार कन्नौजिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**किशोरी से दुष्कर्म, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**नवाबगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बीते छह नवम्बर की रात्रि में करीब 8.30 बजे शौच के लिए गांव से बाहर गई थी। उसी समय गांव के अभिषेक झाड़ी में पहले से बैठे थे। उसकी लड़की के पहुंचने पर युवक उसका हाथ पकड़ कर झाड़ी में खींच लिया और उसके साथ में जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसकी लड़की ने लोक लाज तथा डर के कारण घर पर घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। कुछ समय के बाद उसके शरीर में परिवर्तन होने पर उसे शंका हुई तो अपनी लड़की से पूछताछ करने पर उसने घटना के बारे में बताया। उसके बाद उसके पति पुत्री के साथ युवक के घर जा कर बात करनी चाही तो उन्होंने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट तथा दुष्कर्म के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क दुर्घटना में बालक समेत तीन घायल**

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थानाक्षेत्र के अयोध्या गोंडा मार्ग पर दयानंद आर्य वैदिक इंटर कॉलेज के पास दो बाइकों की भिड़ंत में 6 वर्षीय मासूम समेत तीन लोग घायल हो गए। शमीम पुत्र रहमत अली निवासी मोहिलया चन्दापुर बाइक से वजीरगंज बाजार आ रहा था। दयानंद स्कूल के पास अचानक बाइक मोड़ दिया, जिससे पीछे बाइक से आ रहे, राकेश निषाद पुत्र शंभुलाल निषाद 25 वर्ष मंजू पत्नी राजेश निषाद 28 वर्ष अम्बरीष निषाद पुत्र राजेश 06 वर्ष निवासी जैदपुर निषाद पुरवा मांझा नवाबगंज बाइक से भिड़ कर घायल हो गये। सूचना पर पहुँची वजीरगंज पुलिस घायलों को सीएचसी लायी जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज गोण्डा रेफर कर दिया।

**प्रतिनिधि को मातृ शोक, केंद्रीय राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**


संवेदना व्यक्त करते विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गोंडा सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा की मां का निधन कुछ दिन पहले हो गया था। केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने उनके पैतृक आवास कैथोली पर जाकर शोक संवेदना प्रकट किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि दुख के इस घड़ी में वह म परिवार के साथ हैं। उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह परिवार को हर संभव सहायता करेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उनको अवगत कराये समस्या का हर हाल में निदान होगा। उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वर मृतक आत्मा को स्वर्ग में स्थान दें।

# खोदे गए नाले पर मिट्टी पाटकर शुरू कराया गया आवागमन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जलनिकासी को लेकर पुलिया की खुदाई कर दी गई थी जिससे आवागमन बाधित हो गया था। रास्ता बंद होने से व्यापारियों में आक्रोश था। सिटी मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी में पहुंचकर खोदे गए जगह पर मिट्टी पटवा कर आवागमन शुरू करा दिया है। रानी बाजार से होते हुए पुराने रेलवे माल गोदाम से बहराइच रोड को जाने वाले रास्ते पर बनी पुलिया को चल निकासी को लेकर तोड़ दिया गया जिसे रास्ता बंद हो गया था । रानी बाजार की कई व्यापारियों का गोदाम इस पुलिया के उस पार पड़ता है ।जब पुलिया को तोड़ दिया गया तो व्यापारियों का खाद्यान्न व अन्य सामान गोदाम से ना ही निकल पा रहा था और ना ही जा पा रहा था । जिससे व्यापारियों में आक्रोश था। बताया जाता है कि स्थानीय क्षेत्र के सभासदों ने जल निकासी को लेकर पुलिया को तुड़वा दिया था जिसका विरोध भी हो रहा था। लेकिन जलभराव की समस्या को बताते हुए पुलिया को जेसीबी से तोड़ा गया था । जब रास्ता बंद हो गया तो व्यापारियों ने आक्रोश जताते हुए जिला प्रशासन को अवगत कराया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय कुमार शर्मा व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने पहुंचकर मामले की जानकारी ली उसके बाद स्थानीय लोगों ने खोदे गए नाले पर मिट्टी पाठ दिया तब जाकर आवागमन शुरू हो। बताया जाता है कि अभी इस पुलिया को लेकर नगर पालिका द्वारा निर्माण के लिए के टेंडर भी नहीं निकल गया है ना ही रेलवे से अनुमति ली गई है।



## बिजली की समस्या को लेकर दिया पत्र

**करनैलगंज, अमृत विचार :** शुक्रवार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मोहसिन खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने अधिशाषी अभियंता को पत्र दिया है। जिसमें कहा है कि नगर के मोहल्ला सदर बाजार लारी रोड, करनैलगंज तहसील मुख्यालय की बिजली आए दिन बंद रहती है। विद्युत उपकेंद्र पर जब लोग शिकायत करने जाते है तो उनका जल्दी शिकायत दर्ज नहीं की जाती है। लोगो का कहना है कि आए दिन बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। इस मौके पर मोहम्मद शमी, कैलाशनाथ, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## प्रधान पद पर 15 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत पिपरा चौबे व कुरसहा में ग्राम प्रधान तथा 11 ग्राम पंचायतों को मिलाकर 13 ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए हो रहे उप चुनाव प्रक्रिया में नामांकन के दूसरे दिन ग्राम प्रधान पद के लिए 13 प्रत्याशी व ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। इस प्रकार से ग्राम प्रधान पदों के लिए 15 प्रत्याशी पर्चा खरीद चुके हैं। ब्लॉक के सहायक निर्वाचन अधिकारी रोशन लाल व सुनील कुमार सिंह राठी ने बताया कि ग्राम पंचायत पिपरा चौबे में ग्राम प्रधान पद के लिए पूनम देवी, प्रमोद कुमार, रमेश, शशिबाला, धीरेंद्र कुमार, जामवंती, सुनीता, चंद्रवती, जटा शंकर व गुड़िया देवी तथा ग्राम पंचायत कुरसहा मे कंचन देवी, निधि पांडेय, मालती देवी, पूजा व पूनम देवी ने पर्चा खरीदा है।

इसी प्रकार से 13 ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए ग्राम पंचायत भोपालपुर से सुखना, कुरासी से रामलाल तथा मधवा नगर से योगमाया ने नामांकन पत्र खरीदा है। 22 जुलाई को दोपहर बाद शाम चार बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत होगा। उम्मीदवार 24 जुलाई को नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे।

# ग्राम चौपाल में सीडीओ ने की जनसुनवाई

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** विकासखंड करनैलगंज की छह अलग-अलग ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल में सीडीओ एम. अरुमौली ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत सकरौरा के कंपोजिट विद्यालय परिसर में लगी चौपाल में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिकायतों को सुनने के लिए उन्होंने प्रार्थना पत्र लेना शुरू किया तो राशनकार्ड न बनने और पेंशन न मिलने के साथ-साथ छतई पुरवा गांव में एक मार्ग का निर्माण न कराए जाने की शिकायत रिंकू ओझा, बैजनाथ तिवारी व अंशुमान मिश्र द्वारा की गई। प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर माझा में भी चौपाल लगाई गई। इसमें सर्वाधिक शिकायतें भूमि विभाग से संबंधित आईं। यहां जीवन ज्योति फाउंडेशन के दिनेश दुबे ने शिकायत की कि प्रावि में विद्युतीकरण कराया जाए। भठियारन पुरवा में अधूरे सड़क निर्माण कार्य पूरे कराए जाएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दवा का छिड़काव कराया जाए। सरकारी जमीनों पर कब्जा और सरकारी जमीनों का फर्जी पट्टा होने के साथ-साथ मिट्टी खनन, बालू खनन और सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायतें आईं। जिस पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरे मामले की जांच के साथ कार्रवाई करने के निर्देश उपजिलाधिकारी करनैलगंज को दिया। यहां भी तमाम शिकायतें पेंशन से संबंधित आईं। तो समाज कल्याण अधिकारी को मौके पर ही बुलाकर उसका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह ग्राम पंचायत जहांगीरवा, चंगेरिया, कोनहटा और कटरा शाहबाज पुर गांव में भी शिकायतों का अंबार लगा रहा। मगर सबसे अधिक शिकायती प्रार्थना पत्र ग्राम नारायन पुर माझा में आए। जिस पर सीडीओ ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कृषि उप निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी करनैलगंज, तहसीलदार करनैलगंज, खंड शिक्षा अधिकारी करनैलगंज, खंड विकास अधिकारी सहित लगभग सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



सकरौरा ग्राम पंचायत में आयोजित चौपाल में जनसुनवाई करतीं सीडीओ एम अरुन्मौली।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई महिला, दी तहरीर

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह ने एक महिला को चचेरा भाई बनकर झांसे में लेकर उससे 37000 की ठगी की। महिला ने थाने में तहरीर दी है।

थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम पहाड़ापुर निवासी रूबी मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें कहा गया है कि उसके मोबाइल नंबर पर एक अनजान नंबर से फोन आया और उसने चचेरे भाई रोहित मिश्रा बनकर फोन किया और कहा कि मेरा मोबाइल स्विच ऑफ हो गया है और भाई मोहित की तबीयत बहुत ज्यादा खराब है। जिसको लेकर लखनऊ आया हूं। मुझे 40 हजार रुपए भेज दो मैं आकर वापस कर दूंगा। रोहित मिश्रा उसके चाचा का लड़का था ऐसे में उसने विश्वास किया तो उसे किसी डॉक्टर और एक अस्पताल का खाता नंबर दिया गया तो उसे और विश्वास हो गया कि अस्पताल के नंबर पर 40000 भेजने को कहा गया है। फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि मैं घर आकर आपको पैसे वापस कर दूंगा।


ट्रैक मरम्मत के कार्य की निगरानी करते अधिकारी। अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज में रक्तदान करतीं डॉ. अनीता मिश्रा। अमृत विचार


हादसे के बाद ट्रैक की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

# चौथे रेलयात्री का शव बरामद, ट्रैक से हटाई गईं क्षतिग्रस्त बोगियां

## महाप्रबंधक समेत रेलवे के अन्य अफसर घटनास्थल पर मौजूद, 800 कर्मचारी कर रहे ट्रैक की मरम्मत का काम, रातभर चला रेस्क्यू अभियान

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार:** चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज गति से किया जा रहा है। इस काम के लिए रेलवे के 800 कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर समेत विभाग की आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और उनके निगरानी में ट्रैक मरम्मत का काम चल रहा है।

वहीं शुक्रवार को क्षतिग्रस्त बोगी को हटाए जाने के बाद उसके नीचे दबा हुआ शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वाले वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक यात्री की शिनाख्त में जुटी हुई है। रेलवे ट्रैक के आसपास पड़ी बोगियों को जेसीबी के सहारे हटा दिया गया है और ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। रेलवे के आला अफसर घटनास्थल पर मौजूद हैं और मरम्मत कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं।

दस यात्रियों की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। चार यात्री जिले के मेडिकल कालेज में भर्ती कराए गए हैं जबकि चार यात्रियों को शहर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो यात्रियों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। उन्हें लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। वहीं हादसे के बाद पुलिस प्रशासन व रेलवे विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी रात रेस्क्यू अभियान चलता रहा। ट्रैक पर फंसी बोगियों को हटाने को लिए 15 जेसीबी मशीनों को बुलाया गया था। रात भर जेसीबी से बोगियों को ट्रैक से हटाकर किनारे किया जाता रहा। ट्रैक खाली होने के बाद टूटी पटरियों के मरम्मत का काम शुरू हुआ। ट्रैक मरम्मत के लिए करीब 8 सौ रेल कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर, आरपीएफ आईजी तारिक अनवर, कमांडेंट चन्द्र मोहन मिश्र, डीआरएम आदित्य कुमार, अधीक्षण अभियंता मुख्यालय गोरखपुर आईआरएस अखिलेश त्रिपाठी, पीसीई रंजन यादव व पीसीएमयू मनोज अग्रवाल की देखरेख में ट्रैक मरम्मत का काम चल रहा है। जीएम सौम्या माथुर ने बताया कि कोशिश की जा रही है कि ट्रैक मरम्मत को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए ताकि इस रूट को बहाल किया जा सके। उन्होंने दावा किया कि देर शाम तक ट्रैक पर आवागमन बहाल कर दिया जायेगा।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर रेस्टोरेशन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। 800 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी रेस्टोरेशन कार्य कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप अप लाइन को डीजल फिट दिया गया है। रिलीफ मैटेरियल के आवागमन तथा डाउन लाइन पर रेस्टोरेशन कार्य के लिए इस लाइन का ब्लाक लिया गया है तथा शीघ्र ही डाउन लाइन को भी फिट कर दिया जायेगा। तब तक इस मार्ग की गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

### परिवर्तित मार्ग से चल रहीं ट्रेनें

मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ जं. से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 12532 लखनऊ जं.-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। लालगढ़ से 18 जुलाई, 2024 को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी।

### निरस्त रही अयोध्या धाम मनकापुर पैसेंजर

ट्रेन मरम्मत के कारण शुक्रवार को अयोध्या धाम मनकापुर पैसेंजर ट्रेन निरस्त रही। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 04260 अयोध्या धाम-मनकापुर विशेष गाड़ी निरस्त की गयी है। मनकापुर से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 04257 मनकापुर-अयोध्या धाम विशेष गाड़ी, अयोध्या धाम से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 04258 अयोध्या धाम-मनकापुर विशेष गाड़ी व मनकापुर से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 04241 मनकापुर-अयोध्या धाम विशेष गाड़ी को निरस्त किया गया है।

## जिलाधिकारी ने घायलों का जाना हाल

गोंडा कार्यालय


एससीपीएम हॉस्पिटल में घायल के बारे में जानकारी लेतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में हुए दुखद ट्रेन हादसे के बाद राहत कार्य शुक्रवार को भी जारी रहा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सुबह जिला अस्पताल और रेलवे के संबद्ध एससीपीएम अस्पताल में भर्ती यात्रियों की स्थिति का जायजा लिया। रेलवे और जिला अस्पताल के डॉक्टरों की संयुक्त टीम की निगरानी में इसका इलाज चल रहा है। एसडीआरएफ व रेलवे की संयुक्त टीम को रेल बोगियों एवं ट्रैक की जांच के दौरान आज प्रातः काल एक यात्री का शव 02 बोगियों के बीच से बरामद हुआ है, जिसके शिनाख्त की कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार ट्रेन दुर्घटना में मृतकों की कुल संख्या 04 हो गई है। डीएम ने बताया कि आठ घायलों का इलाज दोनों अस्पतालों में चल रहा है। रेलवे ट्रैक की मरम्मत व इसे शीघ्र चालू कराने का कार्य प्रगति पर है। डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटना के राहत व बचाव कार्यों में जिला प्रशासन की ओर से 900 से ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों को लगाया गया है। 40 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। 22 बसों और 15 छोटी गाड़ियों से यात्रियों को मनकापुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया।

## जन संगठनों ने खूब दिखाई दरियादिली, किया रक्तदान


घायलों का हाल पूछते अटेवा के शिक्षक। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बृहस्पतिवार को रेल हादसे में घायल हुए यात्रियों की मदद में जिले के सामाजिक संगठनों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घायलों की जान बचाने के लिए कई जन संगठनों ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। जिले के प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ अनीता मिश्रा ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के लिए रक्तदान किया।

घायलों को खून की जरूरत पड़ी तो जिले के सामाजिक संगठन आगे आए। इंकलाब फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों के लिए रक्तदान किया और उनकी जान बचाई। फाउंडेशन की संरक्षकऔर गोंडा मेडिकल सेंटर की डायरेक्टर डॉ अनीता मिश्रा ने भी रक्तदान किया। उनके साथ पीयूष पांडे, नवनीत सिंह, दिनेश शर्मा, करुणा नंदन मिश्रा, विपुल पाठक सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के बाद डॉ अनिता मिश्रा ने कहा कि इस हादसे से सभी की आंखे नम हैं। घायलों की सहायता के लिए रक्तदान किया है। हमारा प्रयास है कि ब्लड बैंक में खून की कमी न होने पाए। संस्था के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि रेल हादसे के बाद से ही इंकलाब फाउंडेशन की टीम लगातार सहयोग में लगी हुई है। संस्था के ही जसपाल सिंह सलूजा, अजेय विक्रम सिंह, अजय प्रकाश सिंह भी सहयोग में लगे हैं। इस दौरान डॉ शिवांगी राज, डॉ चेतन प्रभारी ब्लड बैंक, डॉ शोएब इकबाल, पीयूष पांडे, अविनाश सिंह, दुर्गेश अवस्थी भी मौजूद रहे।

### शिक्षक संगठन अटेवा ने घायलों को बांटे फल

ट्रेन हादसे में घायल हुए लोगों की मदद के लिए शिक्षक संगठन भी आगे आया है। पुरानी पेंशन आंदोलन की लड़ाई लड़ रहे अटेवा के जिलाध्यक्ष अमर यादव ने मेडिकल कालेज पहुंचकर घायलों का कुशल क्षेम जाना और उन्हें फल, मंजन, बिस्किट, साबुन, नमकीन, ग्लूकॉन डी, पानी सहित अन्य सामग्री का वितरण किया। इस भीषण रेल हादसे पर अटेवा के पदाधिकारियों ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर संगठन प्रभारी गौरव पांडेय, जिला महामंत्री शिवकुमार, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कोषाध्यक्ष अब्दुल खालिक आदि मौजूद रहे।

## एक दिन पूर्व हादसे वाली जगह पर हुई थी ट्रैक की मरम्मत

**गोंडा/मनकापुर, अमृत विचार:** बताया जा रहा है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां एक दिन पहले ट्रैक की मरम्मत कराई गई थी। इस स्थान पर यात्री ट्रेनों को 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने की परमीशन थी, लेकिन गुरुवार को किसी तरह का सतर्कता आदेश जारी नहीं हुआ था। इसके चलते चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस अपनी अधिकतम रफ्तार पर चल रही थी। इसी के कारण वह स्थान पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों का भी कहना है की ट्रेन की स्पीड काफी तेज थी।

## रेलवे ने घायलों को दी 50-50 हजार की सहायता



**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** बृहस्पतिवार को रेल हादसे में घायल हुए 8 यात्रियों को रेलवे की तरफ से 50-50 हजार रुपये की नकद सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

असम को रहने वाले घायल यात्री नूर मोहम्मद, बिहार के सौगात अंसारी व शंभू कुमार ने अमृत विचार को सहायता धनराशि दिखाई। नूर मोहम्मद ने बताया कि मैं अंबाला से असम जा रहा था। रास्ते में ट्रेन धीमे-धीमे जा रही थी। जैसे ही ट्रेन की रफ्तार तेज हुई वैसे ही ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। हादसे में नूर मोहम्मद का दाहिना टूट गया है और शरीर में चोटें आई है। बिहार के रहने वाले शंभू कुमार ने कहा कि उसका भी पैर टूट गया है। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने उसे 50 हजार की सहायता उपलब्ध कराई है। बिहार के ही रहने वाले सौगात अंसारी ने बताया उसकी भी पैर टूट गया है। उसे भी 50 हजार की सहायता रेलवे विभाग ने उपलब्ध कराया है। देवरिया के रहने वाले राम इकबाल ने बताया कि मुझे शरीर में कई जगह हल्की-फुल्की चोटें आई हैं।

## रेल संरक्षा आयुक्त 21 से करेंगे जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


घटना के दूसरे दिन भी मौके पर पहुंचीं उत्तर रेलवे की जीएम सौम्या माथुर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गोंडा-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच बीते गुरुवार को चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच 21 जुलाई से शुरू होगी। रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना दोनों स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुए इस हादसे की जांच करेंगे। रेल संरक्षा आयुक्त घटना स्थल का निरीक्षण करेंगे और उसके बाद अशोक मार्ग स्थित डीआरएम कार्यालय में हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटायेंगे और उनकी पड़ताल करेंगे। हादसे के बाद रेलवे ने अब तक जो भी रिपोर्ट तैयार की है, रेल संरक्षा आयुक्त उस संयुक्त रिपोर्ट को भी देखेंगे। साथ ही इस घटना से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किये जायेंगे। बताते चले कि इसी माह की शुरुआत में रेल संरक्षा आयुक्त ने उन्होंने गोंडा-कचहरी करनैलगंज का निरीक्षण किया था।

चंडीगढ़- डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण अब तक पटरी की बकलिंग की समस्या बताई जा रही है। अधिक गर्मी के कारण पटरियां फैलने लगती है जिसे बकलिंग कहते हैं। जानकारी के अनुसार कीमैन स्नेह ने चार दिन पूर्व ही बकलिंग की जानकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर और सहायक अभियंता को दी थी।

## जिस जगह पलटी ट्रेन वहां ट्रैक के बगल भरा था पानी, चार फिट दूर मिली पटरी


हादसे के बाद टूटी पटरी। अमृत विचार


जहां पलटी ट्रेन बगल में भरा पानी।

संवाददाता, गोंडा/ मनकापुर

**अमृत विचार:** मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच जहां चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस डिरेल हुई थी वहां ट्रैक पर पानी भरे होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि पानी के चलते ट्रैक के नीचे की मिट्टी दरक गई थी जिससे पटरियों में गैप हो गया था। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पटरी की खराबी भी पायी गयी है।

कहा जा रहा है कि इसी खराबी के कारण हादसा हुआ। हादसे के बाद पटरी ट्रैक से छिटककर चार फीट दूर जा गिरी। हादसे की जांच के लिए शुक्रवार की देर शाम रेल संरक्षा आयुक्त व रेलवे की सीआरएस की टीम घटनास्थल पर रात भर हादसे के कारणों की पड़ताल करती रही और सुबह करीब 11 बजे चली गयी। जांच में क्या मिला इसकी जानकारी नहीं दी गयी। हादसे के कारणों को लेकर रेलवे के अफसरों के तरफ से भी अभी स्पष्ट कुछ नहीं कहा गया है। शुक्रवार को जीएम सौम्या माथुर ने कहा कि अभी जांच चल रही है।

चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। 10 यात्रियों की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। हादसे की जांच के लिए रेलवे विभाग ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया है शुक्रवार की देर शाम करीब 8:00 बजे सीआरएस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और हादसे के कारणों की पड़ताल की। टीम ने घटनास्थल से दो किमी दूर तक के रेल पटरियों को चेक किया और उनकी खामियों को तलाशने की कोशिश की। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद रेलवे की शुरुआती जांच में रेलवे ट्रैक में दिक्कत होने की बात सामने आई है, क्योंकि हादसे के स्पॉट के आसपास गड्ढे हैं जिसमें बारिश का पानी भरा हुआ है। पानी रेलवे ट्रैक तक पहुंच गया था। ऐसे में आशंका है कि पानी की वजह से ट्रैक कमजोर हो गया जब ट्रेन रफ्तार से दौड़ी तो पटरी अपनी जगह से खिसक गई और हादसा हो गया। पटरी अपनी जगह से 4 फीट खिसकी हुई मिली है। ऐसे में इस बात की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता की पटरियों में खामी की वजह से ही ट्रेन डिरेल हुई।

### डाउन लाइन की ट्रैक लिंकिंग का काम पूरा

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई रेल पटरियों के मरम्मत का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। उम्मीद है कि देर रात तक इस मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन बहाल हो जायेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अप लाइन को विद्युत लाइन के साथ फिट कर दिया गया है। इस लाइन का ब्लाक लेकर रिलीफ मैटेरियल के आवागमन तथा डाउन लाइन पर रेस्टोरेशन कार्य तेजी से कराया जा रहा है। अप लाइन पर पहली गाड़ी झिलाही से 5.09 बजे अप बीसीएन माल गाड़ी इस खंड से होकर चलायी गई। डाउन लाइन के ट्रैक लिंकिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। डाउन लाइन का कार्य चल रहा है जिसे शीघ्र पूरा कर डाउन लाइन यातायात के लिये बहाल कर दी जाएगी।

रेल हादसा | अस्पताल से लेकर घटनास्थल तक दौड़ती रहीं अफसरों की गाड़ियां, घायल लोगों को देते रहे सांत्वना, चेहरों पर हादसे का खौफ साफ नजर आ रहा था

## दूसरे दिन भी डीएम-एसपी ने संभाला मोर्चा, आपदा नियंत्रण में मिले फुल मार्क्स

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** जिले में हुए भीषण रेल हादसे के बाद जिले के प्रशासनिक अफसरों ने जिस तरह से स्थिति को संभाला उसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। घटना के तत्काल बाद डीएम एसपी का मौके पर पहुंचना और खुद आगे बढ़कर रेस्क्यू अभियान को संचालित कराने के कारण ही अंधेरा होने से पहले रेस्क्यू अभियान पूरा हो सका। ट्रेन की बोगियों से यात्रियों को बाहर निकालकर उन्हें अस्पताल पहुंचाने का बात रही हो या फिर पीड़ितों के कंधे पर हाथ रखकर उनका दुख दर्द बांटने का प्रयास। हर क्षेत्र में उनके कार्यकुशलता की तारीफ हुई। दोनो अफसर देर रात तक घटनास्थल पर डटे रहे और अस्पताल से लेकर रेलवे स्टेशन तक का चक्कर लगाते रहे। रात 8 बजे के करीब जब यात्रियों को स्पेशल ट्रेन से उनके गंतव्य को रवाना कर दिया तब जाकर दोनों अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सुबह हुई तो फिर से दोनो अफसर निकल पड़े। पहले अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना, उनके खाने पीने की व्यवस्था करवाई और फिर घटनास्थल पहुंच गए। उनकी इस तत्परता पर हर एक शख्स आपदा नियंत्रण के उनके प्रयासों को फुल मार्क्स देता नजर आया।


घटनास्थल पर यात्री को धीरज बंधाते एसपी विनीत जायसवाल। (फाइल फोटो)


ट्रेन में यात्रियों का हाल जानते कमिश्नर व जिलाधिकारी। (फाइल फोटो)

बृहस्पतिवार को गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन के डिरेल होने की सूचना मिली तो जिलाधिकारी नेहा शर्मा और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सब कुछ छोड़ घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचे तो हादसा भीषण था। हर तरफ चीख पुकार मची थी। ग्रामीणों के साथ पुलिसकर्मी ट्रेन की बोगियों में फंसे यात्रियों को निकालने में जुटे थे। यात्रियों के चेहरे पर हादसे का खौफ साफ दिखाई दे रहा था। वह बदहवास हालत में यहां से वहां दौड़ रहे थे। इस मंजर को काबू में लाना आसान नहीं था लेकिन दोनों अफसरों ने पूरे धैर्य के साथ स्थिति का आकलन किया और फिर शुरू हुआ व्यापक रेस्क्यू अभियान। पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व ग्रामीण हर डिब्बे में जा जाकर यात्रियों को बाहर निकाल रहे थे और बाहर डीएम एसपी उन्हें धीरज बंधाते हुए अस्पताल पहुंचा रहे थे। एंबुलेंस आने में देर हुई तो डीएम ने अपने स्कॉर्ट वाहन से ही घायलों को अस्पताल पहुंचाना शुरू कर दिया।

एसपी विनीत जायसवाल खुद यात्रियों को धीरज बंधा रहे थे और उन्हे ट्रैक से दूर पहुंचा रहे थे। इसी बीच एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गयी। इन टीमों की मदद से दोनों अफसरों ने अपने पूरे धैर्य और जज्बे के साथ महज कुछ ही घंटों में पूरी ट्रेन को खंगाल डाला। इसी दौरान यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था भी कर ली गयी। शाम करीब 7.30 बजे रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया तो उनके चेहरों पर संतोष का भाव था। रेस्क्यू अभियान खत्म हुआ तो डीएम ने कहा कि वह आश्वस्त हैं कि बोगियों में अब कोई यात्री नहीं रह गया है।

## मौसम बदलते ही चटकती है पटरी

**गोंडा/मनकापुर, अमृत विचार:** गोंडा रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि हादसे की कई वजह हो सकती है। रेलवे अफसरों के मुताबिक कई बार मौसम बदलने के साथ ही पटरी चटक जाती है। चटकी हुई पटरी कई बार तत्काल तो अलग नहीं होती लेकिन जैसे उस पर तेज रफ्तार ट्रेन आती है पटरी अलग हो जाती हो जाती है और ट्रेन डिरेल जाती है। ट्रेन की ओवरस्पीड होने भी हादसे की वजह हो सकती है। ओवर स्पीडिंग से भी कई बार ट्रेन पटरी से उतर जाती है। जांच की जा रही है कि हादसे के वक्त डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस कितनी स्पीड से दौड़ रही थी। वहीं इमरजेंसी ब्रेक लगाने से ट्रेन डिरेल हो सकती है।

# शक्तिपीठ देवीपाटन : डीएम ने 50 एकड़ भूमि का किया निरीक्षण

## पर्यटन स्थल बनाने के लिए 156 किसानों से सहमति के आधार पर क्रय की जायेगी भूमि

संवाददाता, बलरामपुर



देवीपाटन शक्तिपीठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए भूमिका निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर को वैश्विक स्तर पर पर्यटन की दृष्टि से अलग पहचान दिलाए जाने की कवायद को और गति देने के लिए डीएम पवन अग्रवाल द्वारा शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के समीप चिन्हित 50 एकड़ भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सीरिया पहाड़ी नाला को भी गोमती रिवर प्रिंट की तर्ज पर विकसित किए जाने का भी जायजा लिया।

उन्होंने सभी 50 एकड़ भूमि के अधिग्रहण हेतु किसानों से वार्ता करते हुए सहमति के आधार पर अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मकानों एवं पेड़ों का भी मूल्यांकन पीडब्ल्यूडी से कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करते हुए वैश्विक रूप से अलग पहचान दिलाया जाना शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। सभी संबंधित विभाग प्राथमिकता के साथ दिए गए कार्यों को पूर्ण करें। इसके उपरांत डीएम द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तहसील तुलसीपुर के नेवलगढ़ में इको टूरिज्म के लिए चिन्हित 10 एकड़ भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने सहमति के आधार पर अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत डीएम ने भारत नेपाल सीमा कोइलाबास के एसएसबी चेक पोस्ट पहुंचकर भारत नेपाल सीमा पर होने वाली गतिविधियों के संबध में कमांडेंट एसएसबी के साथ वृहद चर्चा। उन्होंने कहा की एसएसबी द्वारा सीमा पर सघन निगरानी करते हुए अवैध गतिविधियों जैसे लकड़ी कटान एवं मादक पदार्थ की तस्करी आदि पर कड़ाई से रोक लगाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान डीएम ने तहसील तुलसीपुर में चितौड़गढ़ बांध का भी निरीक्षण किया एवं चित्तौड़गढ़ बांध की डेसल्टिंग के लिए कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार,एसडीएम तुलसीपुर अभय सिंह,सहायक पर्यटन अधिकारी मनीष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# पाइपलाइन बिछाते समय क्षतिग्रस्त सड़कों का भी करें निर्माण : डीएम



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान मौजूद डीएम। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने निर्माणधीन पाइप पेयजल परियोजनाओं में प्रगति लाते हुए सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण करते हुए योजना का लाभ सभी तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा की निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच जिलास्तरीय अधिकारियों से कराया जाने का निर्देश दिया। पाइप पेयजल

**बैठक से अनुपस्थित अधिशासी अभियंता से मांगा जवाब**

परियोजना में पाइपलाइन बिछाते समय क्षतिग्रस्त सड़कों को बिना किसी विलंब के पुनः बनाते हुए नया किए जाने का निर्देश दिया। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोद कर संस्था फरार

**संवाददाता, पचपेडवा, बलरामपुर। अमृत विचार :** हर घर नल से जल योजना के तहत विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम पंचायत शंकरपुर कला में पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव के मार्ग को खोदकर कार्यदाई संस्था फरार हो गई है। ग्राम प्रधान बृज किशोर चौधरी, नरेंद्र तिवारी ,जितेंद्र कुमार, घनश्याम व अमित कुमार आदि ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि चार माह पूर्व गांव में पानी टंकी की पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदार द्वारा पूरे गांव की सड़क को खो दिया गया तथा आधा अधूरा पाइपलाइन डालकर भाग गए, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में कीचड़ व जल भराव के चलते लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं पशुओं को लाने ले जाने में काफी उठानी पड़ती है। कीचड़ का यह आलम है कि घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करने की मांग की है।

### पीड़ितों की समस्या को लेकर आगे आए सपा सांसद व विधायक



डीएम से मुलाकात करते सपा सांसद व विधायक। अमृत विचार

**संवाददाता, बलरामपुर,अमृत विचार।** जिले में बाढ़ से हुए तबाही के पीड़ितों की मदद के लिए श्रावस्ती सपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा तथा गैंसड़ी सपा विधायक राकेश कुमार यादव भी सामने आ गए हैं। शुक्रवार को इन लोगों ने डीएम से मुलाकात कर बाढ़ पीड़ितों के समस्याओं के समाधान की मांग की। दोनों लोगों ने डीएम से बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने, बाढ़ के चलते शहर से लेकर गांव तक ध्वस्त हुई विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने तथा बाढ़ के दौरान फसलों के व्यापक नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिए जाने की भी मांग रखी है। डीएम में इन लोगों को बताया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रशासन पूरी तरह लगा हुआ है। बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार चौधरी भी मौजूद रहे।

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**संवाददाता, बलराराामपुर, अमृत विचार।** हरैया थाना क्षेत्र के नेवलगंज के मजरे झौहना के तालाब में तीस वर्षीय युवक शुभम शुक्ल का शव उफनाता हुआ मिला है। पुलिस ने पिता के तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।हरैया थाना क्षेत्र के अतरपरी निवासी पिता अनिल शुक्ल ने बताया कि बेटा शुभम शुक्ल घर से बिना सूचना दिए शुक्रवार की सुबह लापता हो गया था। दोपहर में नेवलगंज के ग्रामीणो द्वारा जानकारी दी गई कि शुभम का शव तालाब में पड़ा है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि तालाब के पास शौच करने की पुष्टि हुई है। शौच करने के बाद पैर फिसलने से शुभम गहरे पानी में चला गया था। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### गो सेवा और पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**संवाददाता, रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन पर गो सेवा करते हुए पौधरोपण कर मनाया। नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य अपना जन्म दिवस गौ सेवा कर मनाया। आपको बताते चले अपने जन्म दिवस अवसर पर गायों को गुड खिलाकर और पौधरोपण कर मनाया। चेयरमैन वैश्य ने नगर पंचायत रुपईडीहा स्थित पचपकरी वार्ड 03 गौशाला में पौधरोपण के उपरांत गायों को टीका लगाकर गुड खिलाया। सभी ने अध्यक्ष के इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकारिणी सदस्य रतन अग्रवाल, संजय वर्मा, अनिल वर्मा, संजय गुप्ता, नगर पंचायत के सुपरवाइजर मनीष गुप्ता, सुजीत मिश्रा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**संवाददाता, बहराइच। अमृत विचार :** रिसिया थाना क्षेत्र के अमवा जौहर सिसई गांव निवासी संध्या (15) पुत्री बाबादीन ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी मंदबुद्धि की थी। परिवार में कोई विवाद नहीं था।

### बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर जताया आक्रोश

**संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** बिजली कटौती को लेकर अब लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बार-बार हो रहे फाल्ट व अघोषित कटौती को लेकर शुक्रवार को सैकड़ो लोग विद्युत उपकेन्द्र उतरौला पहुंच गए। इन लोगों से बिजली विभाग के कर्मचारी की झड़प भी हुई। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को सम्बोधित शिकायती पत्र नायब तहसीलदार राजीव वर्मा को सौंपा। शिकायती पत्र में उतरौला विद्युत उपकेंद्र में तैनात कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान सलमान खान, खुर्रम खान, गुलाम मोहम्मद आदि ने नायब तहसीलदार उतरौला को सौंपे शिकायती पत्र में यह आरोप लगाया है कि चमरुपुर फीडर में सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति न होने तथा घण्टों हो रही कटौती की जानकारी लेने के लिये शुक्रवार को वह लोग विद्युत उपकेंद्र उतरौला गये। वहां पर तैनात एसएसओ संविदा कर्मी जे डी पैंथर ने अभद्रता की और केंद्र से भगा दिया। विद्युत आपूर्ति न होने से करीब एक लाख की जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# गन्ना उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीक का करें प्रयोगः डॉ. शाही



किसानों को बेहतर गन्ना उत्पादन की जानकारी देते महाप्रबंधक गन्ना आर पी शाही।

उतरौला/बलरामपुर

**अमृत विचार।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड उतरौला एवं उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान रज्जनपुर गोन्डा द्वारा ग्राम त्रिगुनायतपुर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला गन्ना अधिकारी संजय प्रसाद ने किया। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि कृषकों को प्रति एकड़ गन्ने की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए किसान भाई शरदकालीन गन्ना बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों का अधिक पैदावार देने वाली गन्ने की बुवाई दो आंख के टुकड़े गन्ना बीज उपचार भूमि उपचार कर गहरी जुताई करके ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करें।

बाढ़ से बचाव हेतु शरदकालीन गन्ना बुवाई में अतिरिक्त लाभ के लिए सहफसल खेती पर विशेष जोर दिया गया। जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला नरेंद्र सिंह ने फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्रों के बारे विस्तार से बताया। अविनाश सिंह सचिव गन्ना समिति उतरौला ने रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम करने तथा घुलनशील उर्वरकों का प्रयोग पर जोर दिया। डॉ. आर पी शाही महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों को बताया कि जल भराव के प्रभाव को कम करने हेतु प्रति हेक्टेयर 25 फीसदी नाइट्रोजन 30 किलोग्राम पोटेशियम क्लोराइड 25 किलोग्राम सल्फर का प्रयोग पानी हटने के बाद लाइनों मे प्रयोग किया जाना लाभदायक होगा। 30 जुलाई तक होगा सर्वे। सट्टा प्रदर्शन का कार्यक्रम जिसमें कृषक भाइयों से अनुरोध है कि वे अपना गन्ना सर्वे जोत भूमि मोबाइल नंबर आधार नंबर बैंक खाता संख्या और ट्रांसफर एंट्री आदि की जांच कर सुधार करालें। कृषक गोष्ठी मे स्वामीनाथ वर्मा विश्राम वर्मा मनबोध कमलाकांत पाठक रामकिशुन दिनेश गया प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज का मना स्थापना दिवस

संवाददाता, जरवा, बलरामपुर



विद्यालय स्थापना दिवस पर पौधरोपण करते विद्यार्थी व शिक्षक गण।

**अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज बालापुर में 19 जुलाई प्रत्येक वर्ष बसंत लाल हरित दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं ने निबंध, कला, पेंटिंग, स्केच आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर सभी विद्यार्थियों एवमं शिक्षकों ने प्रण लिया कि अपने घर के आसपास एक-एक पौधा लगाकर वृक्ष के परिपक्व होने तक संरक्षण करेंगे।

प्रधानाचार्य हर स्वरूप सिंह ने विद्यार्थियों को वृक्ष के होने वाले लाभ और वृक्षारोपण का महत्व बताया व पौधा लगा कर सभी शिक्षकों व

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने दिखाया अपना हुनर**

विद्यार्थियों को अपने निवास स्थल के आस पास एक पौधा लगा उसका संरक्षण करने का प्रण दिलाया। प्राइमरी वर्ग की कक्षाओं में ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता करा छात्र छात्राओं को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया। वहीं जूनियर व सीनियर वर्ग की कक्षाओं में निबंध प्रतियोगिता करा विद्यार्थियों में जागरुकता लाई। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका पूजा गुप्ता ने बताया किस प्रकार एक पौधा वृक्ष बनकर समस्त मानव जाति व प्राणी को संरक्षण प्रदान करता है। कार्यक्रम की आयोजक आरती तिवारी ने बताया इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने व समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते है । इसका लाभ विद्यार्थियों को भविष्य में जरूर मिलता है। साथ ही साथ यातायात से संबंधित व वाहन अधिनियम से संबंधित बातें भी विद्यार्थियों को बताई गई व उन्हे ट्रैफिक नियमों का पालन करने का पाठ पढ़ाया गया।

संस्थापक प्रबंधक विवेक कुमार ने बताया कि हमारा परिवार 1955 से ही शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है और शिक्षा से सामाजिक उत्थान करने का प्रयास निरंतर जारी है, उसी के तहत इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम का अयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया व वैभव, यश राज, ज्योति, सुनीता आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# आधार कार्ड बनवाने के लिए चलेगा विशेष अभियान

संवाददाता, बहराइच



बहराइच के प्रधान डाक घर में लेनदेन करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के लोगों को आधार कार्ड बनवाने के लिए इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं है। इसके लिए जिले के डाक घरों में विशेष अभियान चलेगा। ऐसे में लोग क्षेत्रीय डाक घर पहुंच कर आधार कार्ड बनवा सकते हैं।

आधार कार्ड से वंचित लोगों की दुश्वारियां जल्द खत्म होने वाली है। मुख्य डाकघर से लेकर सभी उप डाकघरों में आधार कार्ड निर्माण को लेकर शनिवार को विशेष अभियान चलेगा। प्रधान डाक घर के डाक अधीक्षक एसके शुक्ला ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल के तहत आने वाले बहराइच व श्रावस्ती के सभी डाकघरों पर आधार कार्ड बनाया जा रहा है। लेकिन अब प्रधान डाकघर बहराइच, बड़नापुर उपडाकघर, भिनगा मुख्य डाकघर, विशेसरगंज, फखरपुर, गिलौला, हुजूरपुर, इकौना, कैसरगंज, कल्पिपारा, खैरीघाट, मटेरा, मिहींपुरवा, नानपारा, पयागपुर, रिसिया, रुपैडिहा व सिरसिया उपडाकघर में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमे वंचित लोगों का आधार पंजीकरण व अद्यतनीकरण होगा। उन्होंने बताया कि आधार अपडेशन के लिए 50 रुपये व बायोमेट्रिक अपडेशन के लिए 100 रुपया देना होगा।

# छोटे ने बड़े भाई की भाड़े के हत्यारों के साथ मिल कर की थी हत्या

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के कोनारी गांव निवासी इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक की हत्या का खुलासा शुक्रवार को पुलिस ने कर दिया है। छोटे भाई ने बड़े भाई की भाड़े के हत्यारों से मिलकर हत्या की है। पुलिस ने तीन हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के कोनारी गांव निवासी श्याम सिंह उर्फ शिवम सिंह (32) की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। वह हुकुम सिंह इंटर कालेज के सहायक

**सहायक अध्यापक द्वारा 35 लाख रुपये के बारे में जानकारी लेने पर बनाई हत्या की योजना**

अध्यापक थे। पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासे के लिए एसओजी और कोतवाली की पुलिस को लगाया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक के भाई दिवाकर सिंह द्वारा 35 लाख रुपया मकान बनवाने व 20 लाख रुपये शेयर मार्केट मे लगा दिया गया था। इसका मृतक द्वारा अपने भाई से बार-बार हिसाब मांगता था। जिसके कारण छोटा भाई दिवाकर सिंह नाराज रहने लगा। उसने अपने चालक राज नारायन को 03 लाख रुपया व उसके चचेरे भाई रुप नारायन को 02 लाख रुपये का लालच देकर हत्या के लिए तैयार किया। सात जुलाई को घटना स्थल दिखाया। इसके बाद आठ जुलाई को भाई दिवाकर सिंह, चालक हरदी थाना क्षेत्र के वीर शाहपुर निवासी राज नारायन और रुप नारायन ने खेत आने पर सहायक अध्यापक की हत्या कर दी। सहायक अध्यापक का गला उसके छोटे भाई ने रेता। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस दौरान कोतवाल राजनाथ सिंह, एसओजी प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी समेत अन्य शामिल रहे।

# अब डाकघर में हर शनिवार लगेगा आधार नामांकन कैंप

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** गोंडा मण्डल के दो जिलों में अब हर शनिवार को प्रधान डाकघर व उप डाकघरों पर विशेष शिविर का आयोजन कर आधार नामांकन किया जाएगा। डाक अधीक्षक गोंडा मण्डल किरन सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सुविधाजनक सेवा प्रदान करना है। शिविर प्रत्येक शनिवार को डाकघरों मे कार्यालय खुलने से लेकर बंद होने तक रहेगा।

शिविर में नए आधार कार्ड के साथ-साथ संसोधन का भी कार्य किया जाएगा। आधार नामाकंन निःशुल्क होगा। डेमोग्राफिक संसोधन के लिए 50 रुपये, बायोमेट्रिक संशोधन के लिए 100 रुपये व डेमोग्राफिक संसोधन बायोमैट्रिक के साथ 100 रूपये शुल्क देना होगा। डाक अधीक्षक गोंडा ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने साथ नामाकंन व संसोधन संबंधी आवश्यक दस्तावेज़ आदि लेकर उक्त सेवा का लाभ उठा सकते है। गोंडा जिले के अंतर्गत कैडिया, कटरा बाज़ार, बालपुर, नवाबगंज, आईटीआई मनकापुर, वजीरगंज, मसकनवा, मनकापुर बाज़ार, बस स्टेशन, सिविल लाइन, बड़गाँव, बनकटवा, परसपुर,गोंडा सिटी, ददुआ बाज़ार, तरबगंज, बेगमगंज, बेलसर समेत कई डाकघरों में शिविर लगेगा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का बनें हिस्सा : जिलाधिकारी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** शासन द्वारा विगत वर्षो की भांति समस्त राजकीय विभागों का समावेश करते हुए जन सहभागिता से जनपद बलरामपुर में अन्य विभागों को 3127418 तथा वन विभाग को 934600 कुल 4062018 पौध रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है।

डीएम पवन अग्रवाल ने बताया कि 20 जुलाई के लिए जनपद बलरामपुर में वृहद वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिए जनपद बलरामपुर में अनिल कुमार सागर, प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं

**आज से जनपद में चलाया जाएगा इलेक्शन मोड में वृहद वृक्षारोपण अभियान : डीएम**

औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद में वृक्षारोपण लक्ष्य 4062018 के सापेक्ष जनपद में 65 विभिन्न प्रजातियों की 212 प्रतिशत पौध उपलब्ध है। ये पौध जनपद में विद्यमान वन विभाग की कुल 25 पौधशालायें एवं एक अन्य विभाग की पौधशाला हैं। वृक्षारोपण को सफल बनाने हेतु अंर्तविभागीय समन्वय एवं विभिन्न विभागों मध्य सूचनाओं के निर्बाध आदान प्रदान के लिए जनपद स्तरीय वृक्षारोपण कमाण्ड सेन्टर, कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग, बलरामपुर में स्थापित है। साथ ही साथ विभिन्न माहों मे जिला वृक्षारोपण समिति की 8 बैठकें कराकर समस्त विभागों को शासन द्वारा आंवटित वृक्षारोपण लक्ष्यों से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दिन सुबह 06:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक इलेक्शन मोड में वृक्षारोपण कार्यक्रम में अनुश्रवण के लिए न्याय पंचायत स्तर पर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल वृक्षारोपण समन्वयक, सेक्टर मजिस्ट्रेट/सेक्टर वृक्षारोपण समन्वयक नामित किये गये हैं।

# आज से शुरू होगा वृहद पौधरोपण अभियान

**बहराइच, अमृत विचार।** पौधरोपण जन अभियान शनिवार से प्रारम्भ होगा। पौधरोपण के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव, वाह्य सहायतित परियोजना/विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग पनधारी यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने 20 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले पौधरोपण अभियान के लिए की गई तैयारियों को विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि शासन द्वारा जनपद के लिए 47 लाख 25 हज़ार 324 पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम ने बताया कि जनपद की नर्सियों में पर्याप्त संख्या में पौधे उपलब्ध हैं। वन विभाग द्वारा लक्षित विभागों को इंडेंट जारी कर दिया गया है और विभागों द्वारा पौधों का उठान भी कर लिया गया है। डीएम ने बताया कि जिले में पौधरोपण अभियान को सफल बनाने हेतु न्याय पंचायतवार नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में क्षम्य नहीं होगी लापरवाही : डॉ. एबी सिंह

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को एनएचएम मुख्यालय लखनऊ से आई टीम के लीडर डॉ. एबी सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में एनएचएम द्वारा संचालित कार्यक्रमों की वित्तीय समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से प्रगति की भौतिक एवम् वित्तीय आवश्य समीक्षा किया जाए।

कार्यक्रमों की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति के अभिलेखों को नियमित रूप से अपडेट किया जाय। नियमित टीकाकरण,जननी सुरक्षा

**राज्य स्तरीय अधिकारियों ने की एनएचएम कार्यक्रमों की समीक्षा**

योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, नेत्र ज्योति अभियान, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगाए जा रहे मेडिकल कैंप आदि कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने समस्त ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनएचएम कार्यक्रमों का व्यय विवरण की रिपोर्टिंग एवम् रिकार्डिंग नियमित रूप वित्तीय नियमों के अनुसार करें ।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नही होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 27 विशेष मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें कुल 2603 मेडिकल किट का वितरण किया गया, 24587 क्लोरीन टैबलेट, 12810 ओआरएस पैकेट वितरित किया गया। बैठक मे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ मीनाक्षी चौधरी, डॉ. अनिल कुमार चौधरी, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव जनपद व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# डिप्लोमा इंजीनियरों का अधिशासी अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन

## दुर्व्यवहार तथा स्थानांतरण से नाराज डिप्लोमा इंजीनियरों ने आर- पार की लड़ाई का किया ऐलान

संवाददाता, बलरामपुर



अधिशासी अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन करते जूनियर इंजीनियर।

**अमृत विचार।** अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड के कार्य व्यवहार को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों ने शुक्रवार को भी प्रदर्शन किया। जूनियर इंजीनियर के साथ किए गए दुर्व्यवहार व स्थानांतरण से नाराज डिप्लोमा इंजीनियरों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। डिप्लोमा इंजीनियरों ने चेतावनी दी है कि यदि जूनियर इंजीनियर गिरीश चंद्र यादव का स्थानांतरण वापस न लिया गया तो 20 जुलाई को सिंचाई विभाग में पौधरोपण कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे।

संघ के मंडल उप महासचिव इंजीनियर पंकज शर्मा, जिलाध्यक्ष इंजीनियर ज्ञान चंद्र, सचिव इंजीनियर आशीष कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर पीके सिंह, इंजीनियर उत्तम तिवारी, इंजीनियर झीनक प्रसाद व इंजीनियर एमटी राय ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि जूनियर इंजीनियर गिरीश चंद्र यादव, अधिशासी अभियंता के निर्देश पर उतरौला पंप हाउस के डाउन स्ट्रीम में गाइड तटबंध का मरम्मत कार्य करा रहे थे। इसी बीच अधिशासी अभियंता ने जूनियर इंजीनियर के साथ दुर्व्यवहार करते हुए द्वेष भावना से ग्रसित होकर 12 जुलाई को उनका स्थानांतरण इटवा कर दिया। उनका यह कृत्य शासनादेश और स्थानांतरण नीति के विरूद्ध है। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 जुलाई की सुबह तक जूनियर इंजीनियर का स्थानांतरण वापस न लिया गया तो हम लोग सिंचाई विभाग परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे। इस अवसर पर इं. आरएन शर्मा, इं. ऋषिराज, इं. नेहा शर्मा व इं. बृजेश सिंह सहित संघ के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

अधिशासी अभियंता अखिलेश कुमार सिंह का कहना है कि संघ के पदाधिकारियों से वार्ता करके समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन तेज करेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि प्रदेश के डेढ़ लाख कर्मचारियों को अभी तक नियुक्त नहीं किया गया। इनमें प्रदेश में कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारी, ट्यूबबेल ऑपरेटर समेत विभिन्न संवर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों में राज्य सरकार समस्याओं का निराकरण नहीं करती है तो आंदोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।

# धान की पौध के साथ डूब गया प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई
- बाढ़ और बारिश से नष्ट हुई ज्यादातर पौध, रोपाई पर भी संकट

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं। असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 क्षतिपूर्ति मिलती है। लेकिन, इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया।

नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

### इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

# तीन लाख महिलाओं के पास आधार फिर भी पेंशन नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निराश्रित महिला पेंशन योजना का तीन लाख महिलाओं को नहीं मिल रहा लाभ
- महिलाओं को योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लिए जा रहे हैं आधार कार्ड

**अमृत विचार:** आधार कार्ड होने के बाद भी प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना का लाभ देने के लिए विभाग ऐसी महिलाओं के आधार कार्ड के नंबर एकत्र करा रहा है।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पेंशन पात्रों के बैंक खाते में भेजी जाती है।

प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना की जानकारी के अभाव में महिलाएं योजना का लाभ नहीं उठा पा रही है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं को योजना का लाभ देने के लिए उनके आधार कार्ड एकत्र कराए जा रहे हैं। साथ ही विज्ञापन के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए आधार कार्ड के साथ आवेदन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं। आधार कार्ड लेकर इन महिलाओं का आवेदन कराया जाएगा ताकि इनको लाभ मिल सके।

# चौ. चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

**अमृत विचार:** ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके ट्रस्ट आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने डॉ. रामपाल सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

### मानदंडों का उल्लंघन किया

ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

# संगठन बड़ा न सरकार जनता का कल्याण सबसे बड़ा : अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊः** सपा के अखिलेश यादव ने भाजपा को सत्ताभोगी बताया। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संगठन सरकार से बड़ा होता है, संबन्धी बयान पर तंज कसते हुए कहा, भाजपाई सत्तान्मुखी है, सेवान्मुखी नहीं। उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

केशव प्रसाद मौर्य व अखिलेश यादव में सोशल मीडिया पर वार-पलटवार थम नहीं रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि न संगठन बड़ा होता है, न सरकार। जनता का कल्याण सबसे बड़ा होता है। दरअसल संगठन और सरकार तो बस साधन होते हैं, लोकतंत्र में साध्य तो जनसेवा ही होती है। जो साधन की श्रेष्ठता के झगड़े में उलझे.हैं, वो सत्ता और पद के भोग के लालच में है, उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

# नए मेडिकल कॉलेजों की दूसरी अपील पर एनएमसी ने की वर्चुअल सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएमसी के नये मानकों के अचानक बदलाव से सत्र शुरू करने में समस्या

**अमृत विचार:** एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यो ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है।

यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला,एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत, पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यो ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) में आवेदन किया था। एनएमसी ने साल 2023 के मानक अनुसार शिक्षकों की संख्या न होने पर मान्यता नहीं दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले को गंभीरता से लिया तो ज्ञात हुआ कि कॉलेज प्रशासन ने एनएमसी के साल 2020 के मानकों को पूरा करते हुए आवेदन किया था, जबकि 2023 के मानक में शिक्षकों की संख्या बढ़ गई थी।

### आवेदन करने वाले 13 कॉलेज

बुलंदशहर, औरैया, सोनभद्र, ललितपुर, चंदौली, सुल्तानपुर, गोंडा, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कानपुर देहात, कौशांबी, बिजनौर एवं पीलीभीत के नये मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को पोर्ट्रेट भेंट करते लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता।

### राज्यपाल से मिले लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता

**अमृत विचार,लखनऊ :** मध्यकमान स्थित सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सेना से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल ने राज्यपाल से उत्तर प्रदेश में नागरिक-सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा किए गये अलग-अलग बिंदुओं पर और समग्र सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा की।

# टेलीग्राम से ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फर्जी टेलीग्राम ग्रुप बनाकर जॉब आफर करने और धन को दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि विगत काफी समय से सोशल मीडिया के माध्यम से मैसेज भेजकर उसमें टॉस्क देकर धन दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थी। इस दौरान बता चला कि साइबर क्राइम थाना लखनऊ में एक मुकदमा पंजीकृत हुआ है, मामले की जांच के बाद के बाद एसटीएफ ने इस गिरोह से जुड़े जोधपुर राजस्थान निवासी प्रकाश नवल, सतीश नवल एवं कैलाश चंद्र को दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम ने पद से दिया इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है।

राज्यपाल को संबोधित अपने पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर वह हार की जिम्मेदारी ले रही हैं। उन्होंने कहा है कि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहते हुए वह जनता के बीच में भाजपा को मजबूत करने में वह असफल रही हैं। इस कारण वह अपनी अंतरात्मा से व्यथित होकर सरकारी पद से त्यागपत्र दे रही हैं। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन में कार्य करती रहेंगी। पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगी।

# महाकुंभ में पर्यटकों को मिलेगी होम-स्टे सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी बढ़ेंगे भवन स्वामियों के लिए स्वरोजगार

**अमृत विचारः** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में पेइंग गेस्ट बनाए जाएंगे। इस योजना में पर्यटकों को उचित दर पर ठहरने के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वह भवन स्वामी जिनके पास अतिरिक्त कमरे हैं होम-स्टे योजना का लाभ ले सकते हैं। इससे पर्यटकों को संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के संभावना है। बड़ी संख्या में ठहराव स्थल की आवश्यकता होगी। इसके लिए होटल आदि के साथ-साथ पेइंग गेस्ट पर अधिक फोकस किया जा रहा है। ऐसे भवन स्वामियों जिनके पास पर्यटकों को रुकवाने के लिए अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों। भवन स्वामी, क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय प्रयागराज में आवेदन कर सकते हैं।

इससे स्वतः रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मकान मालिक कमरे उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को नाश्ता, भोजन की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा। कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिए आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा। पेइंग गेस्ट के लिए विभिन्न मानक निर्धारित किए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा को कई जिलों में 22 से 19 अगस्त तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ ,कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहांपुर व गोरखपुर सहित अन्य जिलों में वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

**अमृत विचारः** श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर 22 जुलाई से 19 अगस्त तक के लिये ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को डायवर्जन चार्ट जारी किया। इसमें कानपुर, उन्नाव , सीतापुर, शाहजहांपुर, प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों से लखनऊ आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित के मुताबिक कांवड़ियों के आवागमन वाले रास्तों और शिव मंदिरों के आसपास के रास्तों पर भी डायवर्जन लागू रहेगा।

**सई नदी पर पुल क्षतिग्रस्तः** मौरांवा से मोहनलालगंज कस्बा जाने वाले मार्ग में सईं नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त है। इसके चलते मौरांवा से मोहनलालगंज की तरफ भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

**इमरजेंसी में प्रतिबंधित मार्ग से निकल सकेंगेः** डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया, जिन रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। उन पर भी अनिवार्य होने पर इमरजेंसी सेवाओं जैसे एंबुलेंस, शव वाहन, दमकल वाहन, स्कूली वाहन आदि को ट्रैफिक कर्मियों से संपर्क कर निकाल सकेंगे। इस दौरान किसी को कोई समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर संपर्क कर सकता है।

### लखनऊ के शिव मंदिरों के आसपास भी डायवर्जन

- मनकामेश्वर मंदिर बंधा रोड होते हुए हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहा और डालीगंज पुल निर्धारित किया गया है।
- मनकामेश्वर मंदिर, नदवा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग हनुमान सेतु या बंधा रोड़ होकर तय किया गया है।
- बुद्धेश्वर मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सर्विस रोड या ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर जा सकेंगे।

### वाहन चालक इन वैकल्पिक मार्गों का कर सकेंगे प्रयोग

- कानपुर नगर से भारी वाहन रामादेवी से फतेहपुर, लालगंज, बछरावां से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन उन्नाव के ललऊखेडा से दाहिने अचलगंज से लालगंज होकर बछरावां होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व उन्नाव के पुरवा मोड़ से मौरांवा से बछरावां होते हुये हैदरगढ़ होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- सीतापुर- शाहजहांपुर, बरेली से सीतापुर-लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन सीतापुर से चहलारी घाट, बहराईच, बलरामपुर होकर जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन बंथरा, जुनाबगंज से मोहनलालगंज होकर खुजौली से गोसाईगंज होते हुये पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- प्रयागराज से लखनऊ, बाराबंकी होकर बहराइच, श्रावस्ती बलरामपुर गोंडा जाने वाले वाहन लखनऊ के मोहनलालगंज से गोसाईगंज से खुजली होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर से लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन मड़ियांव आईआईएम रोड से पारा होकर वीआईपी रोड होते हुये शहीद पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर जा सकेंगे।
- लखनऊ से बाराबंकी, गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन इंदिरा कैनाल अयोध्या रोड से किसान पथ पर डायवर्ट किए जाएंगे, जो किसान पथ सुल्तानपुर रोड होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवाजाही कर सकेंगे।


## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।



### वर्ग पहेली -135 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टु | | | | | 2 नि |
| 3 क | व | ल | 4 न | | ग |
| ड़ा | | | भ | | ह |
| | | 5 अ | च | क | |
| 6 ख़ा | स | क | र | | 7 द |
| विं | | ड़ | | | शां |
| द | | फ़ों | | 8 बा | ग |

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष:** आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा,लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष:** आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन:** आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें ,इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क:** आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह:** आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या:** आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला:** आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक:** आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।


**धनु:** आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ:** आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन:** आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- एतराज — दोपहर : 12.11
- वेलकम बैक — शाम : 06.41

&pictures
- बागी — सुबह : 10.53
- गदर 2 — रात : 07.30

SONY PIX
- लाइट्स आउट — सुबह : 07.29
- स्पाइडर मैन — रात : 06.16

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.37
- स्पाइडर — शाम : 05.18

colors CINEPLEX
- मोहब्बत — सुबह : 09.20
- ओएमजी — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति में मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्तेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेस से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत

> मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकार्ड्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकार्ड्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

> प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

> विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। **-फेसबुक वॉल से**

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए?



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

प्राथमिकताओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ.भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

## एक नजर

### अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 जुलाई को

बहराइच,अमृत विचार। उप निदेशक कृषि टीपी शाही ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत आवेदित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 जुलाई को विकास भवन सभागार में सम्पन्न होगा। श्री शाही आवेदित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि ससमय साक्षात्कार में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

### सांप काटने से 20 वर्षीय युवक की मौत

बहराइच,अमृत विचार। कोतवाली नानपारा अंतर्गत मोहल्ला सिलतन गंज निवासी जोगेश कुमार यादव (20) पुत्र हंसनाथ यादव अपने खेत में धान रोपाई के लिए पानी लगा रहा था। खेत में मौजूद सांप ने युवक को काट दिया उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बारात में मारपीट करने वाले चार लोगों पर केस

जरवलरोड, बहराइच। जरवल रोड थाना क्षेत्र के नासिरगंज बांध निवासी जगनन्दन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत 12 जुलाई को उनकी बेटी की शादी थी। बारात गोंडा के करनैलगंज थाना बसंतपुर कमियार गुरवलिया से आई हुई थी। बारात आने के बाद लड़के पक्ष के लोग नाचने आ रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी बनवारी लाल, रामशंकर, दयाशंकर और ननकू आदि लाठी डंडा लेकर बारातियों पर हमला बोल दिया। जिससे गोंडा कमियार निवासी बाराती महेश, राम नागेश्वर, रघुवीर, देशराज, अयोध्या, कुसमा और मायाराम को काफी चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों लोगों पर कई धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### ऑनलाइन कारोबार का झांसा दे लाखों की ठगी

फखरपुर, बहराइच, अमृत विचार। आनलाइन कारोबार का लालच देकर ठग ने एक व्यक्ति से चार बार में लाखों रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब ठग ने और रुपयों की डिमांड की। तब जाकर उसे अपने ठगे जाने का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ठग पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। बौंडी थाना क्षेत्र के जिहुरा मरौचा डोकरी गांव निवासी जुल्फिकार अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बीते 20 मई को अज्ञात निवासी शुभमन सिंह ने सोशल साइट के माध्यम से बात कर आनलाइन बिजनेस के झांसे में फंसा लिया। जिसके बाद उसने चार किश्तों में स्टेट बैंक शाखा बहराइच से उसके बताए बैंक खाता स्टेट बैंक भोपाल में चार लाख पंद्रह हजार रुपये डलवा दिए। दोबारा से ठग ने उससे और रुपये भेजने की बात कही तब जाकर उसे अपने ठगे जाने का अहसास हुआ। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आइटी एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चार शराब निर्माताओं के विरुद्ध केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार। जिला आबकारी अधिकारी की ओर से जिले में अवैध शराब निर्माण पर अंकुश के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें चार शराब निर्माताओं के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर शुक्रवार को जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने शराब की दुकानों पर जांच कर मिलावट के बारे में जानकारी ली। शहर की दुकानों पर जिला आबकारी अधिकारी ने जांच की। इसके अलावा जिले के थाना रामगांव, मोतीपुर, नानपारा, विशेश्वरगंज, जरवल रोड अंतर्गत ग्राम धर्म कांटा, राजापुर, अगरौरा, जूड़ा गांव, त्रिमोहनीघाट, बड़ागांव, करणाइडीह में आबकारी टीम द्वारा दबिश की कार्यवाही की गई।

# सीएचसी में सोलर प्लांट के साथ 11 उप स्वास्थ्य केंद्रों का कराएं कायाकल्प

## ब्लॉक हुज़ूरपुर में नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए आदेश

संवाददाता,बहराइच।



समीक्षा बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी। अमृत विचार

अमृत विचार। आकांक्षी विकास खण्ड हुज़ूरपुर हेतु केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सूचकांकों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में हुई। आकांक्षी ब्लाक में सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका ने निर्देश दिया कि किसी भी इंडीकेटर की प्रगति राज्य औसत से निम्न नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि विकास खण्ड के सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों के शौचालयों को क्रियाशील रखा जाय। डीएम ने कहा कि बीईओ व एडीओ पंचायत शौचालय के डाटा का मिलान यू-डायस पर उपलब्ध डाटा से मिलान करें।

ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतवार भारत नेट की उपलब्धता का सत्यापन करा लें। जहां पर नेट उपलब्ध न हो ऐसी ग्राम पंचायतों के सम्बन्ध में पत्राचार किया जाय। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिया कि 2 वर्ष पूर्व नीति आयोग से प्राप्त हुए अतिरिक्त आवंटन के उपभोग प्रमाण-पत्र प्रेषित कराएं।

नीति आयोग प्राप्त हुए अतिरिक्त तीन करोड़ रुपये के लिए तैयार किये गये नवीन प्रस्ताव पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुज़ूरपुर में सोलर प्लान्ट तथा 11 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव को भी शामिल किया जाय। त्वरित विकास निधि योजना अन्तर्गत संचालित कार्य की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था पैक्सफेड द्वारा कराये गये कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने तथा बैठक में किसी जिम्मेदार अधिकारी के उपस्थित न होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था के विरूद्ध शासन स्तर से पत्राचार किया जाय।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण अभियान में अधिक से अधिक आमजन को जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्णता अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियांता लोनिवि प्रदीप कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, उपायुक्त एनआरएलएम दीपक सिंह, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, खण्ड विकास अधिकारी हुज़ूरपुर अनुभा श्रीवास्तव, आयुष चिकित्सक डॉ. पीयूष नायक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नई रेल लाइन के लिए जमीन की जांच शुरू

## जिले के साथ गांव से भी जमीन लेगी रेलवे, 40 मीटर चौड़ाई का मिलेगा मुआवजा

संवाददाता,बहराइच।



रेलवे अधिग्रहण के लिए जांच करतीं नगर मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

अमृत विचार। खलीलाबाद से बहराइच आने वाली नई रेल लाइन के जमीन का स्थलीय सर्वे शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में शुरू हो गया है। श्रावस्ती जनपद तक जाने वाली रेल लाइन में बहराइच जिले के सात गांव की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। नई रेल लाइन को लेकर जिले के लोगों में खुशी है।

खलीलाबाद से श्रावस्ती जिले तक रेल लाइन बिछाई जाएगी। श्रावस्ती जिले को जाने वाली रेल लाइन का कार्य बहराइच जिले में होगा। इसके लिए सरकार की ओर से बजट जारी कर दिया गया है। सर्वे रिपोर्ट देकर जांच को निर्देशित किया गया है। रेल मंत्रालय का पत्र मिलने के बाद शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने रेल विभाग, राजस्व और भूमि अध्यापित अमीन की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण हुआ। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि मौके पर जांच कर जमीन की जांच की गई। साथ ही जांच में जो भी परसंपत्तियां आई हैं, उनकी रिपोर्ट बनाई गई है। शालिनी प्रभाकर ने बताया कि जिन ग्रामीणों के जमीन आएंगे, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

ग्रामीणों से 40 मीटर चौड़ाई की जमीन ली जाएगी। सात गांव के 600 से अधिक ग्रामीणों की जमीन रेलवे लाइन की जद में रही है। अधिकारियों की जांच को लेकर के लोगों में जल्द रेल लाइन बिछने की उम्मीद है। इन सभी को रेल मंत्रालय से बाजार रेट से कई गुना अधिक दाम पर मुआवजा मिलेगा।

**600**
से अधिक लोगों की जमीन रेलवे लाइन में जा रही है,इसमें 7 गांव शामिल है

### इन गांव की जमीन होगी अधग्रहीत

नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि खलीलाबाद से बहराइच होते हुए श्रावस्ती के भिनगा मुख्यालय तक नई रेल लाइन जाएगी। जिसमें बहराइच जिले के ग्राम हटवा रयाब, इटौंजा, रेवली, चुरैला, अशोका, नगरौर और अमीनपुर नगरौर की जमीन रेलवे लाइन और स्टेशन निर्माण के लिए ली जा रही है।

### दारोगा के घर हुई चोरी का हुआ खुलासा

पयागपुर, बहराइच। खुटेहना चौकी अंतर्गत फरदा त्रिकोलिया गांव में बीते 24 जून को रिटायर्ड दरोगा के घर नगदी सहित लाखों के जेवरात चोरी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि बीते माह फरदा त्रिकोलिया निवासी रिटायर्ड दरोगा सतगुरु शरण सिंह के घर मांगलिक कार्यक्रम की रात घर को सूनसान पाकर छत के रास्ते घर में घुसकर चोर ने कमरों का ताला काट आलमारी में रखे लाखों के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गये थे। पीड़ित की तहरीर पर थाने पर मुकदमा पंजीकृत कर चोरी का खुलासा करने के लिये उपनिरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गयी थी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

## ईसानगर, रिसिया, रानीपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवकों की गयी जान

संवाददाता,बहराइच।



सड़क हादसे में मौत के बाद जमा भीड़। अमृत विचार


अमृत विचार। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने सभी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र के लौकाहीं गांव निवासी कमलेश (40) पुत्र बंशीलाल के बेटे की ससुराल जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र के जूड़ा गांव में है। कमलेश गुरुवार को अपने बेटे की ससुराल आया था। इसके बाद वह शाम को बाइक से अपने घर वापस जाने लगा। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर गिरगिट्टी गांव के पास बाइक से हिंसक वन्यजीव टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में कमलेश की मौत हो गई। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत समसा तरहर के मौजा दूधनाथपुरवा निवासी झगरू (28) राम आधार शुक्रवार सुबह साइकिल से निजी कार्य के लिए घर से निकला। आलिया बुलबुल गांव के पास साइकिल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद वाहन लेकर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की जानकारी होने पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजू निगम, दोनों गांव के ग्राम प्रधान भी मौके पर पहुंचे। रानीपुर थाना अंतर्गत हरिहरपुर गुलरा गांव निवासी अनिल कुमार (24) पुत्र हृदयराम बाइक सर घर के लिए रवाना हुए। किसी अज्ञात वाहन ने युवक को राम गांव थाना क्षेत्र के राजापुर मोड़ के निकट पीछे से ठोकर मार दी। स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# बिजली कटौती को लेकर सपा का प्रदर्शन

## जिलाध्यक्ष बोले - अधिकारी करा रहे बिजली चोरी, इसलिए हो रही कटौती

संवाददाता,बहराइच।



बिजली कटौती और अन्य समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते सपा जिलाध्यक्ष।

अमृत विचार। सपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बिजली कटौती को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने कहा कि जिले में बिजली चोरी हो रही है और आम आदमी को बिजली ही नहीं मिल रही है। जनता की कई समस्याओं को लेकर सभी ने प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अगुवाई में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे पदाधिकारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा घोषित कटौती के अलावा बड़े पैमाने पर आघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। भीषण बिजली कटौती से आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। शहर के लोगों को मात्र 7 से 8 घंटे और गांव के लोगों 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। सभी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जो बिजली चोरी हो रही है, वह खुद ही अधिकारी करते हैं। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से बिजली संकट से हाहाकार मचा हुआ है। उस हिसाब से सरकार के कानून में जूं नहीं रेंग रहा है। जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने बकाया गन्ना मूल का भुगतान 14 दिनों के भीतर करने का वादा किया था, लेकिन समय खत्म होने के बाद अभी तक गन्ने का भुगतान नहीं हो पाया है। चिलवरिया चीनी मिल पिछले कई वर्षों से किसानों का करोड़ों रुपए दबाए बैठी हुई है। प्रदर्शन के बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपा। बिजली कटौती कम न होने पर और बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान महिला और पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मारपीट में एक नामजद और अज्ञात पर केस

बहराइच, अमृत विचार। कोतवाली देहात क्षेत्र में मोहर्रम से पूर्व सड़क से अतिक्रमण हटाने के दौरान लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता को बंधक बनाकर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर आवारा अभियंता ने कोतवाली देहात में एक नामजद और अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। कोतवाली देहात के गोलवाघाट के निकट झिंगहाघाट मार्ग जर्जर हो गया था। मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के लिए डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने लोक निर्माण विभाग को सड़क के मरम्मत कार्य करवाने का निर्देश दिया था। पर खराब सड़क के लिए नगर मजिस्ट्रेट ने अवर अभियंता को पैचिंग कार्य करवाने के निर्देश दिए थे।

## सार-संक्षेप

### बाढ़ पीड़ितों की मदद करना सरकार की प्राथमिकता: विधायक



तहसील में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते विधायक और एसडीएम।

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार। क्षेत्र के पसियनपुरवा गांव के बाढ़ प्रभावित लोगों को एसडीएम और विधायक ने तहसील में राहत सामग्री वितरित की। साथ ही अन्य मदद का आश्वासन दिया। नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबरपुर के मजरा पसियनपुरवा में सरयू नदी ने कटान करते हुए डेढ़ दर्जन ग्रामीणों के मकान अपने में समाहित कर लिया था। इसके अलावा अन्य कोई नुकसान नहीं हुआ। इसकी जानकारी एसडीएम अश्वनी पांडे ने निरीक्षण के बाद दी। एसडीम ने सभी बाढ़ पीड़ितों को तहसील बुलाकर बाढ़ राहत सामग्री वितरित की। विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी हुई है, उनकी मदद और उनके रहने के लिए उचित स्थान दिलाना पहली प्राथमिकता है। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत अन्य मौजूद रहे।

### सड़क की जमीन पर किया अतिक्रमण, नोटिस



कोतवाली देहात क्षेत्र में मकान पर नोटिस चस्पा करता कर्मचारी।

बहराइच, अमृत विचार। नगीन ट्रेडर्स के मालिक ने शहर के झींगहाघाट मार्ग पर सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। इसके लिए शुक्रवार को उनके मकान पर नोटिस चस्पा किया गया। कोतवाली देहात के गोलवाघाट से झिंगहाघाट मार्ग के किलोमीटर एक में स्थाई रूप से मोईन खान पुत्र हाजी नगीन ने सड़क की जमीन पर निर्माण करवा लिया है सहायक अभियंता लोग निर्माण विभाग द्वितीय के द्वारा सूचना दी गई है। इसके बाद भी निर्माण को हटाया नहीं गया है। जिस पर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वितीय की ओर से बिल्डर के मकान पर नोटिस चशपा किया गया है। नोटिस के बाद अगर कब्जा नहीं हटा तो अधिकारियों की टीम द्वारा बुलडोजर की कार्यवाई करने की चेतावनी दी गई है।

### खड्ड में गिरी रोडवेज बस, 12 से अधिक यात्री घायल



कैसरगंज थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर खड्ड में गिरी हुई बस।

कैसरगंज/जरवल, अमृत विचार। लखनऊ बहराइच मार्ग पर स्कूटी सवार को बचाने के लिए रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। जिसमें दर्जन भर यात्री चोटहिल हो गए। लखनऊ के कैसरबाग रोडवेज बस अड्डे से शुक्रवार को बस संख्या यूपी 40 टी 3908 यात्रियों को लेकर बहराइच के लिए रवाना हुई। रूपईडीहा डिपो की बस में 35 यात्री सवार थे। रोडवेज बस लखनऊ बहराइच मार्ग पर कैसरगंज थाना क्षेत्र के कटी झील के नत्थनपुर मोड़ के पास पहुंची। तभी दोपहर में डेढ़ बजे बस के सामने एक नाबालिक स्कूटी चलाते हुए आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में रोडवेज बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। बस अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। चालक पवन कुमार ने बताया कि एक वर्षीय बालक को गंभीर चोट आई है। जबकि दर्जन भर यात्री चोटहिल हुए। इनमें सवारी एक दूसरे पर गिरकर चोटहिल हुए हैं। सभी दूसरी बस से अपने घरों के लिए रवाना हो गए हैं। इस मामले कैसरगंज कोतवाल राजनाथ सिंह को फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

### पुलिस कर्मियों को कमेटी ने किया सम्मानित



गंभीरवा बाजार में सम्मानित हुए थानाध्यक्ष।

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार। रामगांव थाना क्षेत्र के गम्भीरवा बाजार में हर साल की तरह इस साल भी जामा मस्जिद के सामने दस दिवसीय जलसा जिक्रे शोहदाये कर्बला का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम ओलमा एकराम व शायरों ने बेहतरीन अंदाज में नाते मुस्तुफा पढ़ी। इसी क्रम में नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन की याद में तक़रीर पेश की गई जिसको सुनकर पंडाल में बैठे सभी अकीदतमंदों के आंखें नम हो गयी और सभी या हुसैन जिंदाबाद के नारे बुलंद करने लगे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक व मदरसा फैजाने जमाले मीना के संस्थापक हाफिज शाने आलम मसूदी ने बताया कि पिछले कई सालों से यह कार्यक्रम परंपरागत तरीके से मनाया जाता है। प्रतिदिन बाद नमाज़े ईशा मीलादे महफ़िल का शुभारंभ होने के बाद मध्यरात्रि को समापन कर दिया जाता था। इसी तरह दसवें दिन कार्यक्रम के समापन पर रामगांव थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, गम्भीरवा चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार चौबे सहित अन्य पुलिसकर्मियों को कमेटी की ओर से माल्यापर्ण किया गया और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शमीम खान ठेकेदार ने कार्यक्रम में आये सभी अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया। इसमें कारी मो0 जाफर, हाफिज शाहिद रज़ा, मुश्ताक अहमद, शायर शाने आलम मसूदी बहराइची, हाफ़िज सद्दाम, नफीस सलमानी सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### खूनी संघर्ष करने वाले 11 अभियुक्त गिरफ्तार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। क्षेत्र के सचौली ग्राम में बुधवार को मोहर्रम पर निकले ताजिया जुलूस के दौरान बहुसंख्यक समाज के लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले 11 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय को रवाना किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शेष अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिये टीम छापेमारी कर रही है। मालूम हो कि बुधवार को सचौली गांव में ताजिया जुलूस निकालतें समय कुछ ताजियादारों द्वारा प्रेमचंद के खेत मे गड़े खूंटे को उखाड़कर फेंकते हुये, माइक द्वारा मारो मारो बोलकर बहुसंख्यक समाज के आधा दर्जन लोगों को लोहे की रॉड और लाठी डंडों से मार मार कर लहूलुहान कर दिया था। पीड़ित प्रेमचंद की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने 38 नामजद सहित 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुलिस टीम के उप निरीक्षक राजीव मिश्र की टीम ने सचौली निवासी मेराज पुत्र मुस्ताक, सिराज पुत्र जलील, शमीर पुत्र शमशाद, सिराज पुत्र मुस्ताक, रेहान पुत्र इरशाद, शमीर पुत्र सकूर, सलीम पुत्र इदरीश, अनीस पुत्र सकूर, जीशान अहमद पुत्र ननकू इजरार पुत्र शाह मो0, असफाख पुत्र जलील को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।

लापरवाही | बाढ़ खंड के अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान

# बांध से शुरू हुई कटान, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता,बिछिया,बहराइच।



मोतीपुर तहसील के बाजपुर बनकटी गांव में कटा हुआ बांध। अमृत विचार

अमृत विचार। बाजपुर बनकटी गांव के निकट बांध का कटान शुरू हो गया है। इससे ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ गई है। लेकिन सूचना के बाद भी बाढ़ खंड के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र के चमन चौराहा से बाजपुर बनकटी के बीच वर्षा के पानी से नहर के बांध का कटान शुरू हो गया है। इसकी सूचना गांव के लोगों ने बाढ़ खंड के साथ सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी है। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा खतरा हो सकता है। पूरा बांध कटने के बाद इस नहर का पानी सीधे बरखड़िया, बाजपुर बनकटी, लखाबाग, बिहारी पुरवा, आनंद नगर, मौरहवा, सभी गांव में घुस सकता है। बांध के कटान से लोगों की धड़कनें बढ़ गई हैं। इस मामले में एसडीएम संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें अब जानकारी हुई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

# वकीलों पर पीड़ितों को न्याय दिलाने का जिम्मा: विधायक

संवाददाता,मिहीपुरवा,बहराइच।

अमृत विचार। मिहींपुरवा तहसील में आदर्श बार एसोसिएशन संघ द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों क़ो कर्तव्य के प्रति सच्ची निष्ठा की शपथ दिलाया गया।

निर्वाचन में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह क़ो मिली। अन्य पदाधिकारियों का चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर ने अधिवक्ताओं के उत्साह वर्धन के लिए अपने सम्बोधन में जनता के व अपने कर्तव्य निर्वाहन के लिए सच्ची निष्ठा रखने के सुझाव दिए। उन्होंने बताया की विद्वान अधिवक्ताओ से जनप्रतिनिधि भी बहुत कुछ सीखते हैं और आगे भी आप लोग के सुझाव की आवश्यकता रहेगी। इसके बाद सभी वकीलों को शपथ दिलाई गई।

पूर्व सांसद साबित्री बाई फुले, युवा नेता अलोक जिंदल, एसडीएम संजय कुमार, तहसीलदार मिहींपुरवा अम्बिका चौधरी ने अधिवक्ताओं के उत्साह वर्धन में अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजदीप यादव, पूर्व सांसद प्रति निधि अक्षयवर लाल कन्नौजिया, रामादल मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सौरभ वर्मा, समस्त अधिवक्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिजली विभाग के जेई को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

बस्ती, अमृत विचार। बस्ती में एंटी करप्शन टीम बिजली विभाग के एक जेई को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। टीम उसे लेकर कोतवाली पहुंची। जहां मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। गौर थाना क्षेत्र के टिनिच बाबू गांव निवासी राम उजागर ने बिजली विभाग में घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। कई बार विभाग का चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे कनेक्शन नहीं दिया गया तो वह इसका कारण जानना चाहा। जिस पर उससे कहा गया कि 20 हजार रुपए दे दो तुम्हारा कनेक्शन हो जाएगा। पीड़ित ने कहा कि साहब मैं इतना पैसा नहीं दे पाऊंगा, तो उससे कहा गया कि जाओ विभाग का चक्कर लगाते रहो।

### राज्य सूचना आयुक्त अफसरों के साथ करेंगे बैठक

कुशीनगर, अमृत विचार। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री आज 11 बजे तक सर्किट हाउस जनपद कुशीनगर में तहसील स्तर के जनसूचना अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के जनसूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक के बाद तीन बजे सर्किट हाउस कुशीनगर से गोरखपुर सर्किट हाउस के लिये प्रस्थान करेंगे।

### दूसरे की जमीन पर ताजिया दफन करने का आरोप

कुशीनगर, अमृत विचार। हाटा कोतवाली क्षेत्र के गंडक नदी के किनारे स्थित ग्राम सभा पिपरा में मोहर्रम के दिन कब्रिस्तान की भूमि की जगह दूसरे के जमीन में ताजिया दफन करने के बाद बांस में मजहबी झंडा लहराया गया जिसको लेकर पीड़ित ने उप जिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह और कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरा में आराजी नंबर 68 ख की जमीन पर विशेष समुदाय द्वारा अतिक्रमण करने का आरोप है।

# वृहद पौधरोपण अभियान को बनाएं सफलः मंडलायुक्त

## कहा-पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को किया जाए जागरूक

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में जिले में आज आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के साथ ही सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक आयोजित हुई।

मण्डलायुक्त ने प्रभागीय वनाधिकारी से जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य 29 लाख 99 हजार 740 पौधों को रोपित किये जाने के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधों की उठान और अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुये विभागीय अधिकारियों से आज तक किये गये पौधों के उठान के बारे में विभागवार समीक्षा किया। मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज वन विभाग सहित सभी विभागों द्वारा एक ही दिन में वृक्षारोपण करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जाना है। इस सम्बन्ध में उन्होंने विभागवार तैयारियों की गहन समीक्षा किया। मण्डलायुक्त ने शासन की मंशा के अनुरुप वृक्षापोपण का महत्व और स्वस्थ जीवन शैली में वृक्षों की उपयोगिता बताते हुए उपस्थित अधिकारियों को पूरे उत्साह और सामाजिक सहभागिता के साथ शत-प्रतिशत वृक्षारोपण कराते हुए लक्ष्य पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि जिले में 30 लाख से ज्यादा पौधों को रोपित कराने के लिए गड्ढों की खुदाई करा ली गई है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह के अंत तक जिले के सभी गांवों में कम से कम एक जगह हरिशंकरी पौधों का रोपण कराया जाएगा। हरिशंकरी पौधे में पीपल बरगद और पाकड़ का पौधा एक ही जगह पर लगाया जाता है।मंडलायुक्त ने उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वृक्षारोपण की कार्य योजना बनाकर आज होने वाले वृक्षारोपण की जियो टैगिंग करने और उसे हरीतिमा अमृत वन मोबाइल ऐप पर अपलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने नई पुरानी सभी सड़कों के किनारे, अमृत सरोवरों के किनारे, तालाबों के किनारे और पार्कों आदि में वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि आज 20 जुलाई को जनपद मुख्यालय स्थित 30 एकड़ क्षेत्रफल वाले बायो डायवर्सिटी पार्क में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा 29 लाख 99 हजार 740 पौधों का रोपण करने के सापेक्ष वन विभाग और अन्य विभागों द्वारा 30 लाख 2 हजार 351 पौधों का रोपण करने के लिए गड्ढों की खुदाई सहित अन्य तैयारियां करा ली गई हैं। जिसमें 12 लाख 35 हजार 300 पौधे वन विभाग द्वारा रोपित किये जाने का लक्ष्य है और शेष 17 लाख 67 हजार 51 पौधों को अन्य विभागों द्वारा रोपित कराया जाएगा। आखिर में मण्डलायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में जन सहभागिता को प्राथमिकता दी जाय। ''एक पेड़ मां के नाम'' थीम पर रोपित किये जाने वाले पौधों को अभियान के रूप में चलाने के लिए युवा वर्ग का विशेष तौर पर सहयोग लिया जाय।

जिलाधिकारी ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि शासन की थीम "एक पेड़ मां के नाम" की तर्ज पर ही जिले में "एक पेड़ बच्चों के नाम" थीम पर भी पौधरोपण कराए जाने की योजना है। जिसमें विद्यालयों के बच्चों को उनके प्रधानाचार्य व शिक्षकों द्वारा एक-एक पेड़ उनके अभिभावकों को भेंट कर "एक पेड़ बच्चों के नाम" पर रोपित और संरक्षित किए जाने को लेकर प्रेरित किया जाएगा।

बैठक में एडीएम जय प्रकाश, सीडीओ जयकेश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा डॉ. प्रभात द्विवेदी, पीडी संजय कुमार नायक, अपर उप जिलाधिकारी अरूण कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे, उप जिलाधिकारी धनघटा रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी संजीव राय, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# सूर्या के बच्चों ने सीखी प्लांटेशन की विधा

## प्रकृति के बिगड़ते संतुलन को बेहतर बनाने में पौधों की अहम भूमिका

संवाददाता, संतकबीरनगर


परिसर में पौधरोपण करते प्रबंध निदेशक और जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सूर्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल खलीलाबाद में शुक्रवार को बृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान नौनिहालों को प्लांटेशन की विधि से पारंगत किया गया। बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए सूर्या ग्रुप के चेयरमैन डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सविता चतुर्वेदी ने भी बच्चों के साथ पौधरोपण किया। स्कूल के बच्चों को पौधरोपण की बेहतर विधि और पौधों के रख रखाव की वृहद जानकारी देने के साथ ही उन्हें अपने घरों पर प्लांटेशन के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए सूर्या ग्रुप के चेयरमैन डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि तेजी से हो रही पेड़ों की कटान और ऊर्जा संसाधनों की लगातार तेज हो रही खपत आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद भयावह हो सकती है। जिस रफ्तार के साथ पेड़ों की कटान हो रही है उससे वायुमंडल में ऑक्सीजन का स्तर कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में हमें अपने आसपास पौधरोपण करके इस खतरे को कम करने का संकल्प लेना होगा। डा. चतुर्वेदी ने कहा कि प्रकृति के बिगड़ते संतुलन को सहजने में वृक्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को ऊर्जा संसाधनों की सुरक्षा और पौधरोपण अभियान को धरातल पर उतारने का संकल्प दिलाया।

एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सविता चतुर्वेदी ने कहा कि सिर्फ सेलेबस ज्ञान से ही मानव जीवन परिपूर्ण नहीं होता है। हमे खुद के और समाज के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का हुनर भी सीखना होगा। चतुर्वेदी ने पेड़ पौधों की मानव जीवन में उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने तेल, कोयला और गैस जैसे ऊर्जा संसाधनों की लगातार बढ़ रही खपत को रोकने और टिकाऊ ऊर्जा श्रोतों के संचयन पर भी प्रकाश डाला।

### सावधानी से टलते हैं हादसे : डीएम

कुशीनगर, अमृत विचार। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों मे नदी, नहर, कुआँ, तालाब, गहरे गड्ढे, पोखरे, आदि जलाशयों मे स्नान करने, जानवर नहलाने, या कपड़े धोने कम उम्र के बच्चों को अभिभावकों द्वारा नदियों एवं तालाबों में नहाने के लिए अकेले छोड़ देना ठीक नहीं है।काम के दौरान विभिन्न कारणों से अनजाने में बच्चों व्यस्क व्यक्तियों की डूबने से मृत्यु होती रहती है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि सावधानी, सतर्कता एवं जागरूकता के द्वारा इस अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है।तेज धार या उफनायी हुयी नदी, नहर, नाले, तालाब आदि में स्वयं एवं अपने स्वजनों को जाने से रोकें।

# सरयू ने पार किया चेतावनी बिंदु कटान शुरू, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। दुबौलिया में सरयू नदी इधर दो दिनों से फिर बढ़ने लगी है। जलस्तर में प्रत्येक घंटे पर एक से दो सेंटीमीटर की बढ़त दर्ज हो रही है। चौबीस घंटे में नदी चेतावनी बिंदु पार कर गई है। तटबंधों पर दबाव बढ़ना शुरू हो गया है। तटवर्ती गांवों में फिर से दहशत का माहौल सृजित होने लगा है। नदी कटान भी करना शुरू कर दी है।

दो दिन पहले तक नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। बाढ प्रभावित गांव सुविका बाबू, आंशिक टेढवा में काफी राहत महसूस की गई। इधर बारिश भी थम गई है। इन गांवों से बाढ़ का पानी हट गया है। लोगों की दिन चर्या पटरी पर लौट रही थी। इसी बीच नदी फिर ऊफान पर आने लगी है। केंद्रीय जल आयोग अयोध्या कार्यालय के अनुसार बृहस्पतिवार शाम 5 बजे जलस्तर 92.230 मीटर पर दर्ज किया गया।

### नहीं पहुंची प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य टीम

विक्रमजोत, अमृत विचार। विकास क्षेत्र के तटबंध से सटे गांवों में फिलहाल बाढ़ का खतरा टला हुआ है। लेकिन, यहां आबादी वाले क्षेत्र बाढ़ का पानी हटने के बाद से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। बीडी तटबंध से सटे गांव सरवरपुर, चनहा, बघुआपार, लकडीपकडी, नरसिंहपुर, चंद्रपलिया, खेमराजपुर, पूरे चेतन, कन्हईपुर, संदलपुर, चांदपुर, लोलपुर एवं विक्रमजोत तटबंध के किनारे बसे गांव कल्यानपुर, भरथापुर, पड़ाव, बाघानाला, फूलडीह, गौरियानैन, रानीपुर कठवनियां में प्रतिवर्ष बाढ़ का पानी भर जाता है। नदी का जलस्तर घटने पर बाढ़ का पानी खिसकता है। इस बार भी इन गांवों में एक सप्ताह तक बाढ का पानी भरा रहा। अब पानी खिसकने के बाद यहां कीचड़ एवं घास- फूस में सड़न पैदा हो गई है। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा है।बावजूद इसके स्वास्थ्य टीम इन प्रभावित गांवों में अभी तक नहीं पहुंची है। हितलाल, शिवसिंह, हरीकेश सिंह, जगदीश यादव, चंद्रभान सिंह आदि ने बताया कि बच्चें डायरिया, बुखार, सरदर्द और फोड़े फुंसी की बीमारी से त्रस्त है।

# 70 वर्षीय महिला के साथ दरिंदगी, हालत गंभीर

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार। जिले के बरवापट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव में सुबह भोर में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ एक व्यक्ति ने पहले दुष्कर्म किया,फिर बुजुर्ग महिला के साथ हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए बुजुर्ग महिला के गुप्तांग में बेलन डाल बुजुर्ग महिला की जान लेने की कोशिश की। घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया।बुजुर्ग महिला झोपड़ी में दर्द से तड़पती रही। बड़ी गंडक नदी किनारे झोपड़ी बना कर रह रही बुजुर्ग महिला को जब दर्द से कहराते वहां से गुजर रहे लोगो ने देखा तो वह हैरान रह गए।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग महिला को नजदीकी अस्पताल ले गए,लेकिन गंभीर अवस्था होने के चलते डॉक्टरों ने जिला अस्पताल कुशीनगर रेफर कर दिया,जहा महिला की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। महिला डॉक्टर भी दरिदंगी की ऐसी घटना देख चौक गई।महिला डॉक्टर ने कहा कि महिला के साथ दुष्कर्म जैसी घटना हुई हैं साथ ही उसके प्राइवेट पार्ट में कुछ ऑब्जेक्ट डाला गया जिसे रिमूव कर दिया गया है मेडिकल अभी हुआ नही हैं क्योंकि महिला की स्थिति गंभीर है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# एडीजे ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

## न्यायाधीश ने बुजुर्गों को हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

संवाददाता, संतकबीरनगर


वृद्धाश्रम के अभिलेखों की जांच करते अपर जिला जज। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया।

एक-एक करके सभी बुजुर्गों से बात चीत कर उन्होंने मिल रही सुविधाओं की जानकारी हासिल किया। अनाथ बुजुर्गों को मिल रहे नास्ता, भोजन, बिस्तर, पंखे दवाइयों और कपड़ों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लिया।

उन्होंने बताया कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के तहत अपनी आय अथवा अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं तो वे अपने व्यस्क बच्चों या संबंधितों से भरण-पोषण करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वृद्धाश्रम मैनेजर को उन्होंने गर्मी में बुजुर्गों के लिए हवादार कमरों और पंखों को समय-समय पर दुरुस्त करने की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। वृद्धाश्रम में पुरूष और महिला दोनों रहते हैं। उनके रहने, खाने-पीने और चिकित्सा की निःशुल्क व्यवस्था है।

आश्रम के मैनेजर को हिदायत दिया कि बुजुर्गों को शुद्ध तथा स्वच्छ नाश्ता, भोजन, कपड़े इत्यादि की व्यवस्था हर हाल में हो। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में वृद्धजन अपने अधिकारों से वंचित ना रहें इस बात का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए।

# बिना भर्ती किए ही वापस भेज दिए जा रहे मरीज

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। यदि कोई प्रसूता है और उसकी जॉच रिपोर्ट बेहतर नहीं है तो डिलीवरी के लिए जिला महिला चिकित्सालय में मत लाइए। बिना भर्ती किए ही मरीज को मेडिकल कॉलेज के लिए वापस भेज दिया जा रहा है। यहां प्रतिदिन दो से तीन मरीजों के साथ ऐसा ही हो रहा है। उच्च रक्त चाप, खून और पानी की कमी की स्थिति में प्रसूता मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा है। लेबर रूम में स्थिति से अवगत होने के बाद चिकित्सक एवं स्टॉफ मरीज को सीरियस बताकर तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दे रहे हैं।

महिला अस्पताल में सबकुछ सामान्य होने पर ही प्रसूताओं की डिलीवरी हो पा रही है। यहां इमरजेंसी में मरीज पहुंचने पर पहले जॉच रिपोर्ट मांगी जा रही है। इसमें सबकुछ अनुकूल होने पर ही मरीज को भर्ती किया जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़े होने की स्थिति में या हीमोग्लोबिन कम होने की दशा में मेडिकल स्टॉफ हाथ खड़े कर दे रहा है। सीजर केस की डिलीवरी में ज्यादातर समस्या आ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि उच्च स्तरीय सुविधाएं न होने की वजह से ऐसे मरीजों को भर्ती नहीं किया जाता है।

# मेडिकल कॉलेज में आए थे 93 वेंटिलेटर, उपयोग में एक भी नहीं

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। गंभीर रोगियों के फेफड़े तक ऑक्सीजन पहुंचाने वाले वेंटिलेटर मेडिकल कॉलेज के ओपेक चिकित्सालय कैली में दम तोड़ रहे हैं। दो साल से इन मशीनों का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। टेक्ननीशियन न होने की दशा में बड़ी संख्या में मशीनें स्टोर रूम में धूल फांक रही है। देखरेख के अभाव करोड़ों लागत की इन मशीनों में यांत्रिक खराबी आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इनकी उपयोगिता न होने से सीरियस मरीजों को रेफर करना पड़ रहा है।

कोरोना काल (दिसंबर 2020) में पीएम केवर फंड से यहां 93 नए वेंटिलेटर आवंटित हुए थे।

कोरोना आपदा के समय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एनएचएम के संविदा टेक्नीशियनों की मदद से कुछ वेंटीलेटर उपयोग में लाए। लेकिन, कुछ दिनों के बाद इन मशीनों को स्टोर में रखवा दिया गया। जबकि इनकी औसत उम्र चार से पांच साल की होती है। ऐसे में बिना उपयोग में आए ही यह मशीने बड़ी संख्या में खराब भी हो रही है। रखरखाव एवं टेक्नीशियन के अभाव में तीन साल से यह वेंटिलेटर बेमतलब साबित हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन टेक्नीशियन न होने की दशा में इनके संचालन से हाथ खड़े कर दिया है।

आपूर्तिकर्ता कंपनी के तरफ से इन वेंटीलेटरों की जॉच भी नहीं की गई है। इससे यह पता लगाना भी कठिन है कि कितने वेंटीलेटर उपयोग के लिए फिट हैं। जिले के सबसे बड़े अस्पताल के लिहाज से यहां वेंटीलेटर का होना बेहद अनिवार्य है। मगर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के पांच वर्ष बाद भी यह सुविधा बहाल नहीं हो पाई। कोरोना काल में कुछ वेंटीलेटर उपयोग में आते देखे गए थे। इसके बाद से स्टोर रूम में सभी डंप कर दिए गए।

# बीईओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की किया समीक्षा

संवाददाता, मेंहदावल

अमृत विचार। विद्यालय में नामांकित बालिकाओं की शिक्षा-व्यवस्था और शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त बातें शुक्रवार को बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने बीआरसी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन और शिक्षकों के साथ समीक्षा करते हुए कही।

विद्यालय में नामांकित 84 छात्राओं के होने पर एतराज जताते हुए उन्होंने सभी कर्मचारियों से नामांकन लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने सभी से आसपास के गांवों मरवटियां कला, इमलीडीहा आदि गांवों के साथ साथ आवासीय बालिका विद्यालय से वंचित बेलहर ब्लॉक में भी अभिभावकों से संपर्क करने को कहा। उन्होंने कहा विद्यालय में सभी नामांकित छात्राओं का शत-प्रतिशत ठहराव बनाने के लिए शासन द्वारा इनके लिए उपलब्ध कराई जा रही सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना चाहिए। छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा देने में कोई भी कोताही नहीं बरतें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित समुदायों के बीच लैंगिक असमानता अभी भी बनी हुई है। नामांकन के रुझान को देखते हुए, प्राथमिक स्तर पर लड़कियों के नामांकन में लड़कों की तुलना में, विशेष रूप से उच्च प्राथमिक स्तर पर अंतर बना हुआ है।

# प्रधानों ने किया बीडीओ का स्वागत

संवाददाता, संतकबीरनगर


नव नियुक्त खण्ड विकास अधिकारी का स्वागत करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

अमृत विचार। मेहदावल ब्लाक में नवनियुक्त खण्ड विकास अधिकारी धर्मेंद्र चंद्र पांडेय ने ब्लाक कार्यालय पर पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस बात की जानकारी मिलते ही मेहदावल ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि दीप नारायण विश्वकर्मा ने दर्जनों ग्राम प्रधानों के साथ पहुंच कर खण्ड विकास अधिकारी का माला पहनाकर भब्य स्वागत किया। दीप नारायण विश्वकर्मा ने सभी प्रधानों के साथ मिलकर फूल माला और और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। नवागत खण्ड विकास अधिकारी धर्मेंद्र चंद्र पांडेय ने सभी ग्राम प्रधानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं विकास कार्यों में सभी प्रधान साथियों का पूरा सहयोग करूंगा। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मेहदावल ब्लाक के सभी 71 ग्राम पंचायतें विकास के मामले में कीर्तिमान स्थापित करें इसके लिए सभी का सहयोग करने को तैयार हूं। हमारा ब्लॉक जनपद में प्रथम स्थान हासिल करे ऐसा कार्य हम सभी को करना चाहिए। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि दीप नारायण विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान उमेश सिंह, प्रधान प्रधान राम रतन, प्रधान प्रतिनिधि रुदल यादव, श्यामधर, श्रवन मौर्य, रामराज मौर्य, सुभाष गुप्ता, गुरु चरण, अब्दुल्ला खान, अरविंद यादव, सोनू खान, रवि निषाद आदि मौजूद रहे।

# इंस्पायर योजना में प्रत्येक विद्यालय से पांच बच्चों का कराना होगा पंजीकरण

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग केंद्र सरकार की ओर से कक्षा छह से 10 तक के छात्र छात्राओं में रचनात्मक व नवाचारी सोच विकसित करने के लिए इंस्पायर अवार्ड योजना में नामांकन कराया जा रहा है। जिसको लेकर डीआईओएस ने नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय के साथ सभी राजकीय, अशासकीय व वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों और सीबीएसई बोर्ड के सभी स्कूलो के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी किए हैं।जिले में 401 यूपी बोर्ड , 42 स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संचालित होते हैं। इस स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओ की रचनात्मक व नवाचारी सोच विकसित करने इंस्पायर अवार्ड को लेकर नए-नए आइडिया देंगे। शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसमें प्रतिभाग करें।

डीआईओएस जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नई सोच को विकसित करना है। शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसमें प्रतिभाग करें। साथ ही अवॉर्ड को लेकर नए-नए आइडिया दें। इसके लिए विद्यालयों में आइडिया बॉक्स लगाया गया। प्रत्येक विद्यालय से पांच-पांच बच्चों का पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य है।

# किसानों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर का हुआ ट्रायल

हुजूरपुर, बहराइच


इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर ट्रायल के दौरान मौजूद उप कृषि निदेशक। अमृत विचार

अमृत विचार। विकास खंड हुजूरपुर के ग्राम पंचायत भग्गडवा में कृषक कल्याण उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड के निदेशक चन्द्रभान सिंह संचित के प्रक्षेत्र पर मारूत ई-टैक्टर द्वारा निर्मित इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर का ट्रायल हुआ।

उप कृषि निदेशक, टीपी शाही ने पूर्व भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह संचित के फार्म पर इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर का ट्रायल किया गया। जो कृषकों के लिये डीजल पर निर्भरता कम करने में सहायक तथा उनकी आय में भी वृद्धि होगी। जनपद में यह पहला ई-ट्रैक्टर कम्पनी द्वारा लॉंच किया गया है। ई-ट्रैक्टर कम्पनी के को-फाउण्डर द्वारा अवगत कराया गया कि अभी ई-ट्रैक्टर के 02 माडल 18 एवं 28 हार्स पावर की क्षमता में उपलब्ध है। जो कृषि कार्यों को करने में पूर्ण दक्ष है। 18 हार्स पावर के ट्रैक्टर को 04 घंटे की चार्जिंग में 6 से 8 घंटे तक खेत की जुताई की जा सकती है तथा 28 हार्स पावर के ट्रैक्टर को 5 घंटे की चार्जिंग में 6 से 8 घंटे खेत की जुताई की जा सकती है। बताया कि ई-ट्रैक्टर में लीथियम आयन बैटरी का प्रयोग किया गया है। जो 1 से 2.5 टन हाइड्रोलिक लिफ्टिंग क्षमता तक खींचने की पावर रखता है। ट्रैक्टर द्वारा कृषि कार्यों के साथ माल ढुलाई, एवं अन्य व्यवसायिक प्रयोग भी किया जा सकता है। जिसका उपयोग कर जनपद के कृषक भाई अपनी उत्पादन लागत में कमी कर अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह संचित द्वारा कृषकों को बताया गया कि राज्य एवं केन्द्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने के तथा पेट्रोलियम वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिये पर पहले से ही सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। अब कृषि क्षेत्र में ई-ट्रैक्टर के आ जाने से कृषकों को भी इसका फायदा मिलेगा। इस मौके पर शिवा एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड बहराइच के निदेशक अमित सिंह, अरविन्द मिश्रा एवं सहायक विकास अधिकारी कृषि रवि शुक्ला, मारूत ई-टैक्टर कम्पनी के को-फाउण्डर निकुन्ज एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# बांसी नदी की पौराणिकता पर बिहार के सांसद ने कुशीनगर डीएम को लिखा पत्र

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार। बिहार व उत्तर प्रदेश की सीमा को विभाजित करने वाली बांसी नदी में जल ठहराव, गंदगी तथा जलकुंभी शैवाल इत्यादि से पटा हुआ देखकर वाल्मीकि नगर बिहार के सांसद सुशील कुमार ने जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा को पत्र लिखकर मनरेगा तथा अन्य सक्षम योजना से नदी का सुंदरीकरण करवाने का मांग की है। उत्तर प्रदेश तथा बिहार की सीमा को निर्धारित करने वाली बांसी नदी की दुर्दशा व सफाई व्यवस्था को देखने के बाद वाल्मीकि नगर बिहार के सांसद सुशील कुमार ने जिलाधिकारी कुशीनगर को पत्र लिखकर कहा है कि सीमा पर स्थित बांसी धाम पौराणिक परंपराओं के हिसाब से एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है। यहां त्रेता युग में भगवान श्रीराम अपनी बारात लेकर अयोध्या से जनकपुर जाने के दौरान यहां रुके थे। सभी बारातियों ने पवित्र बांसी नदी में स्नान किया था। उसके पश्चात यहां प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास में पूर्णिमा के दिन बहुत बड़े मेले का आयोजन होता है। लेकिन बांसी नदी की दुर्दशा को देखकर निराशा होती है। यह ऐतिहासिक नदी नाला बन कर रह गई है। इसकी साफ सफाई न होने से नदी का बहाव रुक गया है। यह नदी बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा को निर्धारित करता है इसलिए दोनों तरफ के प्रशासन का विशेष ध्यान नहीं रहता।

## एक नजर

### पत्थर उखाड़ने के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हदबरारी के पत्थर नसब को उखाड़ने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के बनकेगांव के रामसिंगार ने जमीन की हद बरारी कराया था। जिसमें राजस्व टीम ने पत्थर नसब कराया था। आरोप है कि विपक्षियों ने पत्थर नसब को जबरन उखाड़ कर फेक दिया। शुक्रवार को पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सरैया कमौरा गांव के राहुल, नरसिंह एवम रामचंदर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### राशन में घटतौली पर गिरी गाज, दुकान सस्पेंड

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एक माह पूर्व कूरेभार विकास क्षेत्र के सैदखानपुर कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने राशन घटतौली की शिकायत पूर्व मंत्री एवं विधायक विनोद सिंह से किया था। मामले में विधायक ने जिला पूर्ति अधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया था। जिला पूर्ति अधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को जांच सौंपी थी। जांच में दोषी पाए जाने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया। जिला पूर्ति अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से कोटे को निलंबित कर दिया। डीएसओ ने सैदखानपुर का कोटा निलंबित करते हुए पुरखीपुर से संबंध कर दिया।

### 22 को आएगा पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान में सत्र 2024-25 में पीएचडी कोर्स के अंतर्गत प्रवेश के लिए 16 जुलाई को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम 22 जुलाई को घोषित किया जाएगा। सफल अभ्यर्थी का दो अगस्त को साक्षात्कार के बाद अंतिम परिणाम छह अगस्त को घोषित कर दिया जाएगा।

## स्टांप विक्रेता का रुपये से भरा बैग गायब, केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** अज्ञात चोरों ने दो लाख रुपए से भरी स्टांप विक्रेता के बैग पर हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार को तहसील परिसर में स्टांप विक्रेता रामचंद्र मौर्य अपने तख्ते पर बैग रखे थे। उनका कहना है कि बैग में दो लाख रुपए, आठ हजार का स्टांप पेपर, तीन सौ का टिकट एवं स्टांप रजिस्टर कोर्ट फीस रजिस्टर तथा अधिवक्ता कल्याण निधि रजिस्टर रखे थे। शाम लगभग चार बजे जब वह पानी पीने के लिए तखत से उतरे तभी अज्ञात चोरों ने बैग पर हाथ साफ कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# हर्ष फायरिंग मामले में दरोगा के खिलाफ गैर जमानती वारंट

## इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह पर हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के आरोप



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के आरोप में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह के मामले में धनपतगंज के तत्कालीन अभियोजन गवाह दरोगा विकास गौतम के खिलाफ एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने कोर्ट में गवाही देने न आने पर गैर जमानतीय वारंट जारी किया है। कोर्ट ने अम्बेडकरनगर के एसपी को पत्र जारी कर दरोगा विकास गौतम को 26 जुलाई को कोर्ट मे हाजिर कराने का आदेश दिया है। 14 जून 2021 को अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के दरोगा सुशील कुमार ने अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में सोनू सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर चार्जशीट दाखिल हुई।

### पुलिस टीम पर हमले के मामले में हुई गवाही

▶▶ पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व समर्थकों पर दर्ज है मामला

**सुलतानपुर :** कूरेभार थाना क्षेत्र के मायंग में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के केस में गवाही दर्ज की गई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में मायंग निवासी रवि प्रकाश श्रीवास्तव का सफाई साक्ष्य बचाव पक्ष के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने दर्ज कराया। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 25 जुलाई की अगली तारीख नियत की है। कूरेभार थाने में 24 अगस्त 2006 को तत्कालीन एसओ जेएल सरोज ने पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में सोनू सिंह समेत उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### विजय नारायण हत्याकांड में विवेचक कोर्ट में तलब

▶▶ लचर विवेचना पर सीजेएम नवनीत सिंह ने कोर्ट में आख्या न भेजने पर दिया आदेश

**सुलतानपुर :** विजय नारायण सिंह की हत्या के मामले में लचर विवेचना पर सीजेएम नवनीत सिंह ने कोर्ट में आख्या न भेजने पर विवेचक को मय केस डेयरी एक अगस्त को कोर्ट में तलब किया है। हत्याकांड में वादी सतीश नारायण सिंह ने अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा के जरिए मानीटरिंग याचिका कोर्ट में याचिका दाखिल की है। अधिवक्ता ने कहा कि घटनास्थल के आसपास कई दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगें हैं, पर विवेचक ने इनसे साक्ष्य नही लिए न ही होटल व बार रूम का निरीक्षण किया। हत्याकांड के अन्य नामजद आरोपियों से संबंधित कोई विवेचना नहीं हुई। बीती तारीख पर सीजेएम ने विवेचक को आदेश दिया था कि बाकी विवेचना में प्रश्नगत साक्ष्यों को शामिल कर आख्या कोर्ट को दें। साथ ही विवेचना पर कोर्ट ने सवाल उठाते हुए पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा था परंतु शुक्रवार को विवेचक द्वारा कोई भी आख्या कोर्ट न भेजने पर कोर्ट ने सख्त रूख अपनाते हुए विवेचक को व्यक्तिगत रूप से मय केस डायरी तलब किया है। गौरतलब है कि वादी पक्ष की मांग पर विवेचना नगर कोतवाल से हटाकर बल्दीराय एसओ को सौंपी थी। मुख्य आरोपी अजय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

# तो शहर में लग जाएगा कूड़े का ढेर...

## प्रशासन साल भर से नहीं ढूंढ़ पाया कूड़ा डंपिंग स्थल, पलहीपुर में मिली जमीन को नहीं कराया गया हैंडओवर

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

नगर पालिका परिषद यदि एक दो दिन में जिला प्रशासन के साथ मिलकर कूड़ा डंपिंग के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाता है तो शहर ही कूड़े के ढेर में तब्दील होने लगेगा। साल भर से जिला प्रशासन ने कूड़ा डंपिंग स्थल के लिए जमीन ही पालिका को मुहैया नहीं करा सकी है। शहर से सटे पलहीपुर गांव में ढूढ़ी गई दो एकड़ जमीन अभी तक पालिका को हैंडओवर नहीं हो सकी है।

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर 25 वार्डों में आबाद है। पालिका के आंकड़ों की मानें तो करीब 54 एमटी कूड़ा प्रति दिन नगर क्षेत्र से निकलता है। पालिका का अपना कूड़ा डंपिंग स्थल बाइपास पर अलहदादपुर में है। जहां से वर्षों से कूड़ा डंप किया जाता है। यह अब तक आबादी से दूर था। पर, पिछले एक दशक से यहां भी शहर आबाद हो गया है। वहीं, यह जितनी जगह है उसमें लाखों टन कूड़ा डंप हो गया है। जगह नहीं बची है। ऐसे में शासन स्तर से यहां लाखों रुपये खर्च कर कूड़ा निस्तारण कराया जा रहा है। जहां पर मशीनें लगाकर गीला और सूखा कूड़ा अलग किया जा रहा है। यह कार्य करीब साल भर से चल रहा है। अभी यहां पर कार्य पूरा होने में समय लगेगा। कई बार जिला प्रशासन से पत्राचार के बाद भी प्रशासन ने कूड़ा डंपिंग के लिए जमीन नहीं खोज पाया है। जबकि, पालिका को कूड़ डंपिंग के लिए तीन से पांच एकड़ जमीन की जरूरत है। अभी तक पालिका प्रशासन इधर-उधर किसी तरह से कूड़ा गिरवाकर व्यवस्था बनाए था। पर, शुक्रवार से स्थिति बिगड़ने लगी है। सुबह का कूड़ा उठाकर गाड़ियों में ही डंप है। कुछ गाड़ियां सभागार तो कुछ हाइवे पर सड़क किनारे कूड़ा लेकर खड़ी रही। देर शाम तक इधर-उधर कूड़ा उतरा जा सकता है। कर्मियों ने दबी जुबान बताया कि यदि स्थिति यही रही तो एक दो दिन में हालात और खराब हो जाएंगे। हम लोग शहर से कूड़ा ही नहीं उठाएंगे।



शहर के पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में खड़े कूड़े से लदे वाहन। अमृत विचार

> शहर से पलहीपुर के पास जमीन खोजी गई है। अभी उसे पालिका को हैंडओवर नहीं हुआ है। वहां भी पहुंचने का रास्ता कच्चा ही है। बारिश में समस्या होगी। पत्राचार कर प्रशासन से कूड़ा डंपिंग के लिए जमीन की डिमांड फिर की जाएगी। समस्या का निदान करा लिया जाएगा। **-प्रवीन कुमार अग्रवाल,** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

# सड़क हादसे में दंपति घायल, पति की मौत

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

▶▶ लखनऊ-बलिया हाईवे पर थाना क्षेत्र मोतिगरपुर के सुलतानपुर कला के पास हुई दुर्घटना

**अमृत विचार:** बाइक सवार दंपति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मोतिगरपुर पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हाल देखते हुए चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। जहां पति की मौत हो गई।

लखनऊ बलिया हाईवे पर मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के सुलतानपुर कला गांव के पास कोतवाली कादीपुर गांव नरोत्तमपुर त्रिलोकपुर नेवादा गांव के रामजीत वर्मा (45) पुत्र राम वर्मा, अपनी पत्नी सुनीता (40) के साथ बाइक से जा रहे थे। उसी समय कादीपुर की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर दोनों गिर पड़े। गंभीर चोटें आई। दुर्घटना में शामिल वाहन चालक लेकर फरार हो गया। घटनास्थल पर आसपास की भीड़ जमा हो गई। मोतिगरपुर पुलिस ने घायल दंपति को सीएससी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रामजीत वर्मा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 41 प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

- बार चुनाव: 29 जुलाई को 1863 मतदाता करेंगे मतदान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन के चुनाव में कनिष्ठ व वरिष्ठ कार्यकारिणी के निर्विरोध होने के बाद अब आठ पदों पर 41 वैध पाए गए प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। जिसमें 1863 मतदाता 29 जुलाई को बार एसोसिएशन में मतदान करेंगे।

अध्यक्ष पद के लिए रणजीत सिंह त्रिशुंडी, अखिलेश शुक्ल, अजय पाठक, बैतुल्लाह खान, जय प्रकाश त्रिपाठी, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, हेमन्त कुमार मिश्र, इन्द्र कुमार शुक्ल, राघवेंद्र प्रताप सिंह और शारदा प्रसाद मिश्र के बीच चुनाव होगा। वहीं, सचिव पद के लिए रमाशंकर पांडेय, मदन तिवारी, उत्कर्ष शुक्ल, सूर्यनाथ यादव, अजय सिंह, दिनेश दुबे, राजकुमार सिंह और व्यास नारायण दुबे ने बीच चुनाव होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अशोक कुमार पाठक, उमाशंकर गुप्ता और हरीश्वर सिंह और सालिकराम मिश्र मैदान मे हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए पांच वकील अरविंद पांडेय, संदीप पांडेय, प्रणव द्विवेदी, सतीश कुमार और शेख नजर अहमद के बीच चुनाव होगा। ट्रेजरार पद के लिए बेलाल अहमद, अरविंद पांडेय और कमलेश तिवारी मैदान में है। सह सचिव प्रशासन के लिए अंकुर वर्मा, संजय गोस्वामी, इंद्रहास पाठक और वीरेन्द्र यादव के बीच मुकाबला होगा।



बार चुनाव को लेकर मंत्रणा करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

# स्कार्पियो-बोलेरो भिड़ीं, 7 घायल

- धरमैतेपुर गांव के सुलतानपुर-रायबरेली हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

धम्मौर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के धरमैतेपुर गांव के सुलतानपुर-रायबरेली हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को दोपहर दो गाड़ियों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में स्कार्पियो चालक व बोलेरो सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेज दिया। हादसे में शिकार हुए बोलेरो सवार एक ही परिवार के हैं।

हादसा धम्मौर थाना क्षेत्र के सुलतानपुर रायबरेली राजमार्ग पर धरमैतेपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। स्कार्पियो सुलतानपुर की ओर से जा रही थी। बोलेरो सामने की ओर से आ रही थी। बोलेरो में धम्मौर के राजापुर गांव निवासी ईश्वरदीन यादव परिवार के साथ प्रतापगढ़ लड़की देखने जा रहे थे। दोनों वाहनों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। बोलेरो में चालक राजन उपाध्याय (30), मनीष यादव (25), सुनीता (40), काजल (25), ईश्वरदीन (45), संजू (28) निवासी राजापुर घायल हुए। इनके अलावा अमेठी जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के दुआरा गांव निवासी स्कार्पियो चालक रोहित सिंह (37) भी इस हादसे में घायल हुए। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज भेजा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।



मौके पर क्षतिग्रस्त वाहन व मौजूद लोग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### करंट से झुलसी महिला, कई लोगों के घरेलू उपकरण जले

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के विभारपुर गांव में ढेमा विद्युत उपकेन्द्र से बिजली सप्लाई की जाती है। गुरुवार रात गांव में लगे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने उपकेन्द्र पर तैनात बिजली कर्मियों को दी। फाल्ट को सही करने एक संविदकर्मी लाइनमैन एक अन्य व्यक्ति के साथ सुबह करीब साढ़े दस बजे ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा। बताया जाता है कि संविदाकर्मी लाइनमैन के साथ आया व्यक्ति पोल पर चढ़कर ट्रांसफॉर्मर के फाल्ट को दूर करने लगा। इसी बीच अचानक गांव में 11 हजार वोल्टेज का करंट घरों में लगे तारों में प्रवाहित होने लगा। इसी गांव की रेखा (38) पत्नी शैलेन्द्र वर्मा हैंडपंप पर कपड़ा धुल रही थी। वह करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। आनन फानन में उसे बिरसिंहपुर सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। गांव के सुरेश पाण्डेय, घनश्याम, संजय वर्मा, जोखूराम वर्मा, पंचराम, प्रशांत समेत दर्जनों घरों में लगे कूलर, पंखे, इनवर्टर, स्टेबलाइजर समेत अन्य बिजली के कीमती उपकरण जल गए। इससे गांव के लोगों का काफी नुकसान हुआ है।

### बीजेपी आईटी सेल प्रमुख के बयान पर कांग्रेस नेता नाराज

▶▶ एसपी को प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज करने की मांग

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय द्वारा कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्रियों स्व. इंदिरा गांधी व स्व. राजीव गांधी के बलिदान को लेकर दिए बयान पर जिले के मूल निवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने गहरा रोष जताया है। उन्होंने ऑनलाइन शिकायत व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। राजेश तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री स्व. इंदिरा गांधी और स्व. राजीव गांधी का बलिदान इस देश की एकता और अखंडता के लिए हुआ है। वह लोग देश के लिए शहीद हुए हैं। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अमित मालवीय ने बहुत ही सतही बयान दिया कि उनकी हत्या निजी कारणों से हुई है। यह बयान अत्यंत घृणित है और शहीदों का अपमान ही नहीं बल्कि पूरे देश का अपमान हैं। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कई खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक



ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी मेडल के साथ।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुक्रवार को हाजी हनीफ मेमोरियल इंटर कॉलेज लोलेपुर के खेल मैदान पर आयोजित की गई। उद्घाटन प्रधानाचार्य माजिद अली ने किया। अंडर-19 सीनियर वर्ग बालक में मधुसूदन विद्यालय के विनोद कुमार, अमन कुमार और दिलीप निषाद ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। अंडर 17 वर्ग में पीयूष चंद्र शुक्ला ने स्वर्ण पदक जीता। बालिका वर्ग में अंडर 14 सब जूनियर वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय की अनुराधा और आंचल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में साक्षी तिवारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रेफरी की भूमिका प्रणय चंद्र शुक्ला एवं पूनम ने निभाई। समापन पर दिलीप सिंह क्रीड़ा सचिव एवं अनुपम वर्मा ने खिलाड़ियों को मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार यादव, निसार अहमद, सरिता, राजेश कनौजिया आदि मौजूद रहे।

### हनुमानगंज से जनवारीनाथ जाएंगे 101 शिवभक्त

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हनुमानगंज बाजार से 101 कांवरियों का जत्था सावन के पहले दिन सोमवार को बभनगंवा गोमती घाट से जल लेकर जनवारीनाथ धाम जलाभिषेक करने निकलेगा। बाबा बैजनाथ धाम जल चढाने से पहले स्थानीय कांवरिये अब स्थानीय स्तर पर नया करने का बीड़ा उठा लिया है। आगामी 22 जुलाई सोमवार को सावन के पहले दिन हनुमानगंज के शिवभक्त भदैया के गोमती नदी किनारे बभनगंवा घाट से हनुमानगंज कांवरियां संघ के बैनर तले 101 कांवरिए पैदल 21 फिट लंबी कांवर लेकर बाबा जनवारीनाथ धाम को जाएंगे और आदि गंगा गोमती के जल से जलाभिषेक करेंगे। यह जानकारी हनुमानगंज कांवरिया संघ के सदस्य रवि कसौधन और सत्यम सिंह ने दी है।

### प्रिंसिपल को स्कार्पियो सवारों ने धुना, टूटा हाथ

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के प्रयागराज हाइवे पर शुक्रवार को प्रभावती मॉडर्न पब्लिक स्कूल की बस स्कूल से अध्यापिकाओं को पहुंचाने जा रही थी। हाइवे पर पकड़ी गांव के पास जिला पंचायत सदस्य लिखी एक स्कार्पियो ने बस को ओवरटेक कर रोक लिया। स्कार्पियो सवार आधा दर्जन लोग बस चालक से गाली गलौज करने लगे। जिस पर मौजूद अध्यापिकाओं ने विरोध किया तो स्कार्पियो सवार युवकों ने अध्यापिकाओं से अभद्रता की। मौके पर मौजूद स्कूल प्रिंसिपल कृष्ण चंद्र दुबे ने दबंग युवकों की करतूत का विरोध किया। जिस पर युवकों ने प्रिंसिपल से हाथापाई कर उनकी पिटाई कर दी। जिसमें स्कूल प्रिंसिपल का हाथ टूट गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित प्रिंसिपल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

# नाले में उतराता मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार:** गुरुवार की सुबह घर से मछली का शिकार करने निकले एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को चांदा थाना क्षेत्र के गोपीनाथपुर गांव में नाले में उतराया मिला। परिजनों को आशंका है कि किसी ने हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया है। चांदा पुलिस ने पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोलई निषाद (55) पुत्र शिव मूरत निषाद निवासी ग्राम अहिरौला थाना चांदा का शव गांव के बगल सटे गांव गोपीनाथपुर नाले में शुक्रवार की सुबह दिखाई दिया। शव की सूचना पर चांदा कोतवाली के थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह अपने मातहतों के साथ पहुंचे। शव को नाले से निकलवाया। उसका पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कोलई मजदूरी करता था। इनके दो बेटे राजेन्द्र निषाद उम्र 18 वर्ष व जितेंद्र निषाद उम्र 16 वर्ष है। पत्नी जड़ावती का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों का मानना है कि किसी ने हत्या के शव को नाले में फेंक दिया। फिलहाल शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सुचना पर शव को नाले से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# जेसीबी से ढहाया स्कूल का शौचालय

- अध्यापक को आरोपित करते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने की बीईओ से शिकायत

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शिक्षा क्षेत्र के बालमपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय परिसर के अंदर मौजूद पुराने शौचालय को जेसीबी से ढहा दिया गया है। प्रधानाध्यापक ने सहायक अध्यापक द्वारा शौंचालय तोड़े जाने की शिकायत बीईओ से की है। वहीं, प्रधान ने इसकी जानकारी से इंकार किया है।

भदैंया के बालमपुर जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को दोपहर बाद विद्यालय परिसर के अंदर बनाया गया। सरकारी शौचालय भवन को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया है। शनिवार को विद्यालय परिसर में पौधारोपण होना है, जिसके लिए स्कूल परिसर की साफ सफाई व गड्ढे बनाने को जेसीबी मशीन व मजदूर लगाए गये थे। दोपहर बाद परिसर के अंदर बना दशक भर पहले बना पुराना शौचालय ढहा दिया गया है। प्रधानाध्यापक गणेश प्रसाद ने इसकी शिकायत बीईओ भदैंया से कर शौंचालय अपने सहायक राजकुमार तिवारी द्वारा तोड़वाने की बात कही है। ग्राम प्रधान बालमपुर पूजा राहुल गुप्ता ने बताया कि हमको शौंचालय तोड़े जाने की कोई जानकारी पहले नहीं थी। सफाई कर रहे मजदूरों के बताने पर स्कूल गया तो पता चला अध्यापकों ने पुराना शौंचालय तोड़वा दिया है।

खंड शिक्षाधिकारी भदैंया उदयराज मौर्या ने बताया कि प्रधानाध्यापक गणेश प्रसाद द्वारा शौंचालय तोड़े जाने की शिकायत मिली है। इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



स्कूल के शौचालय को ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

# दहेज उत्पीड़न में छह पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** पीड़िता रेनू की दी गई तहरीर में बताया कि पति मनीष पांडेय आए दिन दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न करते हुए मारते-पीटते थे। पीड़िता ने इस संबंध में दीवानी में घरेलू हिंसा एवं गुजारा भत्ता को लेकर एक केस भी दायर किया है। पति व अन्य परिवारीजन केस को वापस लेने का दबाव बनाने थे व मना करने पर लात-घूसों एवम डंडे से मार पीट कर घायल कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोट आई। पीड़िता की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने पति मनीष पांडे, जेठ मनोज पांडे, जेठानी रेनू, चचिया ससुर कमलापति पांडे, चचिया सांस बिंदु पांडे एवम चचेरे देवर निखिल पर केस दर्ज कर लिया है।

**दिखाई सख्ती** | समीक्षा बैठक के दौरान सही डाटा ने दे पाने पर मांगा स्पष्टीकरण

# डीएम ने प्रभारी बीएसए को लगाई फटकार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व सीडीओ अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति व विकास कार्यों की समीक्षा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयोजित की गयी। जिसमें सभी विभागों को समय से कार्य करने का निर्देश दिया गया।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि यदि किसी के भूमि विवाद व कोई अन्य प्रकरण लंबित हो तो सीडीओ से वार्ता कर सभी प्रकरण का निस्तारण अगले एक हफ्ते में अवश्य कर लें। उन्होंने 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा व निरीक्षण संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा समय समय पर अवश्य किया जाए तथा उसकी रिपोर्ट दिनांक सहित प्रगति बुकलेट में अंकित की जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लाते हुए कार्य समय पर गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी बीएसए व जयसिंहपुर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सही डाटा न उपलब्ध करा पाने पर उनके विरूद्ध स्पष्टीकरण जारी का आदेश दिया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग से संबंधित डाटा समय से फीड करा लें, जिससे रैंकिंग प्रभावित न हो। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. चौधरी, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी दद्दन कुमार सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारी।

# स्मार्टफोन के लिए कॉलेज पर सुविधा शुल्क लेने का आरोप

**लम्भुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** गुरुवार को क्षेत्र के गोपालपुर मधैया स्थित स्वामी विवेकानंद एसएस पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन का वितरण समारोह किया गया था। जहां पर बीएड संकाय की द्वितीय वर्ष की छात्रा शालू शुक्ला को सुविधा शुल्क न देने पर बिना स्मार्टफोन दिए लौटा दिया गया।

यह मामला तब प्रकाश में आया जब छात्रा ने खुद को अपमानित महसूस करते हुए एसडीएम लंभुआ विदुषी सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी। लंभुआ क्षेत्र के मकसूदन गांव निवासी उमेश चंद्र शुक्ला की पुत्री शालू शुक्ला स्वामी विवेकानंद एसएसपीजी कॉलेज मधैया में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह गुरुवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में स्मार्टफोन लेने गई हुई थी तभी उसको विद्यालय के प्रबंधन तंत्र द्वारा निर्धारित की हुई 4500 रुपए की मांग कर्मचारियों द्वारा की गई। जब उन्होंने कहा कि उनकी फीस और परीक्षा शुल्क सारे जमा है। तब उन्होंने अंदर बुलाकर डॉटा और भगा दिया। प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ल ने बताया कि सुविधा शुल्क वसूलने का आरोप बेबुनियाद है। छात्रा की फीस वगैरह बची होगी तो कॉलेज की ओर से वही जमा कराने को कहा गया होगा।

## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। शुक्रवार को थाना जामो पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गंगाप्रसाद (22) निवासी मोती का पुरवा मजरे संभई को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

### पौधरोपण के चलते आज नहीं होगा समाधान दिवस

अमेठी, अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया है वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत माह के तृतीय शनिवार को एक ही दिवस में 36.50 करोड़ पौधारोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गयी है। उक्त के दृष्टिगत माह जुलाई के तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस माह जुलाई के तृतीय शनिवार 20 जुलाई के स्थान पर 22 जुलाई सोमवार को आयोजित किया जायेगा।

### संजय गांधी अस्पताल में सर्जरी विभाग का विस्तार

अमेठी, अमृत विचार। संजय गांधी अस्पताल में बेहतर चिकित्सिय सुविधा मरीजों को दिलाने का प्रयास लगातार जारी है। संजय गांधी अस्पताल में डाक्टर अमित गुप्ता नए सर्जन के रुप में लाये गए हैं। इससे पहले डाक्टर गुप्ता देश के सबसे श्रेष्ठ अस्पताल एम्स नई दिल्ली में कार्यरत थे। संजय गांधी अस्पताल के विशेष आग्रह पर अस्पताल को जॉइन किया है। जटिल सर्जरी में पारंगत सर्जन, पित्त की थैली, बवासीर, फिसर, हार्निया, हाड्रोसील अपेंडिक्स, ऑब्स्ट्रक्शन, परफोरेसन,आदि के मामलों के कुशल चिकित्सक हैं। दो चिकित्सक होने से मरीजों को आसानी से परामर्श और इलाज मिलेगा।

# सांसद को बुजुर्ग ने बताया विद्युत बदहाली का हाल

## केएल शर्मा ने कार्यकर्ताओं व विभिन्न संगठनों के साथ की बैठक, ग्रामीणों से की मुलाकात

संवाददाता, अमेठी


लोगों को सम्बोधित करते अमेठी सांसद केएल शर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार। सांसद किशोरी लाल शर्मा अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को जगदीशपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं व विभिन्न संगठनों के साथ बीएचईएल गेस्ट हाउस जगदीशपुर में बैठक की। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर समस्याएं बिजली को लेकर रहीं। सांसद ने सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

इसके बाद सांसद बहुआ में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद अजहर के घर पर पहुंचे। जहां उपस्थित सैकड़ो लोगों को संबोधित करते हुए केएल शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव में इस गांव में नहीं आ पाया था, लेकिन इस गांव के लोगों ने अच्छी जीत दिलाकर अपना और गांधी परिवार के रिश्ते को बड़ा सम्मान दिया है। वहीं पर एक बुजुर्ग ने सांसद से कहा कि गांव में लाइट बहुत कम रहती है जब रहती भी है तो सिर्फ जुगनू की तरह जलती है। इस समस्या पर तत्काल सांसद ने अपने कार्यालय फोन कर कहा कि संबंधित अधिकारी से बात करके समस्या का निदान जल्द कराएं, यह बड़ी जनसमस्या है।

सांसद ने कहा कि मेरे राजनीतिक सेवा की शुरुआत इसी ब्लॉक से हुई थी। आप सबके लिए दरवाजे 24 घंटे खुले हैं गौरीगंज कार्यालय पर समस्या के निदान के लिए कभी भी आ सकते हैं। बहुआ, मत्तेपुर, भीखीपुर राजा फत्तेपुर सिंहपुर में जगह-जगह सांसद किशोरी लाल शर्मा का लोगों ने स्वागत किया। दोपहर 12:30 बजे सांसद क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक कार्यालय सिंहपुर पहुंचे सांसद संसदीय क्षेत्र अमेठी रायबरेली भ्रमण कार्यक्रम की तहत दोपहर 1:30 बजे सलोन विधानसभा के डीह रवाना हुए। कार्यक्रम में सिंहपुर तिलोई के ब्लॉक, न्यायपंचायत ग्राम सभा अध्यक्ष, जिला कमेटी वरिष्ठ कांग्रेस जनों सहित जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, राकेश मिश्रा, प्रवक्ता अनिल सिंह, मो. मतीन, राम प्रसाद गुप्ता, मो. अजहर, सरोस हैदर, अजहरूल हक, रामकेवल पासी, दिलीप जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# खेत जोतने गया टैक्टर पलटा चालक की मौत, एक घायल

संवाददाता, मुसाफिरखाना अमेठी



अमृत विचार। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत मवई गांव में खेत की जुताई कर वापस लौट रास्ते में समय अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। जिसके नीचे दबकर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही एक अन्य घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार हो रहा है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर करीब में नारा अढनपुर के मवई के पूरे दुखछोर गांव निवासी धनंजय चौरसिया अपने टैक्टर से खेत की जुताई करने गया था। वापस लौटते समय रास्ते में खाई पर चढ़ाते हुए ट्रैक्टर पलट गया। जिससे टैक्टर पर बैठे आंसू चौरसिया व राम शरण दब गए। दूसरे ट्रैक्टर की सहायता से दोनो को बाहर निकाला गया, किंतु तब तक आंसू की उसके नीचे दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के साथ भेजवा कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था।

# जबरन गर्भपात का लगा आरोप क्लीनिक पहुंची महिला पुलिस

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। शाहाबाद में भ्रूण हत्या रुकने का नाम नहीं ले रही है। शाहाबाद के क्लीनिक और अस्पतालों में खुलेआम पैसा लेकर भ्रूण हत्या की जा रही है। शुक्रवार की शाम तकरीबन 7 बजे महिला थाने की प्रभारी राम सुखारी ने पीड़ित महिला की शिकायत पर दिलरगंज स्थित पूजा क्लीनिक पर छापेमारी की है।

बताया यह गया शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां निवासी पारूल पत्नी पूरन सिंह को 27 जून को उसकी बहन घर से जबरदस्ती मारपीट कर लाई थी और बेहोशी की हालत में पारुल का अबोर्शन करा दिया। जब पारुल को होश आया तो वह दंग रह गयी। पारुल के अनुसार वह तीन माह की गर्भवती थी। पीड़ित पारुल ने महिला थाना हरदोई में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शुक्रवार की शाम 7:00 बजे महिला थाना की प्रभारी श्रीमती राम सुखारी पीड़ित महिला को लेकर दिलेर गंज स्थित पूजा क्लीनिक पर पहुंची और डॉक्टर पूजा गुप्ता से अबार्शन के बाबत पूछताछ की। पुलिस को देखकर क्लीनिक के आसपास भारी भीड़ एकत्रित हो गई। महिला थाना प्रभारी अभी क्लीनिक पर डॉक्टर से घटना के बारे में जानकारी ले रही हैं। बताया कि दोषी मिलने पर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हर किसी के साथ करना चाहिए अच्छा व्यवहार

संवाददाता, जामो अमेठी


पूरे छत्ता सिंह गोरियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। ईश्वर की विशेष अनुकम्पा पाने के लिए प्रसन्नता एवं सहायता प्राप्त करने के लिए हमें ईश्वर का आज्ञाकारी, धर्म परायण होना चाहिए। प्रत्येक प्राणी में भगवान व्याप्त है इसलिए हमें हर किसी के साथ सज्जनता का व्यवहार करना चाहिए। पाप से बचना चाहिये। क्योंकि पाप करना अपने ईश्वर के साथ ही दुर्व्यवहार करना है।

यह बातें पूरे छत्ता सिंह गोरियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए टोली नायक बनवारी लाल शर्मा ने व्यक्त की। कहा कि कर्म का फल ईश्वरीय विधान का अंग है, इसलिए सत्कर्म करें और सुखी रहे। दुष्कर्मों से बचें ताकि दुख न सहन करना पड़े यह भावनाएं एवं मान्यताएं जिसके मन में जितनी ही गहरी जमी होगी जो इन्हीं मान्यताओं के अनुरूप अपनी रीति-नीति बना रहा होगा, वह उसी अनुपात में आस्तिक कहा जाएगा। आस्तिक मनुष्य को पग-पग पर उत्कृष्ट स्तर के आनंद, उल्लास, संतोष एवं गौरव का अनुभव होता है। स्वर्ग और नरक कहीं और नहीं इसी धरती पर है। व्यक्ति को अपने कर्मों के आधार पर उसे भोगना होता है। इस मौके पर अजीत प्रताप सिंह, पवन कुमार सिंह, अक्षय प्रताप सिंह के संयोजकत्व में आयोजित गुरु गीता एवं पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ो लोगों ने आहुतियां प्रदान की। यज्ञ की महिमा का गान टोली के सदस्यों भास्कर तिवारी, राम शंकर, उदय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर जयकरन तिवारी, राज बख्श सिंह, मनोज गुप्ता, कौशल किशोर वैश्य, समर बहादुर सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला समन्वयक डॉक्टर त्रिवेणी सिंह ने 18 से 22 मार्च 2025 में अमेठी में आयोजित 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में भागीदारी के लिए सभी को आमंत्रित किया और जामों ब्लॉक के प्रत्येक गांव को देवगांव बनाने के लिए आह्वान किया। देवगांव से पूजित मिट्टी से उन 251 कुण्डों में एक कुंड बनाया जाएगा।

# सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया पौधरोपण

अमेठी। शुक्रवार को अमेठी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक काशी प्रसाद ने फोरमैन सीडी राम के साथ कार्यशाला परिसर में पौधरोपण किया। पौधरोपण के पूर्व एआरएम ने कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए एक पेड़ मां के नाम थीम को आगे बढ़ाते हुए अपने घर, गांव में खाली जमीनों पर पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। एआरएम ने कहा कि पर्यावरणीय असंतुलन के कारण तापमान बढ़ा है और इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ी है। धरती पर वनावरण बढ़ने से ही स्वच्छ प्राण वायु और भूमिगत जल संकट को दूर किया जा सकता है। वृक्ष धरती के श्रृंगार हैं। एआरएम ने परिसर में आम और अमरूद के पेड़ लगाएं। एआरएम के साथ कार्यशाला के सभी कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया।

# बालिका के साथ दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को 20 साल कारावास

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद नसीम ने एक फैसले में बालिका के साथ रेप करने के मामले में अभियुक्त को जुर्म साबित होने पर 20 साल की कड़ी कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र शाहाबाद के हूंसेपुर लुकमान निवासी नवीन उर्फ कलूटे ने 17 जुलाई 2020 को एक बालिका के साथ रेप किया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने तहरीर देकर दर्ज कराई। कहा कि आरोपित ने घटना के दिन उसकी बालिका को बहला फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया। जहां पर उसके साथ जबरिया रेप किया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर जुर्म साबित पाया और उसे 20 साल की कड़ी कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर आधी धनराशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

## नाबालिग से युवक ने किया दुष्कर्म, गर्भवती



बेनीगंज (हरदोई)। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में प्रेम प्रसंग के दौरान शारीरिक सम्बन्ध बनाने से नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई, जिसका पता चलने पर नाबालिग के परिजन उसी गांव निवासी युवक के घर उलाहना देने पहुंचे जिसपर युवक के परिजनों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की, जिसके बाद युवक ने शादी से मना कर दिया, पीड़ित नाबालिग के परिजनों ने बेनीगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता की तहरीर पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# सोते समय सांप ने काटा, छात्रा की मौत

हरदोई, अमृत विचार। रात में सोते समय किशोरी को सांप ने काट लिया। छात्रा को घर वालों ने सीएचसी पहुंचाया। इलाज के बाद घर वाले उसे वापस घर ले आये। लेकिन घर पहुंचने पर फिर उसकी हालत बिगड़ गई। जहां से उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहीं उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। माधौगंज थाने के ज्यूरा निवासी रामचंद्र की 12 वर्षीय पुत्री प्रतिभा इण्टर कालेज में 7वीं की छात्रा थी। गुरुवार की रात वह बिस्तर पर सो रही थी। उसी बीच उसे सांप ने काट लिया। सीएचसी पर इलाज के बाद परिजन उसे घर लेकर चले गए। शुक्रवार की सुबह उसकी हालत बिगड़ गई, आनन-फानन में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी की मौत के बाद पति ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

संवाददाता, हरदोई

निराशा

अमृत विचार। पत्नी की मौत के बाद से सदमे में जी रहा पति ट्रेन के आगे कूद पड़ा,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बुधवार को चांदमारी के पास हुआ था, शुक्रवार की सुबह तीसरे दिन जीआरपी थाने से शव की शिनाख्त होने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया गया।

बुधवार को चांदमारी के पास एक 24 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली थी। लेकिन जीआरपी की कोशिशों के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। इधर कोतवाली शहर के धन्नूपुरवा निवासी ऋषिकांत के घर वाले उसे तलाश कर रहे थे। वह बुधवार की सुबह ससुराल चांद बेहटा में अपनी बेटी से मिलने के लिए घर से निकला था, उसके बाद से वापस नहीं लौटा। उसके भाई रमाकांत ने बताया कि जीआरपी थाने पहुंच कर उसे हादसे का पता चला और उसने शव की शिनाख्त की। रमाकांत के मुताबिक ऋषिकांत पानीपत में एक मोबाइल शॉप पर मैकेनिक की नौकरी करता था। अभी एक महीनें पहले ही घर आया हुआ था। हादसे से 22 दिन पहले उसकी पत्नी पूजा की मौत हो गई थी,मां की मौत के बाद बेहाल हुई उसकी बेटी को ननिहाल वाले अपने साथ लिए गए थे। पत्नी की मौत के बाद से ऋषिकांत सदमें में रहने लगा था।

## सार-संक्षेप

### कृत्रिम अंग उपकरण वितरण के लिए लगेंगे शिविर

अमेठी, अमृत विचार। जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हांकन शिविर माह अगस्त के प्रथम, द्वितीय सप्ताह में आयोजन के लिए 5 से 6 दिवसीय लगातार तिथियों का चयन कर पुष्टि के उपरान्त भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जी0टी0 रोड कानपुर को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हांकन शिविर प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक क्रमश: तहसील गौरीगंज के वि0ख0 परिसर गौरीगंज में 5 अगस्त, तहसील अमेठी के वि0ख0 परिसर अमेठी में 6 अगस्त, तहसील मुसाफिरखाना (दो कैम्प) वि0ख0 परिसर मुसाफिरखाना में 7 अगस्त व वि0ख0 परिसर जगदीशपुर में 8 अगस्त तथा तहसील तिलोई के वि0ख0 परिसर तिलोई में 9 अगस्त को आयोजित किया जायेगा।

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

मुसाफिरखाना अमेठी, अमृत विचार। मोहर्रम के मौके पर हुई घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। शुक्रवार को भाजपा जिला मंत्री अतुल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम मुसाफिरखाना से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा। कहा कि घटना में शामिल सभी लोगों के पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। अतुल सिंह ने कहा कि जिस तरह की देश विरोधी घटना हुई है, इससे हिंदू जनमानस में भय व्याप्त है। इसके लिए प्रशासन द्वारा ऐसी कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो सके। वहीं राहुल कौशल विद्यार्थी इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं निंदनीय है। इस मौके पर राजेश सिंह एडवोकेट, सोनू त्रिपाठी एडवोकेट, शैलेंद्र यादव, बजरंगी यादव, विजय कुमार पांडे, रोहित तिवारी, महेंद्र सिंह, अभिषेक तिवारी लोग उपस्थित रहे।

### जबरन गर्भपात कराने का आरोप, पहुंची पुलिस

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। भ्रूण हत्या के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शाहाबाद के क्लीनिक और अस्पतालों में खुलेआम पैसा लेकर भ्रूण हत्या की जा रही है। शुक्रवार की शाम महिला थाना प्रभारी राम सुखारी ने पीड़ित महिला की शिकायत पर दिलेरगंज स्थित पूजा क्लीनिक पर छापेमारी की। बताया यह गया कि शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां निवासी पारूल पत्नी पूरन सिंह को 27 जून को उसकी बहन घर से जबरदस्ती मारपीट कर लाई थी और बेहोशी की हालत में पारुल का गर्भपात करा दिया। जब पारुल को होश आया तो वह दंग रह गयी। पारुल के अनुसार वह तीन माह की गर्भवती थी। पीड़ित पारुल ने महिला थाना हरदोई में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शुक्रवार की शाम 7 बजे महिला थाना प्रभारी पीड़ित महिला को लेकर दिलेर गंज स्थित पूजा क्लीनिक पर पहुंची और डॉक्टर पूजा गुप्ता से अबार्शन के बाबत पूछताछ की।

### नवनिर्वाचित सांसद के आगमन पर हुआ स्वागत

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। सपा के प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद एसपी सिंह का उनके गृह जनपद पहुंचते ही मल्लावां में सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू के कार्यालय पर स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रत्याशी कोई भी हो 2022 वाली गलती 2027 में नहीं करनी है। शुक्रवार को अपने गृह जनपद पहली बार पहुंच रहे प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद श्री सिंह का सपा नेता श्री वर्मा के कार्यालय पर स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू ने बुक देकर सम्मान किया। सांसद ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा सरकार में भविष्य नहीं है तभी उन्होंने समाजवादी पार्टी को 37 सीट देकर देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनाने में सहयोग किया। ज़ब महंगाई, बेरोजगारी, रोजगार की बात होती है तो भाजपा वाले हिंदुस्तान,पाकिस्तान और चीन की बात करते हैं। पांच किलो राशन देकर सबका ध्यान भटका कर अपने चहेते उद्योगपतियों को ही बढ़ाने का काम भाजपा कर रही है।

### घूसखोरी में हेड कांस्टेबल गिरफ्तार, एसआई फरार

हरदोई, अमृत विचार। केस दर्ज करने के नाम पर एसआई और हेड कांस्टेबिल का रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमें में खलबली मच गई। मामले की जांच सीओ शाहाबाद को सौंपी गई है। वहीं एसपी ने दोनों रिश्वतखोरों को निलंबित कर दिया है। पाली पुलिस ने केस दर्ज कर हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार भी कर लिया है। जबकि रिश्वतखोर एसआई को फरार बताया गया है। पाली थाने में तैनात हेड कांस्टेबिल विश्वजीत सिंह ने केस दर्ज करने के नाम पर 12 हज़ार रुपये रिश्वत मांगी थी,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में वहीं तैनात एसआई ह्रदय राम यादव का नाम आया है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने सीओ शाहाबाद को मामले की जांच सौंपी है,उसी बीच एसआई ह्रदय राम यादव और हेड कांस्टेबल विश्वजीत सिंह के खिलाफ पाली थाने में केस दर्ज कर लिया गया है, उसके अलावा हेड कांस्टेबल विश्वजीत सिंह को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। जबकि एसआई फरार बताया गया है। साथ ही एसपी श्री जादौन ने एसआई ह्रदय राम यादव और हेड कांस्टेबिल विश्वजीत सिंह को निलंबित कर दिया है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट कर किया घायल

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। पुरानी रंजिश में भाई बहन को मां बेटे ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवादा मजरा अटवारा चकोला निवासी कलाम ने तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश के चलते गुरुवार की रात गांव के ही अमीर व उसकी मां जिल्लो उसकी बहन को गाली गलौज कर मार पीट रहे थे। जब वह बचाने लगा तो दोनों ने उसको भी लात घुसो व डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# कांवड़ यात्रा के चलते किया गया रूट डायवर्जन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कांवड़ यात्रा के चलते पूरे सावन महीने कांवरियों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

जनपद सीतापुर व लखनऊ से मल्लावां जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश संडीला बस अड्डे के आगे तिराहे से कासिमपुर होते हुए बांगरमऊ उन्नाव जाएंगे। कन्नौज से मल्लावां से आने वाले भारी वाहन बांगरमऊ से कन्नौज की तरफ जाएंगे। मल्लावां से गौसगंज संडीला मार्ग पर भारी वाहन जाएंगे। सीतापुर से हरदोई आने वाले भारी वाहन मिश्रिख पिसावां रोड से चौकी कुतुबनगर थाना पिसावां की ओर जाएंगे। जनपद शाहजहांपुर से हरदोई आने वाले वाहन सेहरामऊ की तरफ से जनपद सीतापुर की ओर जाएंगे। लखनऊ -हरदोई मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यह व्यवस्था पूरे सावन माह शनिवार प्रातः आठ बजे से मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगी।

## बाढ़ के कारण कांवड़ यात्रा मार्ग में किया गया बदलाव

हरदोई। बाढ़ के चलते शाहाबाद-पाली मार्ग पर आगमपुर पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण वाहनों का आवागमन पूर्णतया बंद है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सकाहा शिव मंदिर जाने वाले कांवरिये फर्रुखाबाद से रूपापुर, सवायजपुर, बावन होते हुए शहर के नुमाइश चौराहा, डीएम चौराहा मार्ग से कांवर चढ़ाने के लिए पहुंच सकेंगे।


पैदल गश्त करते एसपी नीरज जादौन व साथ में पुलिस बल। अमृत विचार

## श्रावण मास से पहले एसपी ने सड़कों पर बहाया पसीना

हरदोई। सावन के महीने में कहीं पर कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए पुलिस नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार को नगर में सड़कों पर घंटों पसीना बहाया। नवागत एसपी ने सावन महीने में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इसी क्रम में उन्होंने नगर के कई संवेदनशील स्थानों व बाजारों में पैदल गश्त की। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए बातचीत की। एसपी की मुस्तैदी देख लोगों ने भी जगह-जगह उन्हें सहयोग का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांतिपूर्ण शासन की मंशानुरूप कानून का पालन करने की अपील की।

# पति सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

मल्लावां, हरदोई। दहेज में बुलेट मोटर साइकिल न मिलने पर तीन तलाक देकर महिला को मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मल्लावां कोतवाली के मटियामऊ गांव निवासी शाहनाज ने तहरीर में बताया कि चार वर्ष पूर्व गांव के जुबेर के साथ उसका निकाह हुआ था। डेढ़ माह का एक बेटा भी है। अक्सर दहेज को लेकर पति जुबेर, सास मदसूदन, नंद शबनम, देवर सूफियान, जेठ सानू प्रताड़ित कर मारते पीटते थे। 17 जुलाई को उपरोक्त सभी ने मारापीटा पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया।

# युवक ने पड़ोसी गांव पहुंचकर की आत्महत्या

हरदोई। खेती-बाड़ी करने वाले युवक ने पड़ोसी गांव में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घर वालों का कहना है कि वह अवसाद में चल रहा था। उसका आगरा से इलाज कराया जा रहा था। बेहटा गोकुल थाने के आंटदानपुर निवासी 24 वर्षीय शिव शरण पुत्र महंगे लाल खेती-बाड़ी करता था। गुरुवार की देर रात वह बिना कुछ बताए घर से चला गया। शुक्रवार की सुबह उसकी तलाश शुरू की गई। उसी बीच आंटदानपुरके मजरा जियाहा में उसका शव फांसी पर लटका देखा गया। परिवार में पत्नी सविता के अलावा उसकी एक बेटी है। परिजनों का कहना है कि शिव शरण की दिमागी हालत ठीक नहीं थी, उसका इलाज चल रहा था।

तैयारी

संगठन की कमेटियों को चुस्त-दुरुस्त करने की कोशिश में जुटी बसपा, सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा-

# बसपा की सरकारों में सर्वसमाज के हित में काम किया गया

संवाददाता, मुसाफिरखाना/अमेठी।

अमृत विचार। खेती किसानी के मौसम में बहुजन समाज पार्टी अपने संगठन की कमेटियों को चुस्त-दुरुस्त करने की कोशिश में लगी हुई है। विधानसभा वार बैठकों का क्रम जारी है। गुरुवार को इसौली विधानसभा की बैठक हुई। 25 जुलाई को गौरीगंज में जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक बुलाई गई है।

गुरुवार को इसौली विधानसभा में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति काफी कम मिलने पर सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी, राजकुमार गौतम और छोटे लाल मौर्य ने केवल तीन सेक्टरों में बूथ कमेटियों के पुनर्गठन के लिए पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटी। विधानसभा अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम और प्रभारी सियाराम भारती को दोबारा बैठक बुलाने के निर्देश दिए। सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा कि बसपा समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित व्यवस्था के निर्माण के लिए संघर्षरत है। बहन मायावती ने कभी घोषणा पत्र जारी नहीं किया, जब भी सत्ता में रहीं, सर्वसमाज के हित में काम किया। बहन मायावती ने उत्तर प्रदेश के चार बार के शासन काल में 23 लाख नौकरियां दीं। अम्बेडकर ग्राम विकास योजना लागू करके गांवों में विकास की रोशनी पहुंचाई। बसपा सरकार की नकल करके ही सपा और भाजपा ने योजनाएं चलाने की कोशिश की, परंतु फेल रहीं। योगी सरकार दूसरी बार सत्ता में है। एक भी भर्ती फाइनल नहीं हो पाई। पेपर लीक सरकार से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्र परेशान हैं। कम पढ़े लिखे नौजवानों को भी कोई काम नहीं मिल रहा। मंहगाई ने गरीब जनता की कमर तोड़ दी है। अरहर की दाल लोग नहीं खरीद पा रहे। अब आलू, टमाटर और प्याज खरीदना भी मुश्किल हो गया है।

बसपा के सेक्टर प्रभारी राज कुमार गौतम ने कहा कि संविधान बचाने की बात कर मतदाताओं को भ्रमित करके सीट जीतने वाले इंडिया एलाइंस के लोग जनता से किए गए वादे के अनुरूप एक भी काम नहीं कर पाए। बसपा मुखिया मायावती जब तक बहुजन समाज का नेतृत्व कर रही हैं, संविधान बदलने की कोई हिम्मत नहीं कर सकता।

सेक्टर प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा कि पिछड़े वर्ग के बीच राजनीतिक चेतना बसपा और कांशीराम की देन है। कांशीराम साहब की पाठशाला में पढ़कर आगे बढ़े पिछड़े वर्ग के तमाम नेता व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति के लिए दल बनाकर सीट और कुर्सी का सौदा कर रहे हैं। मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू कराने के लिए बसपा ने वोट क्लब दिल्ली में धरना देने के साथ राष्ट्र व्यापी आंदोलन किया। 65 साल तक कांग्रेस और जनता पार्टी पिछड़ी जातियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती रही, कभी पावर नहीं दी, आज भाजपा यही कर रही है। चुनाव हारने के बाद भाजपा के एक बड़े नेता कुर्सी के लिए लखनऊ से दिल्ली दौड़ लगा रहे हैं। स्वाभिमान और सम्मान के साथ राजनीति केवल बसपा में हो सकती है।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल** गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–6200 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 **तेल तिलहन** अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,900 |
| सोना रवा | 73,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,000 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

## आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए



- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

### कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड–19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरुआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

# रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।



- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

### निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ की हानि

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

# 5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

# एचडीएफसी बैंक का सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक है। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसका सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन एक दशक से सक्रिय है और 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इस पहल के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में चिन्हित 112 जिलों में से 85 जिलों को लाया गया है। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने कहा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल संवर्धन, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय साक्षरता और पर्यावरण के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को देखते हुए हमारा लक्ष्य उन समुदायों में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी वृद्धि का समर्थन करना है जहां हम काम करते हैं।

- 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक

# कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

कोलकाता, एजेंसी

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में हैं केंद्र

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं।

नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले से ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### 31 तक अंतर्राष्ट्रीय राखी शिपमेंट की डाक की अपील

**नई दिल्ली।** रक्षा बंधन के साथ भारतीय डाक दुनिया भर में अपने प्रियजनों को राखी भेजने के लिए अपनी सहज अंतर्राष्ट्रीय मेल सेवाओं का उपयोग करने के लिए लोगों से 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाने की सलाह दी है। डाक विभाग ने अपील करते हुए कहा कि अपने प्रियजनों को अपने दिल से दिए गए उपहारों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाएं।

### गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

**मुंबई।** गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई–अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

### तस्करी के 33,000 लीटर डीजल जब्त, 4 गिरफ्तार

**अलीबाग।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवास बंदरगाह पर पुलिस ने समुद्री मार्ग से तस्करी कर भारत लाये जा रहे 33,000 लीटर डीजल को जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त डीजल और इसकी ढुलाई करने वाले ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) की कुल कीमत 36.40 लाख रुपये है। आरोपियों में गणेश, विनायक, गजानन और मुकेश है।

# संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

### समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना–यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

# चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

पीठ ने कहा कि सूचीबद्ध इसी तरह की अन्य याचिका पर भी 22 जुलाई को सुनवाई होगी। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों, कंपनियों और जांच एजेंसियों में लेन-देन का आरोप लगाया गया है। याचिका में उन कंपनियों के वित्तपोषण के स्रोत की जांच का अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में तालमेल अधिक जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए, व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

# आतिशी ने दिल्ली के लिए केंद्र से मांगे 10,000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्री ने दावा किया पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला

वित्त मंत्री आतिशी ने विकास के लिए शुक्रवार को केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये की मांग की और दावा किया कि आयकर के रूप में पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली ने केंद्रीय करों में सीजीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बजट से पहले आतिशी ने दिल्ली के लिए अधिक राशि जारी करने की वकालत करते हुए कहा कि सड़क, परिवहन और बिजली क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण पर यह राशि खर्च किया जा सकता है। आतिशी ने कहा कि 2001 से केंद्र सरकार ने दिल्ली को केवल 325 करोड़ रुपये दिए हैं। पिछले साल लोगों ने कर के रूप में दिल्ली को 35,000 करोड़ दिए, जिसे मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण व रखरखाव पर खर्च किया गया। दिल्ली के लोगों ने केंद्र को कुल 2.32 लाख करोड़ कर दिया, उसमें से दिल्ली पर कुछ खर्च नहीं किया।

# डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई। मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

# बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। अनुच्छेद 32 याचिका कैसे दायर की जा सकती है? हम किसी अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ गौर नहीं कर सकते। दोषियों राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

# कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर 18 जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

निठारी हत्याकांड

# स्कूल टीसी में शुल्क बकाया का उल्लेख करने पर हाईकोर्ट नाराज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) स्कूलों के लिए लंबित शुल्क वसूलने का जरिया नहीं हो सकता है। यह छात्र के नाम से जारी निजी दस्तावेज है। इसमें बकाया शुल्क के संबंध में कोई प्रविष्टि नहीं की जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि वह स्कूलों को निर्देश जारी करें, ताकि बच्चे से टीसी दिखाने पर जोर नहीं दिया जाए। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी. कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों के संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा कि शुल्क न देने या देरी से देने पर बच्चों को परेशान करना क्रूरता है।

# चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।



- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह ध्यान में रखते हुए कि उपाय के प्रतिपूरक पहलू को दंडात्मक पहलू पर प्राथमिकता दी जाएगी, अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत अपराधों के शमन को प्रोत्साहित करना चाहिए, यदि पक्ष ऐसा करने के इच्छुक हैं। परक्राम्य लिखत अधिनियम सभी परक्राम्य लिखतों जैसे वचन पत्र, विनिमय पत्रों और चेक संबंधी मामलों के निपटान से संबंधित है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि यह याद रखना होगा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है। आदेश में कहा कि परिस्थितियों की समग्रता और पक्षों के बीच समझौते पर विचार करते हुए, हम इस अपील को स्वीकार करते हैं तथा एक अप्रैल 2019 के लागू आदेश के साथ-साथ निचली अदालत के 16 अक्टूबर 2012 के आदेश को रद करके अपीलकर्ताओं को बरी करते हैं।

# हुड्डा से जुड़े मामले में एम3एम का 300 करोड़ का भूखंड कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े हैं तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।

# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

### 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

## सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

## दोहरे अंक में पदक लाने का जिम्मा निशानेबाजों पर : सुमरिवाला

नई दिल्ली, एजेंसी

- एएफआई के अध्यक्ष आदिल बोले- भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दोहरे अंक में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए निशानेबाजों को अच्छा करना होगा।

सुमरिवाला ने कहा कि उन्हें निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर ऐसा हुआ तो भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण सहित सात पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे निशानेबाजों से इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर वे ऐसा करने में सफल रहे तो हम आसानी से दो अंक (10 या उससे अधिक) में पदक जीतेंगे। मैं कोई निश्चित संख्या नहीं बता सकता हूं लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन के विश्लेषण पर हमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ियों ने ओलंपिक कोटा हासिल किया है।

तोक्यो ओलंपिक में भी भारत के 15 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था लेकिन कोई भी पदक नहीं जीत पाया था। सुमरिवाला से पूछा गया कि एथलेटिक्स में भारत के इक्का-दुक्का खिलाड़ियों को छोड़कर किसी का भी आंकड़ा विश्व के बड़े एथलीटों के करीब नहीं है ऐसे में उनसे पदक की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## खेल डायरी

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

चेन्नई। भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12, 11-5, 11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1, 11-1, 11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

ज्यूरिख। फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बस्ताड (स्वीडन)। रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

**पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला**

PARIS 2024 ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।


भारतीय फुटबॉल टीम

### 1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।


भारतीय हॉकी टीम


मिल्खा सिंह

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।


पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रही।


लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।


जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो


दीपा करमाकर

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी ह्रादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।

### 2020 तोक्यो


महिला हॉकी टीम

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।

## बॉलीवुड हलचल



### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# शैफाली-स्मृति की बल्लेबाजी से थर्राया पाकिस्तान

**महिला एशिया कप**

- पहले मुकाबले में सात विकेट से जीती भारतीय महिला टीम
- शैफाली ने 40 और मंधाना ने खेली 45 रनों की शानदार पारी

दांबुला, एजेंसी

शैफाली वर्मा (40) और स्मृति मांधना (45) के बीच 85 रन की फटाफट पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से आसानी से धो दिया।

टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 108 पर आउट हो गयी। जवाब में भारत ने विजय लक्ष्य को 35 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा (20 रन पर तीन विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (14 रन पर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (31 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांध कर रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, नतीजन पाकिस्तान की टीम को अपने स्कोर को तीन अंको तक ले जाने में भी पसीना बहाना पड़ा।


पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

दूसरी ओर विस्फोटक शैफाली वर्मा ने क्रीज पर पांव जमाते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दूसरे छोर पर उन्हे स्मृति का भरपूर साथ मिला। दोनो बल्लेबाजों ने करीब नौ रन के औसत से रन बटोरे। उनका अंदाज देख कर लग रहा था कि भारत विजय लक्ष्य को 11वें ओवर में ही हासिल कर लेगा लेकिन इस बीच सैयादा अरुब शाह ((9 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में एक के बाद एक कर सलामी बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन भारत की जीत उस समय तक पक्की हो चुकी थी।

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

दांबुला। सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा ने 19 देकर तीन विकेट लिए। एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

